CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

लखनऊ, रविवार 5 अक्टूबर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 335 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद पेज 2



जडेजा-सिराज का कहर, भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया खेल टाइम्स



पीओके में झुकी पाक सरकार, प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी पेज 11



रश्मिका मंदाना और विजय की सगाई का दावा बॉलीवुड

## उत्तर प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की औपचारिक घोषणा कर दी है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी ने सार्वजनिक सभा में इसका ऐलान किया था। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सात अक्टूबर को प्रदेश भर में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। योगी आदित्यनाथ ने एक हफ्ते पहले श्रावस्ती जिले से वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी। इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है।

## भारतीय जांच एजेंसियां टॉर्चर करेंगी: नीरव मोदी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया, तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टार्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवम्बर को हो सकती है। हालांकि, मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। अगर यूके की अदालत पूछेगी, तो हम फिर से भरोसा दे सकते हैं कि भारत लाने पर उससे कोई पूछताछ नहीं होगी। हम पहले भी ऐसा भरोसा दे चुके हैं।

## जुबीन को मैनेजर व ऑर्गनाइजर ने जहर दिया: दोस्त

**नई दिल्ली।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया है कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी। शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था। उसने पुलिस को बताया कि मैनेजर शर्मा पैन पैसिफिक होटल में उसके साथ रह रहा था और जुबीन की मौत से पहले उसका व्यवहार अजीबोगरीब था। शेखर ने बताया मैनेजर शर्मा ने समुद्र के बीचोंबीच याट (नाव) के चालक को हटाकर उसका कंट्रोल अपने हाथों में लिया। जुबीन समुद्र में जाने के बाद हांफ रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद शर्मा कह रहा था।

## वर्चुअल सुनवाई में अंडरगार्मेंट्स पहनने वाला शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कोर्ट की वर्चुअल सुनवाई में शर्मनाक हरकत करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस में सिर्फ अंडरगार्मेंट्स पहनकर शामिल हुआ और शराब-सिगरेट पीता रहा। कोर्ट की ओर से कई बार बाहर जाने की चेतावनी देने के बावजूद वह नहीं निकला और सुनवाई में बाधा डालता रहा।

### विज्ञान भवन में आईटीआई के टॉपर्स सम्मानित

# आज का भारत कौशल को देता है प्राथमिकता: मोदी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ पीएम ने 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का किया अनावरण**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के टॉपर्स को सम्मानित किया।

पीएम ने कौशल दीक्षांत समारोह 2025 के दौरान 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पहले हमारी सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए व्यापक स्तर पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने की नई परंपरा शुरू की थी। आज इसी परंपरा की एक और कड़ी के साक्षी हम सभी बन रहे हैं। मैं भारत के कोने-कोने से हमारे साथ जुड़ने वाले सभी युवा आईटीआई छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि आज का भारत कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है। पीएम मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के हजारों युवा हमसे जुड़े हैं। इस पीढ़ी को शायद अंदाजा नहीं होगा कि ढाई दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था कितनी जर्जर थी। न ईमानदारी से स्कूल खुलते थे, न ही भर्तियां होती थीं। कौन सा माता-पिता नहीं चाहेगा कि उसका बच्चा यहां पढ़े और आगे बढ़े? लेकिन मजबूरी में लाखों बच्चे बिहार छोड़कर वाराणसी, दिल्ली और मुंबई जाने को मजबूर हुए। यहीं से पलायन की असली शुरुआत हुई। सौभाग्य से बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सरकार की जिम्मेदारी सौंपी और हम सब गवाह हैं कि कैसे पूरी एनडीए टीम ने मिलकर बिगड़ी हुई व्यवस्था को पटरी पर लाया... मुझे खुशी है कि आज के कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को एक नया कौशल विश्वविद्यालय मिला है।

# मप्र के बाद कफ सिरप को लेकर देशभर में छापेमारी

## कोल्ड्रिफ सिरप बैन, मध्य प्रदेश में 10 व राजस्थान में दो बच्चों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ सभी बच्चों की उम्र एक से 5 साल के बीच**

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश और केरल ने भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप को बैन कर दिया। इस सिरप से मध्य प्रदेश में 27 दिन में 10 बच्चों की मौत हो गई। इन सभी की उम्र एक से 5 साल के बीच है।

उधर, राजस्थान में डेक्सट्रोमेथोरपन हाइड्रोब्रोमाइड कफ सिरप और उसे बनाने वाली कंपनी केसंस फार्मा को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कंपनी का प्लांट जयपुर में है। इस सिरप से राजस्थान में 2 बच्चों की जान गई। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। राज्य में इस दवा के थोक और रिटेल स्टॉक को सीज कर दिया गया है। एमपी के छिंदवाड़ा में कप सिरप पीने से 10 बच्चों की मौत हुई है। पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितम्बर -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत में पहले भी कफ सिरप हुए हैं बैन

**नई दिल्ली।** यह पहली बार नहीं है जब भारतीय कंपनियों के बनाए कफ सिरप पर सवाल उठे हों। साल 2022 में भी पश्चिमी अफ्रीकी देश गांबिया में हरियाणा की मेडेन फॉर्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा निर्मित कफ सिरप पीने से 66 बच्चों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत के बने कई कफ सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया था। डब्ल्यूएचओ ने चार कफ सिरप प्रोमेथाजिन ओरल सॉल्यूशन, कोफेक्समालिन बेबी कफ सिरप, बेबी कफ सिरप, मैग्रीप एन. कोल्ड सिरप को खतरनाक बताया था। ये सभी सिरप भारत के हरियाणा के सोनीपत स्थित मेडेन फार्मास्यूटिकल्स द्वारा बनाए गए थे। डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया था कि इन सिरप में हानिकारक तत्व पाए गए हैं, जो बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं से साफ है कि भारत को दवा निर्माण और उनकी गुणवत्ता पर और भी सख्ती से नजर रखने की जरूरत है।

## केजरीवाल का शीशमहल गेस्ट हाउस में तब्दील होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राज्य के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के उस बंगले (सीएम हाउस) को स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी में है। इसके रेनोवेशन के लिए केजरीवाल पर 45 करोड़ खर्च करने का आरोप लगाया गया था। ये बंगला 6, फ्लैग रोड पर मौजूद है। अधिकारियों के मुताबिक, बंगले के गेस्ट हाउस में तब्दील होने के बाद इसमें पार्किंग स्पेस, कैफेटेरिया, वेटिंग हॉल, मीटिंग रूम समेत अन्य सुविधाएं होगीं। अन्य गेस्ट हाउस की तरह ही अधिकारी-मंत्री भी यहां ठहर सकेंगे और किराया भी भरेंगे। इसके अलावा अन्य स्टेट हाउस की तरह यहां ट्रेडिशनल फूड मिलेगा, इसका लुत्फ आम जनता भी ले सकेगी। फिलहाल इस प्रोजेक्ट को अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। बंगले की देखरेख के लिए 10 कर्मचारी तैनात हैं, जो साफ-सफाई और दूसरी व्यवस्थाएं संभालते हैं। अरविंद केजरीवाल साल 2015 से 2024 तक इस बंगले में परिवार समेत रहे थे। इसके रेनोवेशन पर हुए खर्च पर भाजपा ने सवाल खड़ा किया था।

# सम्भल में मुस्लिम पक्ष को लगा झटका



**■ सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट का रोक लगाने से इन्कार**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद व मैरिज हॉल के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में त्वरित सुनवाई की मांग के साथ याचिका दाखिल की थी, जो शनिवार को खारिज कर दी गई। आरोप है कि यह मस्जिद सरकारी तालाब की जमीन पर बनी थी।

इस मामले में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। यह फैसला न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने दिया है। दरअसल यह याचिका सरकारी जमीन से बेदखली की कार्रवाई के खिलाफ उपलब्ध वैकल्पिक विधिक उपचार के कारण खारिज की गई है। बहस के बाद याची मुस्लिम पक्षकारों ने याचिका वापस ले ली। हाईकोर्ट ने कहा कि याची तहसीलदार की ओर से जारी बेदखली आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने के लिए स्वतंत्र है। कोर्ट ने अपीलीय प्राधिकारी को मुस्लिम पक्षकारों की अपील पर हाईकोर्ट के इस आदेश से प्रभावित हुए बिना गुणदोष के आधार पर फैसला लेने का निर्देश दिया है। सम्भल में तालाब की जमीन पर बने मैरिज हॉल और मस्जिद के ध्वस्तीकरण के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में मस्जिद कमेटी ने तत्काल सुनवाई की मांग के साथ याचिका दाखिल की थी। मामले में शुक्रवार की दोपहर सुनवाई तो हुई लेकिन कोर्ट ने कोई अंतरिम राहत नहीं दी है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## महाराष्ट्र में साइक्लोन शक्ति का अलर्ट, 65 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

**■ समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका**

**मुंबई।** गुजरात के कच्छ में खाड़ी और उसके आसपास अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र अब चक्रवाती तूफान बन गया है। श्रीलंका ने इसे साइक्लोन शक्ति नाम दिया है।

महाराष्ट्र में 7 अक्टूबर तक साइक्लोन शक्ति को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसका असर मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में दिखेगा। यहां 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। हवा की रफ्तार 65 किमी और इससे ज्यादा भी हो सकती है। 5 अक्टूबर तक महाराष्ट्र के तटों पर समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि शक्ति अरब सागर में मानसून के बाद का पहला चक्रवाती तूफान है। यह साइक्लोन 6 अक्टूबर की सुबह पूर्व- उत्तर- पूर्व दिशा की ओर वापस मुड़ जाएगा।

## पत्नी की बेवफाई के चलते युवक चार बच्चों को लेकर यमुना में कूदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**■ युवक ने घटना से पहले वीडियो बनाकर बहन को भेजा**

**कैराना।** कैराना में एक हृदय विदारक मामला सामने आया है। कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी एक युवक के आत्महत्या के इरादे से अपने चार मासूम बच्चों के साथ यमुना नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है।

युवक ने घटना से पहले तीन अलग-अलग वीडियो बनाकर अपनी विवाहित बहन को भेजे हैं। वीडियो देखने के बाद ही परिजनों को घटना की जानकारी हुई। वहीं, प्राइवेट व पीएसी के गोताखोर युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए हैं। शनिवार सुबह यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों का कहना था कि कैराना कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी युवक सलमान ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व नायब तहसीलदार सतीश यादव यमुना नदी पर पहुंचे तथा युवक व उसके बच्चों की तलाश में सर्च अभियान शुरू कराया। बाद में एएसपी संतोष कुमार सिंह ने -शेष पृष्ठ दो पर

# भारत छह नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ एक मिनट में 3000 राउंड फायर करेगा सिस्टम, 4 किमी रेंज, पाकिस्तान बॉर्डर पर किया जाएगा तैनात**

**■ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जरूरत हुई थी महसूस**



**नई दिल्ली।** भारत, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए आर्मी ने 6 नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए सरकारी कंपनी एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) को टेंडर जारी किया है।

सेना के अधिकारियों के मुताबिक, इन गन सिस्टम की जरूरत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महसूस हुई, जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आबादी वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। अब इनकी तैनाती से इन इलाकों में हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी। ये गन सिस्टम 'मिशन सुदर्शन चक्र' का हिस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य 2035 तक एक स्वदेशी, मल्टी-लेयर सुरक्षा कवच तैयार करना है, जिसमें निगरानी, साइबर सुरक्षा और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल होंगे। एके-630 सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। एके-630 एक 30 मिमी मल्टी-बैरल मोबाइल गन सिस्टम है, जो प्रति -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत रूस से और एस-400 डिफेंस सिस्टम खरीदेगा!

**नई दिल्ली।** भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है। ऐसे पांच सिस्टम की डील पहले ही हुई थी, जिनमें से 3 भारत को मिल चुके हैं। नई डील इनके अलावा होगी। एक न्यूज एजेंसी के सोर्स के मुताबिक, दिसम्बर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के समय डील पर बातचीत हो सकती है। यह वही डिफेंस सिस्टम है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को हवा में ही मारकर नाकाम किया था।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा पांच अक्टूबर से स्थगित रहेगी

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की चेतावनी के मद्देनजर रविवार से स्थगित रहेगी। श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भारतीय मौसम विभाग की खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा 5 से 7 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी और 8 अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक चैनलों के माध्यम से नई जानकारी पा सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जो श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया था।

### सौमित्र ने इंडियन ऑयल में निदेशक का पद संभाला

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल में हाल ही में निदेशक (विपणन) नियुक्त किए गए सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले श्रीवास्तव ने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एक्जीक्यूटिव एमबीए किया है। अपने करियर के दौरान उन्होंने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सेल्स फंक्शन के विभिन्न प्रमुख पदों पर पहुंचने से पहले उन्होंने एलपीजी व्यवसाय में भी चार साल तक काम किया है। श्रीवास्तव की नेतृत्व शैली सहयोगात्मक और परिणाम-उन्मुख है।

# फर्रुखाबाद के कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट, दो की मौत, पांच छात्र गंभीर

**फर्रुखाबाद, वार्ता**

यूपी के फर्रुखाबाद के एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को विस्फोट हो गया। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि 5 छात्र घायल हुए हैं। यहां लाइब्रेरी भी चलती थी। घायलों को तत्काल फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विस्फोट इतना भयानक था कि 1 किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। शवों के चीथड़े उड़ गए। चारों तरफ खून ही खून फैल गया। कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े काफी दूर जाकर गिरे। ब्लॉस्ट में कोचिंग सेंटर के दरवाजे और बेंच टूट गए। बाहर की स्लैब और

**■ शवों के चीथड़े उड़े बाइकें 50 मीटर दूर गिरीं**

पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं। बाहर लगी लोहे की जाली 150 मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी। कोचिंग सेंटर में छात्रों की खड़ी बाइक, स्कूटी और साइकिलें करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों का हाल जानने के लिए डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी और एसपी आरती सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और बम स्क्वॉयड मौके पर पहुंच गया है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें धमाका होता दिख रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल लाए गए 7 घायलों में से 2 युवक को मृत घोषित कर दिया गया। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। सीएमओ के अनुसार एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इसके अलावा दो बच्चों को भी बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# बड़े भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य हो

## 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों के लिए सीएम योगी ने जारी किए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भूजल के स्तर को बनाए रखने के लिए वर्षा जल का संचयन की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम अनिवाए किया जाना चाहिए।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में योगी ने कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिता का विषय बन चुका है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं। यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल



प्रबन्धन है, जो बड़े बांधों की तुलना में यह काफी किफायती है। उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न भागों स्थानीय/बरसाती नदी/ नालों में विभाग द्वारा अद्यतन 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्एक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता सृजित हुई है और हर साल 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल लेने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसी तरह प्रदेश के 1 से 5 हेक्टेयर के 16,610 तालाबों में से 1,343 का पुनर्विकास और जीर्णोद्धार किया गया है, वहीं वर्ष 2017-2025 तक 6192 ब्लास्टकूप के माध्यम से 18576 हेक्टेयर सिचन क्षमता सृजित हुई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात से पहले यानी 1 अप्रैल से 15 जून तक कुम्हारों को तालाब से मुफ्त मिट्टी निकालने की छूट दी जाए, ताकि तालाब रिचार्ज के लिए तैयार हो सकें।

## मौलाना के करीबी नफीस के बारात घर पर चला बुलडोजर

# बरेली में रजा पैलेस को तहस-नहस किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली हिंसा मामले में पुलिस-प्रशासन की मौलाना तौकीर रजा के गुर्गों और रिश्तेदारों पर कार्रवाई हो रही है। इसी के तहत शनिवार को मौलाना के गुर्गे नफीस के 'रजा पैलेस' नाम के बारात घर पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। इससे पहले बीते मंगलवार को बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) ने सपा पार्षद व तौकीर रजा के रिश्तेदार उमान रजा के गैराज को ध्वस्त कर दिया था। साथ ही उसकी दो नवनिर्मित दुकानें भी सील कर दी थीं।

शहर के जखीरा मोहल्ले में स्थित रजा पैलेस डा. नफीस का है। नफीस को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोप है कि यह मौलाना का सबसे



**■ पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी**

करीबी है और हिंसा का मुख्य आरोपी है। इसी ने लोगों को भड़ाकाया था, जिसके बाद काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे।

जब पुलिस 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर हटाने गई थी, तब नफीस ने एक इंस्पेक्टर से कहा था कि पुलिस के हाथ काट लूंगा, पोस्टर को हाथ भी मत लगाना। नफीस के साथ-साथ पुलिस ने उसके बेटे को भी जेल भेजा है। एक्शन को लेकर बरेली की डिप्टी एसपी सोनाली मिश्रा ने बताया कि यह अभियान बरेली जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है और हम सुरक्षा प्रदान करने के लिए यहां मौजूद हैं। पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। अभी तक पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मौलाना तौकीर रजा फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में बंद है। एसपी अनुराग आर्य ने पत्रकारों को बताया था कि हिंसा वाले दिन मस्जिदों में नमाज का वक्त जानबूझकर बदला गया था।

### बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बरेली के लिए निकलने से पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं को नजरबंद कर लिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि वो बरेली जा रहे थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश पर उन्हें रोक दिया गया है। उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की दलील है कि सपा नेताओं के जाने से माहौल खराब होगा, लेकिन सच्चाई ये है कि प्रशासन अपनी कमियों को छिपाने की कोशिश कर रहा है।

### अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास कर रहा प्रशासन: माता प्रसाद पांडेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को शनिवार को बरेली जाने से पहले ही लखनऊ में पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। इस बीच पांडेय ने प्रशासन पर अपनी नाकामी छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर आगे की रणनीति तय करेंगे। पांडेय ने कहा कि मैं आज बरेली के लिए निकल रहा था उसी समय पुलिस ने मुझे रोककर हाउस अरेस्ट कर लिया। मुझे बताया गया कि बरेली में निषेधाज्ञा लागू है। आपके वहां जाने से माहौल बिगड़ सकता है।

# बरेली में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं विपक्षी नेता: राठौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ यूपी के राज्यमंत्री राठौर ने लगाया आरोप**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के नेता बरेली में माहौल खराब करने की साजिश कर रहे है, मगर सरकार किसी को भी अमन चैन बिगाड़ने की अनुमति नहीं देगी। राठौर ने कहा कि बरेली में अब पूरी तरह अमन और चैन है।

पुलिस ने समय से कार्रवाई कर उपद्रव फैलाने की हर साजिश को विफल कर दिया, जो भी विपक्षी सांसद या नेता बरेली जाने की बात कर रहे हैं, वे सिर्फ माहौल खराब करने की साजिश के तहत ऐसा कर रहे हैं। सरकार किसी को भी बरेली का अमन चैन बिगाड़ने की इजाजत नहीं देगी। सपा के सांसद और नेता अब बरेली जाकर उन्हीं उपद्रवियों के लिए आंसू बहाने की तैयारी में हैं, जिन्होंने पुलिस और निर्दोष लोगों की जान लेने की कोशिश की। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि वे किसके लिए बरेली जा रहे हैं, उन लोगों के लिए जिन्होंने कानून तोड़ा, पत्थर फेंके और पुलिस पर हमला किया। किसी निर्दोष को नुकसान नहीं हुआ, केवल कानून तोड़ने वालों को जेल भेजा गया है। राठौर ने कहा कि विपक्षी दलों को लगा था कि बरेली आग में झुलसेगा और उन्हें राजनीतिक फायदा मिलेगा, लेकिन प्रशासन की सख्त कार्रवाई ने उनकी मंशा पर पानी फेर दिया। जो लोग दूसरों की लाशों पर राजनीतिक रोटियां संकते हैं, अब जनता उन्हें अच्छी तरह पहचान चुकी है। जो पहले संविधान की दुहाई देते थे, वही आज संविधान तोड़ने और हिसा फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति साफ है, कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और शांति भंग करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 116000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 137467
प्रति किलो



# पीएम मित्र पार्क में अब तक मिले पांच हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ और हरदोई जिले में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क में निवेश को लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब तक पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार हैंडलूम एवं टेक्सटाइल विभाग की ओर से अब तक 95 औद्योगिक इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किए जा चुके हैं। इनमें देश-विदेश की कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जो उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल उद्योग का नया केंद्र बनाने की दिशा में काम करेंगी।

आदित्य बिरला ग्रुप ने 30 एकड़ भूमि में स्पिनिग और वीविग यूनिट स्थापित करने की इच्छा जताई है। वहीं जीईएसएल स्पिनर्स 20 एकड़ में



टेक्निकल टेक्सटाइल यार्न यूनिट लगाने की योजना बना रहा है। इसके अलावा अजूल डेनिमकार्ट 15 एकड़ में डेनिम फैब्रिक यूनिट, एसएवीएम इंक डी 25 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, जियोसिस इंडिया 25 एकड़ में जियोग्रिड टेक्निकल टेक्सटाइल्स और टीटी लिमिटेड 5 एकड़ में गारमेंट यूनिट लगाने जा रही हैं। इतना ही नहीं, आरजीआई मेडिटेक 2.5 एकड़ में सैनिटरी नैपकिन्स और डायपर्स यूनिट, वीडी ग्रुप 10 एकड़ में पॉलीप्रोपिलीन फैब्रिक यूनिट, माराल ओवरसीज 5 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग और ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर 125 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिग हब स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना कुल 1000 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है, जिसमें 730 एकड़ लखनऊ जनपद और 270 एकड़ हरदोई जनपद में शामिल हैं। पार्क के निर्माण के बाद 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। पार्क के संचालन एवं प्रबंधन के लिए 'पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लिमिटेड' नाम से एक एसपीवी का गठन किया गया है। इसमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की और 49 प्रतिशत भारत सरकार की होगी।

# आसमान छूती कीमतों से घटी सोने की मांग

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस दशहरे पर सोने की मांग में भारी गिरावट देखी गई और पिछले साल इसी त्योहार के दौरान 24 टन की तुलना में बिक्री 25 प्रतिशत घटकर 18 टन रह गई। यानी कहा जा सकता है कि इस दशहरा पर लोगों का मोह सोने से भंग हो गया। मांग में आई गिरावट की मुख्य वजह सोने की आसमान छूती कीमतें भी रहीं। इतना ही नहीं दिवाली के मौके पर इसकी कीमतों में और भी इजाफा हो सकता है। मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि यह तेजी अभी खत्म नहीं हुई है और दिवाली से पहले ही सोने की कीमत 1.22 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। अगर दामों के हिसाब से देखा जाए तो गोल्ड की बिक्री में लगभग 30-35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह कीमतों में हुए इजाफे को दर्शाती है। गुरुवार को मनाए गए दशहरे पर सोने की कीमत 1.16 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। विश्लेषकों का अनुमान है कि दिवाली तक सोना 1,22,000 और चांदी 1,50,000 तक पहुंच जाएगी। केंद्रीय बैंक की नरम नीतियों, भू-राजनीतिक चिंताओं और बढ़ती मांग से इस तेजी को बल मिल रहा है।

# चावल-चीनी नरम, खाद्य तेल-दालों के दाम भी घटे, गेहूं में रहा टिकाव

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों के दाम फिसल गए। चीनी में भी नरमी रही।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 30 रुपए घटकर 3,811.35 रुपए प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं के भाव 2,865.60 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहे। आटे की कीमत सात रुपए बढ़ी और यह 3,318.28 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में नरमी रही। सरसों तेल की औसत कीमत 16 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपए और मूंगफली तेल 343 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया



तेल की कीमत 20 रुपए और वनस्पति के दाम 49 रुपए प्रति क्विंटल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 39 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत 41 रुपए और उड़द दाल की 29 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 122 रुपए और मसूर दाल 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़. चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 18 रुपए प्रति क्विंटल घटा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7875.40 रुपए, मसूर काली 8131.11 रुपए, मूंग दाल 10069.16 रुपए, उड़द दाल 10371.83 रुपए, अरहर दाल 10419.85 रुपए प्रति क्विंटल।

अनाज : गेहूं दड़ा 2865.60 रुपए और चावल 3811.35 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4306.93 रुपए और गुड़ 4993.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17873.98 रुपए, मूंगफली तेल 17513.74 रुपए, सूरजमुखी तेल 15487.58 रुपए, सोया रिफाइंड 13746.94 रुपए, पाम ऑयल 12467.83 रुपए और वनस्पति 14453.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मप्र के....** को हुई थी। इसके बाद 15 दिन में किडनी फेल होने से एक-एक कर 6 बच्चों की मौत हो गई। एमपी स्टेट फूड एंड ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य ने शनिवार को बताया कि कोल्ड्रिफ सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया, इसकी मात्रा तय मात्रा से ज्यादा थी। इसी कारण यह सिरप विषैला पाया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबरों के बाद छह राज्यों में कफ सिरप और एंटीबायोटिक दवाएं बनाने वाली 19 कंपनियों के प्लांट में 3 अक्टूबर से निरीक्षण शुरू किया है। इसका उद्देश्य उन खामियों की पहचान करना है जिनके कारण दवा की क्वालिटी में कमी आई है। राजस्थान में कप सिरप पीने से भरतपुर और सीकर में एक-एक मौतें सामने आई हैं। शुरुआती जांच में डीट्रोमेथार्फन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप आईपी का नाम सामने आया। यह दवाई एक निजी फार्मा कंपनी केसंस फार्मा तैयार करती है। यहां भी बच्चों की मौत की वजह किडनी फेल होने की बात बताई गई। इसके बाद शनिवार को सरकार एक्शन में आई। राजस्थान सरकार ने केसंस फार्मा की सभी 19 प्रकार की दवाइयों पर रोक लगा दी है। राज्य के ड्रग कंट्रोलर राजाराम शर्मा को निलंबित कर दिया। इससे पहले, शर्मा ने कंपनी को जांच में क्लीन चिट दी थी। एमपी के ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्या ने बताया था कि स्वास्थ्य विभाग ने दोनों कफ सिरप का प्रोडक्शन रुकवाने के लिए तमिलनाडु और हिमाचल को पत्र लिखा है। तमिलनाडु सरकार ने मप्र की ओर से पत्र मिलते ही 24 घंटे के भीतर कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) का सैंपल लेकर जांच कराई। इसमें डाइएथिलीन ग्लाइकॉल(डीईजी) 48.6 फीसदी मिला, जो एक विषैला पदार्थ है। इसके तुरंत बाद पूरे तमिलनाडु में इसके उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को हेल्थ एडवाइजरी जारी करके कहा कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दी जाएं। सरकार ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत की खबरों के बाद एडवाइजरी जारी की है। इससे बड़े बच्चों को यदि कफ सिरप दिया जाए, तो उनका इस्तेमाल सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। यानी जिस बच्चे को दवा दी जा रही है, उसे कड़ी निगरानी में रखा जाए। उसे उचित खुराक दी जाए। कम से कम समय के लिए दवा दी जाए। कई दवाओं के साथ कफ सिरप नहीं दिया जाए। डीजीएचएस की डा. सुनीता शर्मा ने यह एडवाइजरी जारी की है।

**पत्नी की बेवफाई...** भी यमुना नदी पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की। शाम तक प्राइवेट व पीएसी के करीब दर्जनभर गोताखोर दो मोटरबोट से युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए थे, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं, एएसपी ने बताया कि कैराना निवासी सलमान नामक युवक के अपने चार बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदने की सूचना पुलिस-प्रशासन को मिली है। हालांकि युवक के बच्चों समेत नदी के कूदने की अभी तक कोई पुष्टि नही हो सकी है। युवक की तलाश में यमुना नदी ने सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

**भारत छह...**

मिनट करीब 3,000 राउंड फायर कर सकता है और इसकी मारक क्षमता 4 किलोमीटर तक है। इसे एक ट्रेलर पर लगाया जाएगा,जिसे हाई-मोबिलिटी वाहन से खींचा जाएगा। यह सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। इसमें ऑल-वेदर इलेक्ट्रो- ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम भी होगा, जो किसी भी मौसम में लक्ष्य की पहचान कर सकता है। भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) के बनाए स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडी) का पहला टेस्ट कामयाब रहा था। यह टेस्ट 24 अगस्त को ओडिशा के तट पर किया गया था। आईएडी एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है। ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल, एडवांस्ड वैरी शार्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल हैं। पंजाब के आदमपुर एयरबेस से 13 मई को पीएम मोदी ने जिस एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ की थी, वह भारत का आकाशतीर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसकी मदद से ही पाकिस्तान की ओर से आ रहे सैकड़ों ड्रोन, मिसाइल और राकेट को हवा में ही मार गिराया गया था। इसे भारत का आयरन डोम कहा गया है।

# चुनाव आयोग भाजपा की बी-टीम: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को बेवजह की कवायद बताते हुए कहा है कि चुनाव आयोग ने यह पूरा खेल भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर किया है और आरोप लगाया है कि इस अभियान का मकसद सिर्फ भाजपा और उसके सहयोगी दलों को चुनावी फायदा पहुंचाना है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) का पूरा खेल ही भाजपा के इशारे पर रचा है। अंतिम एसआईआर में निर्वाचन आयोग के सुधार के दावे भी गलत साबित हो रहे हैं। बिहार के सभी इलाकों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जो इस बात की पुष्टि करती हैं कि पूरी प्रक्रिया का मकसद भाजपा तथा उसके मित्र दलों को राजनीतिक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद अंतिम सूची में भी तमाम गड़बड़ियों के मामले बताते हैं कि चुनाव आयोग को उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की भी कोई परवाह नहीं है। भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रहा चुनाव आयोग पूरी तरह से अनैतिक काम करने पर उतर चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसका जवाब देंगे कि एक घर में 247 मतदाता कैसे पाए गए और एक व्यक्ति का नाम एक ही बूथ पर तीन-तीन जगह क्यों है। अंतिम मतदाता सूची में इतनी बड़ी गड़बड़ियां कैसे सामने आ रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाजपा सरकार कर रही है लोकतंत्र की हत्या

## सपा प्रतिनिधिमंडल को रोकना निंदनीयः अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है,

और संविधान विरोधी तथा अलोकतांत्रिक कार्य कर रही है। उन्होंने बरेली जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा रोके जाने को निंदनीय बताया। उनका कहना है कि भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए तानाशाही कर रही है और अपने इस रवैये से संविधान की मूल भावना पर प्रहार कर रही है। अभी हाल ही में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के नेतृत्व में जा



रहे प्रतिनिधिमंडल को रोका गया था। अखिलेश यादव के निर्देश पर बरेली जा रहे प्रतिनिधिमंडल को जगह-जगह रोकना भाजपा सरकार की नाकामी है। प्रतिनिधिमंडल को बरेली के डीआईजी और कमिश्नर से मिलकर वहां शांति बहाली की



दिशा में प्रयास करना था, लेकिन बरेली के जिलाधिकारी ने निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए नेता विरोधी दल और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को बरेली जाने से रोक दिया। पुलिस ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों सहित सांसदों, पूर्व



सांसदों, विधायकों और अन्य पार्टी पदाधिकारियों को उनके घरों में पाबंद कर दिया। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार के इस व्यवहार को सत्ता का दुरुपयोग और पूर्णतया अलोकतांत्रिक बताया। उन्होंने आगरा में 26 सितंबर 2025 को जुमे की नमाज के बाद हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वहां निर्दोषों की धरपकड़ के साथ कई मकानों और दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया। विपक्ष को वहां के हालात की सही जानकारी लेने और पीड़ित परिवारों से मिलने से रोककर दिखा दिया गया कि भाजपा सरकार अपने काले कारनामों पर पर्दा डालना चाहती है। अखिलेश यादव ने चेतावनी दी कि भाजपा सरकार बरेली की जनता पर अपना दमनचक्र चलाकर कुछ हासिल नहं कर पाएगी। पीडीए की एकजुटता के सामने भाजपा का अन्याय और अत्याचार टिकने वाला नहं है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कुशासन, लूट और भ्रष्टाचार जनता जान चुकी है और सन् 2027 के चुनावों में भाजपा की दमनकारी, अहंकारी सरकार का सूपड़ा साफ करके ही मानेगी।

# महाकुंभ 2025 पर आधारित पुस्तकों के चार खंडों का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शनिवार को महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय, आशियाना, लखनऊ में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी से संबंधित पुस्तकों के चार खंडों का विमोचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया।

अपने उद्बोधन में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शिक्षकों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल कक्षा अध्यापन तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भावना भी विकसित करें।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए स्वदेशी अपनाने के संदेश की सराहना करते हुए विद. ेशी वस्तुओं का परित्याग करने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुमन गुप्ता ने स्वागत वक्तव्य में महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नेट एवं जेआरएफ उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, जो शिक्षा की गुणवत्ता का प्रमाण है।

# सहारा शहर पर मंडरा रहा सोमवार का साया, कर्मचारी भिड़ेंगे नगर निगम से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सहारा प्रमुख सुब्रत राय के निधन के बाद सहारा शहर इन दिनों सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। जहां एक ओर न्यायपालिका निवेशकों की रकम को लेकर गंभीर है, वहं कार्यपालिका नगर निगम और एल डी ए के जरिए संपत्तियों पर कब्जे की कार्रवाई में लगी है।

इस दोहरी मार के बीच सबसे खराब स्थिति उन कर्मचारियों की है, जिनके कई महीनों से वेतन, पीएफ और अन्य बकाया रुके पड़े हैं। सैकड़ों कर्मचारी सहारा शहर परिसर में धरने पर डटे हैं। एक अक्टुभर को नगर निगम का अमला सहारा शहरफर कब्जे के लिए आया था। कर्मचारियों ने जैसे तैसे चार दिन की मोहलत लेकर उन्होंने शहर के सातों दरवाजों को अंदर से ताला लगाकर वेल्डिंग कर दी है और वहं डेरा जमा लिया है। कर्मचारियों का गुस्सा अब इस उम्मीद पर टिक गया है कि सोमवार को जब नगर निगम लखनऊ सहारा शहर पर कब्जे की कार्रवाई करने आएगा तो उनका विरोध आंदोलन सरकार को सुनने पर मजबूर कर देगा। कई कर्मचारियों का मानना था कि मुख्यमंत्री से सीधे भेंट कर अपनी बात रखी जाए, मगर इस दिशा में कोई पहल न हो पाने से वे निराश हैं। इसी बीच सहारा समूह में कार्यरत अधिकारी वर्ग की स्थिति भी असमंजस भरी है। एक ओर वेतन और भविष्य निधि की अदायगी न होने से वे भी संकट में हैं, दूसरी ओर कर्मचारी उन्हें भी जिम्मेदार ठहराकर नारेबाजी कर रहे हैं। अधिकारी न तो कंपनी प्रबंधन से अपनी बात मनवा पा रहे हैं और न ही कर्मचारियों के साथ तालमेल बिठा पा रहे हैं। इस खंचतान में उनकी रोजी-रोटी और भविष्य दोनों अधर में लटके नजर आ रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि जब मालिकाना हक रखने वाले परिवार. जन सहारा शहर छोड़कर जा चुके हैं, तब सरकार को हस्तक्षेप कर उनके बकाया और रोजगार सुरक्षित करने चाहिए।

# नलकूपों के जीर्णोद्धार व जल संरक्षण पर सीएम का जोर

### किसानों को मिलेगी बेहतर सिंचाई सुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में राजकीय नलकूपों के जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण के लिए ठोस दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नलकूपों से पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जाए और वाटर कंजर्वेशन



की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा का मौसम जल संरक्षण के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है, इससे भूगर्भीय जल स्तर बनाए रखने में मदद मिलेगी और डार्क जोन वाले क्षेत्रों में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बाण सागर और मध्य गंगा जैसी प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा कर उसमें पाई जा रही कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के सशक्त क्रियान्वयन से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पानी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने तराई क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और कहा कि रिजर्व वायर को डिसिल्ट कर पुनर्जीवित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके। साथ ही कटान रोकने के लिए सिल्ट का उपयोग करने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नलकूपों का प्राथमिकता के आधार पर जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण किया जाए। इससे सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, किसानों की लागत घटेगी और उन्हें आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि नलकूपों के आधुनिकीकरण और जीर्णोद्धार कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। नलक. ूपों के आधुनिकीकरण और जल संरक्षण की इन पहलों से आने वाले समय में प्रदेश का कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिलेगी।

# गौरीगंज स्थित आईटीआई दीक्षांत समारोह में गोल्ड-सिल्वर मेडल वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद अमेठी के गौरीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दीक्षांत समारोह 2024-25 का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न आईटीआई संस्थानों में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षाल्थयों को गोल्ड और सिल्वर मेडल के साथ-साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्र प्रकाश मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में



उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षाल्थयों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में श्री मिश्र ने कहा कि आईटीआई विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी शिक्षा प्रणाली है, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने कहा कि कोई भी औद्योगिक संस्थान आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाल्थयों के बिना संभव नहं है, क्योंकि यही तकनीकी विकास की असली रीढ़ हैं।समारोह के दौरान प्रशिक्षार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे तकनीकी शिक्षा ने उन्हें रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया है।इस मौके पर जिले के अन्य आईटीआई संस्थानों के प्रधानाचार्य और अधिकारी भी मौजूद रहे।

### विराट दंगल में पहलवानों ने मचाई धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर अमेठी।** गत वर्षों की भांति दशहरा मेले के दूसरे दिन आयोजित विराट दंगल में दूर दराज से आए पहलवानों ने धूम मचाते हुए अपनी कला का जौहर दिखाया। विकास खंड के अंतर्गत स्थित रामलीला मैदान मे आयोजित विराट दंगल के अध्यक्ष मान तिवारी ने अपनी मेहनत व लगन से गत वर्षो की अपेक्षा इस बार दंगल के कार्यक्रम मे चार चांद लगा दिया जिसकी क्षेत्र मे भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है आयोजित दंगल मे राजस्थान, मध्यप्रदेश, अयोध्या, वाराणसी, मेरठ, कानपुर, दिल्ली आदि दूर दराज के शहरों से आए पहलवानों ने अपनी कला अद्भुत प्रदर्शन किया।

# लखनऊ में सबसे अधिक राजस्व मामले निस्तारित, जनपदीय न्यायालयों में जौनुपर अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में राजस्व विवादों के निस्तारण को लेकर जारी ताज़ा आंकड़ों में राजधानी लखनऊ ने बाजी मारी है।

राजस्व परिषद की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीख़्रत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा सितंबर माह के लिए जारी रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ में सबसे अधिक इक्कीस हज़ार दो सौ छियानवे मामलों का निस्तारण किया गया है। क्षरिपोर्टक्ष के मुताबिक प्रयागराज ग्यारह हज़ार तीन सौ छियानवे मामलों के निस्तारण के साथ दूसरे, शाहजहांपुर नौ हज़ार पचहत्तर मामलों के साथ तीसरे, जौनपुर आठ हज़ार आठ सौ छप्पन मामलों के साथ चौथे और गोरखपुर आठ हज़ार चार सौ अड़तालीस मामलों के साथ पांचवें स्थान पर रहा। जनपदीय न्यायालयों में निस्तारण के आंकड़े भी सामने आए हैं। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने मिलकर सात सौ चार मामलों का निस्तारण किया, जो बोर्ड द्वारा तय ढाई सौ मामलों के मानक से कहं अधिक है।

इसी आधार पर जौनपुर प्रथम स्थान पर आया है। लखीमपुर खीरी और बस्ती क्रमशः चार सौ पंद्रह और चार सौ बारह मामलों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। रिपोर्ट में जिलाधिकारी न्यायालयों की उपलब्धियों का उल्लेख भी है। फतेहपुर के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित तीस मामलों के मानक के मुकाबले उनहत्तर मामलों का निस्तारण कर सर्वाधिक दो सौ त्रेसठ दशमलव तैंतीस प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की है। जौनपुर और कुशीनगर जिला. धिकारी न्यायालय क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। भू-राजस्व से जुड़े मामलों में जौनपुर के अपर जिलाधिकारी ने दो सौ इक्यावन मामलों का निस्तारण कर प्रदेश में पहला स्थान पाया है।

### दिव्यांग बच्चों को वितरित की जरूरत की वस्तुएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जानकीपुरम स्थित नीता बहादुर दृष्टि संस्थान में रविवार की सुबह नाविका नितिन फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों के लिए जरूरत की सामग्री वितरित की। फाउंडेशन के अध्यक्ष नितिन कुमार के आयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों के चेहरे पर खुशियों और मुस्कान का संचार हुआ। संस्थान में रहने वाले बच्चों को गद्दे, कम्बल, चादर, तकिया कवर, सभी साइज के डायपर, छोटे-बड़े खिलौने, चॉकलेट, बिस्किट, फूटी, चिप्स और हॉर्लिक्स जैसी सामग्री वितरित की गई। सामग्री पाते ही बच्चों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई।

# जगह-जगह लगे कचरे के ढेर, संक्रामक बीमारियों का बढ़ रहा खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना अमेठी।** पुलिस पिंक बूथ से 50 मीटर दूरी पर स्थित रायबरेली सड़क किनारे कचरा जमा हैं इस कचरे की बदबू के चलते तिलोई से इन्हौना चौराहे पर आने वाले राहगीरों को नाक बंद कर आना पड़ता है,

इस मामले में इन्हौना के ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार से जब जानकारी लेने का प्रयास किया जाता है तो वे अपना मोबाइल फोन नहं उठाते बताया जाता है सरकार एक ओर स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान चला रही है सभी अधिक. ारियों को स्वच्छता अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए गए हैं फिर भी इन्हौना के ग्राम पंचायत अधिकारी



राजेश कुमार को शायद स्वच्छता अभियान चलाने के लिए कोई अमल नहं कर रहे हैं,

इन्हौना में एक नहं तमाम जगहों पर कूड़ा कर्कट जमा हैं एकटठा जमा हुए कचरे की वजह से ग्रामीण जनता को बीमारियों का भय सता रहा है आए दिन डेंगू मच्छर कूड़ा कर्कट के ढेर में देखें जा रहें हैं इन्हौना सीएचसी में आए दिन बुखार के मरीज ओपीडी में पंजीकरण करा रहे हैं और बुखार से पीड़ित रोगी अपना इलाज कराने को विवश हैं।

# शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाए, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार



पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। आज तहसील तिलोई में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 07 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 का निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 16 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील गौरीगंज में 31 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायत का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

# संपूर्ण समाधान दिवस में विधायक और अधिकारियों ने सुनी शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण करने के लिए शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल महमूदाबाद तहसील में मौजूद रहे। यहां विधायक आशा मौर्य ने तहसील दिवस की अध्यक्षता की। विधायक और अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाए, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। विधायक महमूदाबाद आशा मौर्या, जिला. धिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा ख्र षक अमृतलाल ग्राम रघुवीरपुरवा, केदारलाल ग्राम अल्लीपुर, प्रेम प्रकाश वर्मा ग्राम अल्लीपर, रामनाथ ग्राम कांदीचंदपुर, मो0 नसीम ग्राम मोतीपुर, शाहिद अली ग्राम मोतीपुर तथा शिवबालक ग्राम मोतीपुर को सरसों के निःशुल्क मिनीकिट का वितरण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 6 का निस्तारण मौके पर किया गया।

### बेल्टकांड के आरोपी प्रधानाध्यापक की जमानत पर सुनवाई टली

**सीतापुर।** बीएसए कार्यालय में हुए बहुचल्चत 'बेल्ट कांड' के आरोपी प्रधानाचार्य बृजेन्द्र सिंह वर्मा की न्यायिक और राजनीतिक राहें अस्थिर बनी हुई हैं। उनकी जमानत याचिका 4 अक्टूबर 2025 को जिला जज के समक्ष होने वाली सुनवाई भी टल गई है। जिससे उन्हें अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। फिलहाल अगली तारीख सोमवार 6 अक्ब्टूबर लगी होने की जानकारी न्यायिक सूत्रों द्वारा दी जा रही है। प्रधानाचार्य बृजेन्द्र वर्मा की जमानत सुनवाई की तारीख लगातार दूसरे दिन भी बढ़ गई है। पूर्व में, 3 अक्टूबर को भी सुनवाई नहं हो सकी थी। 4 अक्टूबर को पुनः तारीख बढ़ाए जाने से जमानत पर कोई सुनवाई नहं हो पाई है।

# याचिका समिति की बैठक में हुई चर्चा, कलक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** विधान सभा परिषद की याचिका समिति की बैठक सभापति अशोक अग्रवाल के सभापतित्व में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में समिति के सदस्य अनूप कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जनपद सीता. पुर से संबंधित 23 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। समिति द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त प्रकरणों पर बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए एवं लम्बित प्रकरणों को समय से निस्तारित करते हुए आख्या समिति को उपलब्ध कराई जाए। सभापति अशोक अग्रवाल ने कहा कि समिति द्वारा सन्दर्भित किए गए प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं व्यापक जनहित में होते हैं, अतः इन्हें किसी भी दशा में लम्बित न रखा जाए।

जिन प्रकरणों पर शासन स्तर पर कार्यवाही अपेक्षित है, उन्हें शासन को सन्दर्भित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए । नियमित रूप से अनुश्रवण भी किया जाए, जिससे प्रकरण शीघ्र निस्तारित हो सकें। अनूप कुमार गुप्ता ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि जनपद के सर्वांगीण विकास के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। बैठक के दौरान जिला. धिकारी अभिषेक आनंद ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि समिति द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन शीघ्र ही सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार चन्दन देव पाण्डेय सहित संबंधित अधिक. ारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कोर्ट में हत्यारोपी ने दी वकील को धमकी

## अधिवक्ताओं ने किया न्यायालय में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। मुकदमे की पैरवी कर रहे वकील को हत्यारोपी ने देख लेने की धमकी दी। जिससे कचहरी में हंगामा हो गया। अधिवक्ता ने बार के सचिव व अध्यक्ष से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के मुताबिक 12 सितंबर को शहर के मोहल्ला काजीजादा में मोहल्ला चकली निवासी बावर्ची फहीम की सीने में सूजा घोंपकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले सगे भाई जाकिर, जाहिद, वाहिद व शाहिद के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। दोनों पक्षों के बीच 25 साल से रंजिश चल रही थी। पुलिस के मुताबिक थूकने को लेकर हुए विवाद में जाकिर ने फहीम की हत्या कर दी थी। पुलिस ने अगले दिन हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी जाकिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 14 दिन का रिमांड पूरा होने पर बीती 30 सितंबर को उसे अदालत में पेश किया गया था। शहर के मोहल्ला जामा मस्जिद (मुल्लाना) निवासी अधिवक्ता नासिर फारूक भी अपने एक मुकदमे के सिलसिले में उस समय अदालत में मौजूद थे। उनका आरोप है कि कटघरे में खड़ा हत्यारोपी जाकिर उन्हें बेवजह घूरने लगा। अधिवक्ता नासिर फारूक ने जब उसकी इस हरकत का विरोध किया तो उसने देख लेने की धमकी दी। कहा कि तू फहीम की तरफ से बहुत पैरवी कर रहा है जो अंजाम मैंने उसका किया है जेल से छूटकर आने के बाद वो ही अंजाम तेरा करूंगा। भरी अदालत में खुलेआम दी गई इस धमकी के बाद अधिवक्ताओं में रोष फैल गया। नोंकझोंक शुरू होने पर बिगड़ते हालात भांप पुलिसकर्मी आनन-फानन में पेशी कराने के बाद हत्यारोपी जाकिर को अदालत से ले गए। जिसे लेकर अधिवक्ताओं ने काफी हंगामा भी किया। घटना के पांचवे दिन अधिवक्ता नासिर फारूक ने बार अध्यक्ष व महासचिव को पत्र सौंपते हुए उस दिन के पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। भविष्य में अनहोनी की आशंका जताते हुए घटना का संज्ञान लेने की बात कही है।



अमरोहा। समाधान दिवस में राशन कार्ड बनाने की मांग को ज्ञापन सौंपते सभासद।

## सभासदों ने की राशन कार्ड बनाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सभासदों ने समाधान दिवस में ज्ञापन सौंप नगरीय क्षेत्र में नये राशन कार्ड बनाने की मांग की है। समाधान दिवस अधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में सभासदों ने मांग करते कहा कि नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोग राशन कार्ड से वंचित है। जिस कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। राशन कार्डो के आवेदनों पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही। वार्ड में रहने वाले लोग उनके ऊपर राशन कार्ड बनवाने का लगातार दवाब बना रहे है। परन्तु सभासदों को यह कहकर टाल दिया जाता है कि अभी कोटा खाली नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ लोगों ने बड़े पैमाने पर फर्जी कार्ड बनवा लिये है। इनकी जांच कराकर कार्ड निरस्त कराये जाये। ज्ञापन सौंपने वालो में विकास टंडन, अंकित गुप्ता, रेशमा, मुर्सलीन मंसूरी, शमीमउद्दीन, मौ. यासिर अंसारी आदि शामिल थे।

# आत्महत्या के मामले में नहीं मिली तहरीर

## मृतक पति ने डाक्टर के बेटे पर लगाए थे गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सूबरा में पति विजय पत्नी भूरी द्वारा खुदकुशी किये जाने के बाद से ही ग्रामीण गमगीन है। आसपास के गांव के लोग भी पति-पत्नी ने आत्महत्या क्यों की इसकी तह तक जाना चाहते हैं।

आत्महत्या करने वाले विजय की जेब में दो पेज का सुसाइड नोट मिला था। जिसमें उसमें लिखा था कि मेरा घर डॉक्टर के लड़के ने बिगाड़ा है। घर में और कोई लड़ाई नहीं थी। सुसाइड नोट के मुताबिक विजय ने चाचा व भाई से भी इस बारे में बात की थी। और बताया था कि रुपेश के चक्कर में ही घर में लड़ाई होती है। लेकिन उसकी बात का किसी से विश्वास नहीं किया। इससे तंग आकर उसने आत्महत्या जैसे खतरनाक काम को अंजाम दिया है।

**■ दूसरे दिन भी गांव में छाया रहा सन्नाटा**

विजय का यह भी कहना था कि डॉक्टर का रूपेश बहुत तेज है। वह मुझे मरवाना चाहती थी। पर कोई मानने को तैयार नहीं था। और किसी का कोई कसूर नहीं सिर्फ डॉक्टर के रुपेश के ऊपर ही लड़ाई थी। तीन बार ससुराल भेज दी पर नहीं मानी। और कोई लड़ाई नहीं थी। मैंने पत्नी को समझाया था कि तू मान जा रिश्ता गलत है। जिस दिन आंख से देख लूंगा तो कुछ नहीं कहूंगा। पर तुझे साथ लेकर मर जाऊंगा। 22 दिन में मैंने 13 रोटी खाई 88 मंडल पीये है। एक घंटा भी नहीं सोया। पुलिस अधिकारियों ने भी विजय की जेब में मिले सुसाइड नोट को बड़ी बारीकी के साथ पढ़ा है। विजय के अभी छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं। माता-पिता का साया तीनों बच्चों के सर से उठ चुका है। विजय के परिवार के लोगों को भी सुसाइड नोट के बारे में सब कुछ पता चल चुका है। इस मामले में थानाध्यक्ष आदमपुर कुमरेश त्यागी ने बताया इस मामले में पुलिस को कोई पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। कुल मिलाकर ऐसा प्रतीत होता है कि पति पत्नी की आत्महत्या का मामला लगभग निपट चुका है। उधर दूसरे दिन भी गांव में दम्पति की मौत से सन्नाटा छाया रहा। कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। मासूम बच्चों को देखकर लोगों की आंखों में आपने आप ही आंसू छलक आते हैं। हर कोई उनके भविष्य को लेकर चिन्तित दिखाई दे रहा है।

# बुखार की चपेट में आकर किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हसनपुर**। एक सप्ताह से बुखार की चपेट में आये किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव में पांच दर्जन से अधिक ग्रामीण बुखार की चपेट में आये हुए हैं। तहसील क्षेत्र के गांव नूरपुर खुर्द में इस समय बुखार ग्रामीणों को अपनी चपेट में लिए हुए हैं। कोई घर गांव में ऐसा होगा जिसमें एक न एक ग्रामीण बुखार की तपीश में जल रहा हो। एक सप्ताह पहले किसान मो. हनलाल पुत्र गजराज को बुखार आया था। परिजनों द्वारा उनका स्थानीय चिकित्सकों से उपचार कराया गया था। लेकिन जब उनकी हालत में कुछ सुधार नहीं हुआ तो परिजनों ने उन्हें मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया था। बीती रात उपचार के दौरान मोहनलाल आयु 55 वर्ष की मौत हो गई। 15 दिन से गांव को बुखार ने अपनी चपेट में ले रखा है। 60 से अधिक ग्रामीण बुखार की तपिश को झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने गांव में कैंप लगाकर दवाइयों का वितरण करने की मांग की है।

## एक नजर

### मोनी बनी एक दिन की प्रधानाचार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। जय शिव कन्या इंटर कालेज बुढेरना की कक्षा 12 की छात्रा मोनी सिंह को एक दिन की प्रधानाचार्य बनाया गया। उन्होंने विद्यालय की दैनिक गतिविधियों एवं पठन पाठन पर अपने विचार रखें। नारी शक्ति को सम्मानित एवं प्ररित करने के लिये जय शिव कन्या इंटर कालेज बुढेरना की कक्षा 12 की छात्रा मोनी सिंह को एक दिन के लिये प्रधानाचार्य बनाया गया। इस दौरान मोनी सिंह ने विद्यालय की सभी दैनिक कार्य तथा पठन पाठन के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई का स्तर ऐसा होना चाहिये जिससे विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर मिले। प्रबंधिका चारू शर्मा एवं अरविंद शर्मा, पवन शर्मा, प्रधानाचार्य पूनम चाहल ने मोनी सिंह से सीधा संवाद किया।

### जयंत की सभा को सफल बनाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर**। राष्ट्रीय लोकदल के मंडल अध्यक्ष चौधरी सरजीत सिंह ने गांवों का दौरा कर 12 अक्टूबर को होने वाली केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी की सभा को सफल बनाने की अपील की। शनिवार को मंडल अध्यक्ष चौ. सरजीत सिंह ने मुस्लिम बहुल्य गांव हैबतपुर व सलारपुर खालसा का दौरा किया। उन्होंने लोगों से कहा कि 12 अक्टूबर को रजबपुर के नेहरू स्मारक इंटर कालेज में केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी की सभा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उनके साथ इंतखाब खां, मसूद खां, आसिफ खां, अमान खां, आजम खां, अरहम खां, अफजल खां, बब्लू खां आदि मौजूद रहे।

# मारपीट में दो सगे भाईयों को पांच साल की कैद

## कोर्ट ने साढ़े 12 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। मारपीट के मामले में अदालत ने दो सगे भाइयों समेत पांच लोगों को तीन साल जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर 12 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा कलां की थी। यहां पर किसान समरपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा मधुकर 14 जुलाई 2022 को कस्बे में अपनी दुकान बंद करके घर वापस लौट रहा था। कमलापुरी में पुल पर घात लगा कर बैठे गांव निवासी राजीव, उसके भाई संजीव के अलावा धर्मेंद्र, अभिषेक और भानु प्रताप ने रोक लिया। लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर मधुकर को घायल कर दिया था। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजीव, संदीप, धर्मेंद्र, अभिषेक और थानु प्रताप के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया था। मुकदमे की सुनवाई अदालत में विचाराधीन थी। फिलहाल सभी लोग जमानत पर थे। शनिवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने राजीव, संजीव, धर्मेंद्र, अभिषेक और भानु प्रताप को दोषी करार दिया। पांचों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा 12500 रुपये का जुर्माना लगाया।

# बाला जी के भक्तों ने निकाली कलश यात्रा

## धूमधाम से मना बाला जी मंदिर का 11 वां वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। श्री बाला जा मंदिर के 11 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कलश यात्रा, ध्वज यात्रा और संकटमोचन हवन में भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बाला जी भगवान और जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। ब्लॉक क्षेत्र के फौंदापुर में स्थित श्री बाला जी मंदिर के 11 वार्षिकोत्सव के अवसर पर गुरू जी शेर सिंह के मार्गदर्शन में एक पद्यात्रा निकाली गई, जिसमें 208 महिलाएं कलश लेकर सम्मिलित हुईं तो वहीं 501 भक्त हाथों में बाला जी भगवान की ध्वज पताका लेकर शामिल हुए। पद्यात्रा में लगभग 1500 भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। फौंदापुर स्थित बाला जी मंदिर से प्रारंभ हुई पद्यात्रा कच्चे मार्ग से बस्ती पहुंची, यहां से अवंतिका नगर, इंदिरा चौक, रमाबाई महाविद्यालय मार्ग, खादगूजर तिराहा होते हुए पुनः मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। पद्यात्रा में शामिल डीजे और बैंड बाजों से भगवान राम और बाला जी भगवान के गीत गूंजते रहे। इसके बाद संकटमोचन हवन हुआ जिसमें भक्तों ने आहूतियां प्रवेशित कीं तो वहीं बाला जी भगवान को 56 भोग लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीपक शास्त्री, राजू, देवकरन, एड.सुशील कुमार, हरवेन्द्र सिंह, विवेक, मुनेश, रोहताश, बिट्टू शर्मा, अचल, विपिन, मालती, मीनाक्षी, सृष्टि, प्रीति शर्मा, पूजा, प्रिंस अघोनिया आदि मौजूद रहे।

### वाल्मीकि जयंती के अवकाश पर जताई खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री अमित वाल्मीकि के सफल प्रयासों से महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अवकाश घोषित होने और नगर पालिका परिषद में ठेका प्रथा को समाप्त करने की मांग पूरी होने पर शनिवार को हसनपुर में वाल्मीकि समाज ने खुशी और उत्साह व्यक्त किया। संजय सहदेव ने बताया कि यह मांग समाज द्वारा काफी वर्षो से की जा रही थी। जिसकी पूर्ति से समाज में फैल रही मायूसी अब उत्साह में बदल गई है। इस अवसर पर श्री ऋषि लाल तोमर, नरेश वाल्मीकि, भागवत, दीपक, बिजेंदर, विक्की चंद्र,उमेश, आकाश बडगूजर, राज वाल्मीकि, पारुल टॉक, रोहन वाल्मीकि, निक्कू वाल्मीकि, विवेक वाल्मीकि, तरुण जीनवाल, लखन वाल्मीकि, मनु टॉक, अभिषेक, अनुज वाल्मीकि, ध्रुव वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# भजन संध्या पर 307 ज्योति प्रज्जवलित कर मांगी मनौतियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के श्री नवदुर्गा शिव मंदिर, टीचर कॉलोनी में शुक्रवार की रात्रि खाटू श्याम मित्र मंडल की ओर से अश्विन मास शुक्ल पक्ष की पापांकुशा एकादशी पर भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। जीवन दाता श्याम सरकार की कृपा से भक्तगणों ने लखदातार श्याम बाबा का श्रंगार कर उनकी 307वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित की और भजनों का अखाड़ा लगाया गया।

भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। दीपक शर्मा ने झुक गये बड़े-बड़े सरदार तेरी मोरछड़ी के आगे, अर्पित कौशिक ने मेरी बिगड़ी तो मेरा बाबा ही बनाएगा, मीनू शर्मा ने मैंने अर्जी लिख दी बाबा तेरे दरबार में, देव शर्मा ने मेरी झोली भर दीजिए श्याम बाबा और शौर्य मित्तल ने देता हरदम सांवरे तू हारे का साथ जैसे भजनों से वातावरण को भक्ति रस में रंग दिया। भक्तगण भजनों पर झूमते रहे और मंदिर प्रांगण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। सेवादार दीपक शर्मा ने बाबा की मोरछड़ी से झाड़ा लगाकर भक्तों को आशीर्वाद दिलाया। द्वादशी के अवसर पर श्याम सरकार को खीर, चूरमे, केले, पेड़े, बूंदी के लड्डू व बर्फी का भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस पावन अवसर पर सचिन, रिया अग्रवाल, सर्वेश शर्मा, सुमन, राजकुमार, मोर्हित, संजीव, विशाल, सोनू शर्मा, राखी, नमन, प्रीतम, नूतन अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। वहीं गजरौला से आए प्रेमियों ने बाबा दरबार में अर्जी लगाई और अपने कार्य सिद्ध होने की कामना की। बाबा श्याम के दरबार में उमड़ी भीड़ और भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे माहौल को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया।

# नशे धुत युवक ने ज्वैलरी शोरूम में किया हंगामा

## बाजार में मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के मोहल्ला चौमुंडा में शुक्रवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एक ज्वैलरी शॉप पर शराब के नशे में धुत युवक ने जमकर दबंगई दिखाई। उधारी के पैसों को लेकर कहासुनी शुरू हुई और देखते ही देखते मामला गाली-गलौज से मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया। अचानक हुई इस घटना से पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के मुताबिक मोहल्ला विजय नगर निवासी पीड़ित व्यापारी वैरायटी ज्वैलर्स के नाम से दुकान संचालित करता है। शुक्रवार की शाम आरोपी तहरीम पुत्र जाकिर निवासी हसनपुर, संभल नशे की हालत में दुकान पर पहुंचा और उधार के पैसों को लेकर कहासुनी करने लगा। इस दौरान आरोपी ने दबंगई दिखाते हुए दुकानदार को धमकाया और कहा कि अभी-अभी वो एक लड़के को पीटकर आया हैं, अब उसे भी नहीं छोड़ूँगा। इतना ही नहीं, आरोपी ने दुकानदार को गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित ने विरोध किया तो मौके पर और हंगामा बढ़ गया। इसी बीच आरोपी के साथ आया उसका साथी आतिफ पुत्र कासिम निवासी मौ. चौधरियान, बछरायूँ मौके से भाग खड़ा हुआ। घटना के दौरान दुकान पर शोर-शराबा होने से आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और बाजार में सनसनी फैल गई। पीड़ित व्यापारी ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि यदि इस तरह की दबंगई पर अंकुश न लगाया गया तो बाजार का माहौल खराब हो जाएगा और व्यापारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो जाएंगे। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और व्यापारियों को सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है

### यातायात पुलिस ने अतिक्रमण हटवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** यातायात पुलिस ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर का अतिक्रमण हटवाया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि वे अपने सामान को सड़क किनारे तक न फैलाया करें, ताकि अतिक्रमण की समस्या पैदा हो और लोगों को आने जाने में समस्या का सामना करना पड़ा। बता दें कि इंदिरा चौक, चौपला समेत मुख्य मार्गो पर जाम की समस्या गहराती जा रही है। इसी के द्रष्टिगत शनिवारको यातायात प्रभारी ने अपनी टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास में अतिक्रमण हटवाया और दुकानदारों को भविष्य में अतिक्रमण न करने के लिए हिदायत भी दी। इस मौके पर यातायात प्रभारी अनुज तोमर समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**जोया में धूं-धूंकर जला बुराई का प्रतीक रावण का पुतला**

# राम के तीर से रावण का हुआ अन्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली मे चल रही रामलीला में अंतिम दिन भगवान श्री राम के तीर से अहंकारी रावण का पुतला धु धु कर जलने लगा रावण का अंत होते ही रामलीला ग्राउंड आतिशबाजी से जगमगा उठा बुराई पर अच्छाई की जीत होते ही मौजूद लोग जश्न मनाने लगे वही मीना बाजार में महिलाओ ने जमकर खरीदारी की

कस्बे में रावण दहन को देखने के लिए आसपास क्षेत्र के लोग आए युद्ध हुआ जिसमें रावण की सारी सेना मारी गयी श्री राम व रावण के बीच युद्ध मे अच्छाई की जीत हुई जिसमें श्री राम ने अपने एक ही बाण से बुराई के प्रतीक रावण का वध कर दिया इसके बाद भगवान राम के स्वरूप में सजे कलाकारों के साथ रामलीला कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर श्री राम ने संयुक्त रूप से रावण के पुतले का दहन किया रावण के दस शीश कट कर हवा में लहरा रहे थे दहन से पहले आतिशबाजी होने से पूरा आकाश जगमगा उठा वही मीना बाजार में महिलाओ ने जमकर खरीदारी की सुरक्षा दृष्टि से डिडौली पुलिस मौजूद रही इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर चमन सिंह ग्राम प्रधान महिपाल सिंह गिरीश गुप्ता मौजूद रहे

# राष्ट्र की उन्नति ही हम सभी की उन्नति: वीरेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन सिहाली जागीर मण्डल


**■ सहसौली में आरएसएस का कार्यक्रम आयोजित**

के गांव सहसौली में किया गया। मुख्य वक्ता जिला सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख वीरेंद्र शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्र की उन्नति हम सभी की उन्नति है, हमें जातिवाद खत्म करके एक मत में रहकर कार्य करना चाहिए, उन्होंने पांच परिवर्तनों के बारे में भी जानकारी दी। संघ की शाखाओं में आने के



लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक हरिओम कश्यप, जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख श्याम सिंह, जिला गौ सेवा संयोजक विवेक त्यागी, खंड बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राहुल कुमार, खंड कार्यवाह ओमकार सिंह, मंडल कार्यवाह मनोज कुमार मौजूद रहे।

### छात्राओं ने सीखी कपड़ों पर डिजाइन करने की कला



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अमरोहा के होम साइंस एवं ड्राइंग विभाग की ओर से आज चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय टाई एंड डाई कला रहा। कार्यशाला में फेविक्रील कंपनी की एक्सपर्ट श्रीमती रीता अग्रवाल ने छात्राओं को टाई एंड डाई की विभिन्न तकनीकों, कपड़े पर रंग भरने की विधियों तथा डिजाइन तैयार करने के व्यावहारिक तरीके समझाए। छात्राओं ने स्वयं भी इसमें भाग लेकर आकर्षक पैटर्न तैयार किए। कॉलेज की प्राचार्या डॉ रिजवाना कुलम ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्राओं की सृजनात्मक क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान को निखारने में सहायक होती हैं। इस अवसर पर डॉ पंकज रानी, डॉ दीपिका शर्मा, रुखसार इदरीसी ओ कॉलेज का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल

## जिला न्यायालयों में जौनपुर ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा सितम्बर माह की जारी रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी में मामलों को निस्तारित किया गया है जबकि जिला स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है।

जौनपुर राजस्व वादों के निस्तारण में पिछले एक साल से टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है। अधिकृत सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। इसी के तहत प्रदेश के जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की सितम्बर माह की रिपोर्ट के अनुसार सितम्बर में पूरे प्रदेश में कुल 3,88,145 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 21,296 मामले निस्तारित किए गए, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक हैं। इसके बाद प्रयागराज में कुल 11,396 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरा, शाहजहांपुर 9,075 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। इसी तरह जौनपुर ने 8,856 मामले निस्तारित कर चौथा और गोरखपुर ने 8,448 मामलों का निस्तारण कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर डीएम डा. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की सितम्बर माह की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 704 मामलों का निस्तारण किया है। इसका रेश्यो 281-60 प्रतिशत है। इसी के साथ जनपदीय न्यायायल में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि मानक 300 के सापेक्ष 415 मामलों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर लखीमपुर खीरी और मानक 300 के सापेक्ष 412 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर बस्ती है।



इसी तरह सितम्बर में फतेहपुर के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 79 मामलों का निस्तारण कर 263.33 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो की प्रदेश भर में सबसे अधिक है और फतेहपुर प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। वहं जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 77 मामले निस्तारित किए गए। वहं कुशीनगर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 67 मामले निस्तारित किए गए। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किए गए मामलों में जौनपुर दूसरे और कुशीनगर तीसरे स्थान पर है। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व जौनपुर निर्धारित मानक 50 के सापेक्ष कुल 251 वादों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर हैं। वहं अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गाजीपुर कुल 30 वादों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर हैं।

# पिछड़ों के हितों की लड़ाई के लिए राहुल गांधी के साथ आएं ओम प्रकाश: कांग्रेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर पर निशाना साधते हुए कहा है कि सत्ता का लालच छोड़कर पिछड़ों के हितों की लड़ाई के लिए उन्हें राहुल गांधी के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने शनिवार को राजभर पर निशाना साधते हुए कहा कि, सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जी यदि वाकई में पिछड़ों अति पिछड़ों के शुभचितक हैं तो राहुल गांधी जी की सामाजिक न्याय की लड़ाई और जातीय जनगणना के मुद्दे पर समर्थन दें, और सत्ता की मलाई छोड़ें। ओम प्रकाश राजभर चर्चा में बने रहने के लिए दाएं और बाएं चिठ्यिां लिख रहे हैं, जबकि उन्होंने अपनी राजनीति की शुरुआत पिछड़ों के मुद्दे पर की थी, लेकिन आज निजी लालच में भाजपा की गोद में सत्ता की मलाई खा रहे हैं। अवस्थी ने कहा कि, राजभर पिछड़ों के हितों और अधिकारों को भूल गए हैं, राहुल गांधी जी लगातार इस देश में सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं तो ओमप्रकाश राजभर जी क्यों नहं हिम्मत जुटा पाते हैं, कि पिछड़ों के हक की लड़ाई में राहुल गांधी जी के मुहिम का हिस्सा बनें।



गौरतलब है ओमप्रकाश राजभर ने शुक्रवार को अपना दल (एस) की अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को पत्र लिखते हुए 'सामाजिक न्याय समिति' और 'रोहिणी आयोग' की रिपोर्ट पर अपनी राय स्पष्ट करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि ओबीसी वर्गों को उनका वास्तविक हक मिले और 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ समान रूप से सभी उपवर्गों तक पहुंचे।

# दीपोत्सव की तैयारी का जायजा लेने सीएम योगी जाएंगे अयोध्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ अक्टूबर को अयोध्या में दीपोत्सव महोत्सव के तैयारियों की जायजा लेंगे। उनके साथ जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी उपस्थित रहेंगे।

जिला प्रशासन, अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद, पर्यटन विभाग, अयोध्या शोध संस्थान और डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने संयुक्त रूप से दीपोत्सव को भव्य दिव्य बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मुख्यमंत्री के सामने सभी विभाग अपनी अपनी तैयारियों की जानकारी देगे। अयोध्या में प्रसिद्ध दीपोत्सव 19 अक्टूबर को बड़ी दीपावली के दिन मनाया जाएगा। तीन दिन पहले जिले के अलग अलग स्थानों पर दीपोत्सव की शुरुआत हो जाती है। तीसरे और अंतिम दिन अयोध्या के कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय से प्रभु राम के जीवन पर आधारित झाकियां प्रातः10 बजे निकलती हैं। यह मनमोहक झाकियां रामकथा पार्क तक जाती है, रामपथ पर अयोध्यावासियों द्वारा झाकियों पर पुष्पवर्षा की जाती है। जगह जगह तोरणद्वार बनाए जाते हैं। दीपोत्सव का मुख्य आयोजन रामपैड़ी पर किया जाता है। उसके लिए रामपैडी के घाटों पर दीप रखने के लिए चिन्हीकरण पूर्ण कर लिया गया है। रामकथा पार्क हेलीपैड पर प्रभु श्रीराम, मां सीता, भाई लक्ष्मण एवं अपने परमभक्त हनुमान के साथ उड़नखटोले पर आते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अतिथियों के साथ हेलीपैड पर स्वागत करते हैं और रामकथा पार्क पर प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक होता है। अयोध्या के संत महंत धर्माचार्य और संपूर्ण अयोध्यावासी राज्याभिषेक उत्सव में शामिल होते हैं।

## हिदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ मुकदमा

**वाराणसी।** वाराणसी में सोशल मीडिया पर हिदू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में फूलपुर थाने में शनिवार को निवाद बाजार निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि हरिनाथपुर निवासी अवनीश सिंह उर्फ विक्की ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि भोथू हासमी ने सोशल मीडिया पर हिदू देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कं। इसके अलावा, वह हिदू समुदाय के बीच जाकर 'आई लव मोहम्मद' का नारा लगाकर उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

# ईको रन स्तनधारी जीवों के संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व को समर्पित: जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दुनिया भर में हर साल पांच अक्टूबर को मनाए जाने वाले 'ग्लोबल मैमल बिग डे' के अवसर पर ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में विशेष ईको रन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म और ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर के सहयोग से किया जा रहा है।

इस ईको रन का उद्देश्य सिर्फ दौड़ना नहं, बल्कि प्रकृति और स्तनधारी जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बघना है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'इको रन में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। ओखला बर्ड सैंक्चुअरी (दिल्ली-एनसीआर) की प्राकृतिक सुंदरता के बीच एक



विशेष दौड़ में सम्मिलित होना धावकों को अविस्मरणीय अनुभव देगा। यह दौड़ ग्लोबल मैमल बिग डे का हिस्सा है, जो प्रत्येक वर्ष छोटे से छोटे चमगादड़ से लेकर विशाल हाथियों तक सभी स्तनधारी जीवों की विविधता, महत्व और संरक्षण को सम्मानित करता है। ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में ईको रन की शुरुआत 05 अक्टूबर (रविवार) की सुबह 7:00 बजे, गेट नंबर- 2 से शुरू होगी। इस दौड़ में संरक्षणवादियों, शिक्षाविदों, पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों, फिटनेस उत्साही लोगों एवं सामान्य जनमानस की भागीदारी रहेगी। हर कदम के साथ प्रतिभागी न केवल जीवन के हर रूप का उत्सव मनाएंगे, बल्कि स्तनधारी जीवों के संरक्षण और उन्हें सुरक्षित रखने की साझा जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता फैलाने में भी सक्रिय योगदान देंगे। जयवीर सिंह ने बताया, कि 'स्तनधारी जीव हमारे पर्यावरण और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनमें से कई संकट का सामना कर रहे हैं।

# वन्य जीव हमले में मृतक दम्पति के घर पहुंचे शाही

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को बहराइच में वन्यजीव के हमले के शिकार बुजुर्ग दंपति के परिजनो से मुलाकात कर उन्हे सांत्वना प्रदान की और सरकार से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। श्री शाही ने विकास खण्ड फखरपुर के वन्य जीव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान वे ग्राम उच्चापाही (भिरगूपुरवा) एवं मझारा तौकली पहुंचे और हाल ही में वन्य जीव हमले में मारे गए वृद्ध दम्पत्ति छेद्दन एवं उनकी पत्नी मुनकिया के परि. जनों से भेंट की। मंत्री ने मृतक दम्पत्ति के पुत्र छब्बर व ओमप्रकाश से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें अनुमन्य अहेतुक सहायता का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने पंचायत भवन मझारा तौकली में संचालित अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

## प्रयागराज में कच्चा मकान ढहने से महिला की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के कोराव थाना क्षेत्र में रिमझिम बारिश के बीच आज सुबह दर्शनी गांव में एक कच्चा मकान ढहने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक महिला की पहचान दर्शनी गांव निवासी देवकली (47) पत्नी राजेंद्र वर्मा के रूप में हुई। शनिवार सुबह करीब चार बजे वह अपने कच्चे मकान के पास साफ सफाई कर रही थं कि मकान अचानक भरभरा कर उन पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल कोरांव के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में पिछले 24 घटों से रूक-रूक कर हो रही बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई जगहों पर पेड़ गिरने से आवागमन भी प्रभावित हुए है तथा इस दौरान कई जगहों पर बिजली के पोल भी गिरे हैं। यहां भारी बरसात से शहर के कई हिस्सों में जल जमाव की स्थित बन गई है।

बिजली गिरने से सलेमपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम भरौली निवासी पीयूष शर्मा (20) की मौत हो गई है। भारी वर्षा के कारण धान की फसलों को नुकसान होने की आशंका है। भारी बारिश के कारण कई घरों में इलेक्ट्रानिक उपकरण जल गए है। बारिश के वजह से विद्यालय आज बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दिन और रात में भी भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने नागरिकों से अपील की है कि वे भारी वर्षा के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें। उन्होंने कहा कि ष्बारिश के समय घरों के भीतर रहना ही सबसे सुरक्षित उपाय है, क्योंकि तेज़ हवा और बिजली गिरने की घटनाएं जानमाल के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। उन्होंने लोगों को पेड़ों, बिजली के खंभों, खुले मैदानों या किसी भी धातु की वस्तु के पास खड़े होने से सख्त परहेज़ करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बिजली गिरने के दौरान ऐसे स्थानों पर खड़े रहना अत्यंत जोखिम भरा हो सकता है, इसलिए सभी नागरिक सतर्क रहें और अपने बच्चों, बुजुर्गों तथा पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर रखें।उन्होंने कहा कि ष्प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता को राहत पहुंचाना है। हमारी टीम लगातार फील्ड में रहकर हालात पर नज़र बनाए हुए है और हरसंभव मदद सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन की पूरी टीम जिसमें एसडीएम, सीओ, बीडीओ सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं। क्षेत्र में मौजूद है और युद्धस्तर पर हालात सामान्य करने के प्रयास जारी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गलत इंजेक्शन से मासूम की मौत, हंगामा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के नैनी क्षेत्र में शनिवार को एक प्राइवेट क्लीनिक में इलाज के दौरान एक साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने शव को सड़क पर रख कर जम कर बवाल काटा और चक्का जाम कर किया। इस दौरान इलाहाबाद-रीवा हाइवे के दोनों तरफ के रास्ते बंद कर दिए गए। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने परिजनो और भीड़ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रही। गौरतलब है कि नैनी चक दादरी के रहने वाले विशाल पटेल का बेटा देव पटेल बीमार चल रहा था। उसे चाका ब्लॉक के समीप ददरी में एक क्लिनिक में भर्ती कराया गया था। जहां पर वहां मौजूद डॉक्टर रमेश उसका इलाज कर रहे थे। इलाज के दौरान डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया और मासूम की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव को सड़क पर रख कर चाका ब्लॉक के समीप हाइवे पर रख दिया और पूरा रीवा रोड को जाम करते हुए हंगामा कर दिया। बच्चे की मां काजल पटेल शव लेकर सड़क पर बैठी है। तीन थानों की फोर्स भीड़ को समझाने के प्रयास में लगी लेकिन लोग नहं माने। दो घंटे बाद अपर पुलिस उपायुक्त यमुना नगर विजय आनंद मौके पर पहुंचे। लोगो को समझाने का प्रयास किया बाद में दो घंटे के बाद हंगामा शांत हुआ। अपर पुलिस उपायुक्त ने परिवार के लोगो को आश्वासन दिया है कि जल्द ही हॉस्पिटल के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी और आरोपी डॉक्टर को भी हिरासत में लिया जाएगा।

### वाराणसी में सड़क किनारे किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी के दशाश्वमेध थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनपुरा इलाके में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में स्पीकर में बज रहे हनुमान चालीसा पाठ को बंद कराने के विरोध में शनिवार को हनुमान सेना और स्थानीय लोगों ने जंगमबाड़ी मठ के सामने सड़क पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। लोगों का कहना था कि मस्जिदों में लाउडस्पीकर पर तेज आवाज में अजान होती है, जिसका उन्होंने कभी विरोध नहं किया। फिर कोई हनुमान चालीसा बजाने पर रोक कैसे लगा सकता है। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में शामिल हनुमान सेना के अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी या देश के किसी भी मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ पर रोक लगाना अस्वीकार्य है। इसी के विरोध में मंदिर से कुछ दूरी पर सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया।

# शेयर ट्रेडिग का झांसा देकर कारोबारी से 57 लाख ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में साइबर ठगों ने इंस्टाग्राम विज्ञापन के जरिये एक कारोबारी से 57 लाख रुपये की ठगी कर ली। मामला फर्जी निवेश ऐप और नकली सेबी दस्तावेजों के जरिये शेयर ट्रेडिग के नाम पर धोखाधड़ी का है।

पीड़ित ने नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है पुलिस के अनुसार ठाकुरगंज निवासी गौरव निगम ने बताया कि वह मई 2025 से ग्रो एप के जरिये शेयर ट्रेडिग कर रहे थे। इस दौरान इंस्टाग्राम पर फाउंटेन आफ थॉट नामक एक विज्ञापन के बहाने उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप की सक्रिय सदस्य सानवी जैन ने गौरव को ' वीवीआईपी ग्रुप' में शामिल किया और धीरे-धीरे शेयर ट्रेडिग में निवेश के लिए भरोसा जीत लिया। अगस्त 2025 में सानवी ने गौरव से एचएनडब्लूप्रो एप डाउनलोड करने को कहा। शुरुआत में 20 हजार रुपये जमा करने पर ऐप पर रकम बढ़ती दिखने लगी। इसके बाद अलग-अलग खातों में रकम जमा कराने को कहा गया। गौरव ने लाखों रुपये ट्रांसफर किए और ऐप पर बैलेंस 1-93 करोड़ रुपये तक दिखाया गया। फर्जी सेबी दस्तावेज और बैंक नोटिफिकेशन भेजकर अधिक निवेश का लालच दिया गया। सितम्बर 2025 में सानवी ने आईपीओ में निवेश के नाम पर बड़ी राशि ट्रांसफर कराई। निकासी के समय 20 प्रतिशत कमीशन और टैक्स के बहाने अतिरिक्त रकम मांगी गई। गौरव ने कुल मिलाकर लगभग 57 लाख रुपये एमएस ट्रेडर्स, शर्मा ट्रेडर्स, साई रियल स्टेट, ईश्वर ट्रेडिग, रविशंकर दोना पत्तल उद्योग और प्रिंस चाट सेंटर जैसी फर्मों के खातों में जमा किए। जब पीड़ित ने रकम वापस मांगनी चाही तो ठगों ने टैक्स और शुल्क के नए बहाने गढ़ने शुरू कर दिए। शक होने पर गौरव ने लेन-देन बंद कर दिया और सेबी से संपर्क करने पर पता चला कि सभी दस्तावेज फर्जी हैं। बाद में वॉट्सऐप ग्रुप के सभी नंबर बंद हो गए।



# 24 घंटे में एक लाख से अधिक महिलाओं की स्तन कैंसर जांच

**वाराणसी।** वाराणसी जिले ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और आरोग्य मंदिरों पर 24 घंटे के भीतर 1,02,446 महिलाओं की स्तन कैंसर जांच पूरी की गई। यह उपलब्धि 29 सितम्बर को जिलाधिकारी सत्एंद्र कुमार के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हासिल की गई। इस उपलब्धि को इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने मान्यता देते हुए आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने शनिवार को बताया कि यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और जागरूकता की दिशा में एक मील का पत्थर है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान और उपचार के लिए जागरूकता बढ़ाना है। बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मियों, स्वयंसेवकों और आम नागरिकों की भागीदारी ने इस रिकॉर्ड को संभव बनाया।


**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025**

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय-सारणी निम्नानुसार होगी:-

**03223/03224 राजगीर-हरिद्वार-राजगीर पूजा विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03223 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03223 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03224 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03224 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 04:05 | राजगीर | 07:15 | — |
| 05:15 | — | हरिद्वार | — | 07:20 |

चलने के दिन: 03223 राजगीर से दिनांक 10.10.2025 से 26.12.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और 03224 हरिद्वार से दिनांक 11.10.2025 से 27.12.2025 तक (प्रत्येक शनिवार) को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: नालन्दा, पावापुरी रोड, बिहार शरीफ जं., बेना, हरनौत, बख्तियारपुर जं., फतुहा जं., पटना साहिब, पटना जं., दानापुर, आरा जं., बक्सर जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं. एवं लक्सर जं. के स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3072/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# वाराणसी में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**वाराणसी।** वाराणसी में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार को भी शहर के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है।

इससे काशी पहुंचे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोदौलिया, लक्सा, मैदागिन, कबीर चौरा, महमूरगंज, बीएचयू, गिरजाघर, चौकाघाट, ट्रॉमा सेंटर, बेनियाबाग, अंधरापुल समेत कई क्षेत्रों में जलजमाव के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीएचयू स्थित मौसम आंच. लिक केंद्र के अनुसार, जिले में 140-8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, साथ ही 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। बारिश के कारण वाराणसी में कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों को शनिवार को बंद रखने का आद. ेश जारी किया गया है। बीएचयू परिसर में भी कई स्थानों पर बरसात का पानी घुस गया है। गोदौलिया के दुकानदार मुन्नू शर्मा ने बताया कि कई दशकों बाद काशी में ऐसी मूसलाधार बारिश देखने को मिली है। दर्जनों दुकानों में बरसात का पानी घुस गया, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। दुक. ानदार घनश्याम जायसवाल ने कहा कि बासफाटक से गोदौलिया और गिरजाघर से लक्सा तक सड़कों पर पानी ही पानी नजर आ रहा है। पर्यटक अनुज सोलंकी ने बताया कि राजस्थान से परिवार के साथ काशी के दो दिवसीय दौरे पर आए थे, लेकिन बारिश और जलजमाव के कारण कोई साधन उपलब्ध नहं हो सका। ग्वालियर से आई श्रद्धालु अन्नू सिंह ने बताया कि भारी बारिश के बीच बड़ी मुश्किल से उनका परिवार काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन कर सका। संकट मोचन और अन्य मंदिरों में बारिश के कारण जाना संभव नहं हो पाया।

# पत्नी ने की थी मदरसा शिक्षक की हत्या

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के सिगरा क्षेत्र में मदरसा शिक्षक की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है।

बादशाह बाग कॉलोनी में शुक्रवार को मदरसा शिक्षक दानिश रजा (40) का शव उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद शनिवार को सिगरा पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया। अपर पुलिस आयुक्त चेतगंज डा. ईशान सोनी ने बताया कि दानिश रजा की हत्या उनकी पत्नी रूबीना ने की थी। रूबीना ने पूछताछ में कबूल किया कि वह दानिश के उत्पीड़न से लंबे समय से परेशान थी। दानिश शराब के नशे में अक्सर उनके साथ मारपीट करता था। गुरुवार रात को भी दानिश ने रूबीना को बुरी तरह पीटा था। गुस्से और तंग आकर रूबीना ने सोते समय दानिश पर पहले रॉड से प्रहार किया, फिर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। रूबीना ने पुलिस को बताया कि दानिश का व्यवहार उसके और बच्चों के लिए असहनीय हो गया था। वह शराब के नशे में बिना सोचे-समझे मारपीट करता था और कभी-कभी बच्चों को भी नहं छोड़ता था। कई बार समझाने के बावजूद दानिश नहं माना।

## सुशील कुमार शशि होंगे जौनपुर के नए जिला जज

**जौनपुर।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार की रात जौनपुर के जिला जज अनिल कुमार वर्मा प्रथम का तबादला जिला जज उन्नाव के पद पर कर दिया है जबकि कुशीनगर (पडरौना) के जिला जज सुशील कुमार शशि जौनपुर के नए जिला जज होंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सुशील कुमार शशि का स्थानांतरण कुशीनगर पडरौना से जिला जज जौनपुर के पद पर हुआ है। बिहार के निवासी सुशील कुमार शशि हायर ज्यूडिशल सर्विस (एचजेएस) की परीक्षा 2013 में उत्तीर्ण कर बलिया में अपर जिला जज बने। 2017 में गोरखपुर के अपर जिला जज बने।

# आम्रपाली गोल्फ होम्स विवाद में चार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** आम्रपाली गोल्फ होम्स एंड किंग्सवुड सोसाइटी में शुक्रवार रात सोसाइटी में उल्टी दिशा से कार के साथ प्रवेश करने को लेकर सुरक्षा गार्डों और निवासियों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान महिला निवासी के साथ भी बदसलूकी और हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मामले में बिसरख कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर दोनों पक्षों के दो-दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक अर्जुन और अभिषेक सोसाइटी में सोसाइटी में किराये के फ्लैट में रहते हैं। शुक्रवार रात करीब साढ़े 9 बजे दोनों अपनी कार से सोसाइटी में निकास द्वार से अंदर प्रवेश कर रहे थे। तभी सोसाइटी के गार्ड गौतम सिंह निवासी कानपुर देहात व सत्यम शुक्ला निवासी हरदोई ने उन्हें निकास द्वार से अंदर जाने को लेकर रोका दिया गया। आरोप है कि इसी बात को लेकर पहले दोनों पक्षों के मध्य मारपीट हो गई थी। पुलिस के मुताबिक निवासियों ने एक गार्ड को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद गार्डों ने लाठी और डंडे से निवासियों की पिटाई कर दी। निवासियों के साथ मौजूद महिला जब बीच बचाव को आई तो उसके साथ भी अभद्रता की गई। निवासियों और गार्डों के बीच करीब आधे घंटे तक प्रवेश द्वार पर ही विवाद चलता रहा। सूचना के बाद पुलिस भी पहुंची और विवाद को शांत कराने की कोशिश की। मगर पुलिस की मौजूदगी के दौरान भी विवाद होता रहा।

सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि सुरक्षा गार्ड और निवासी आपस में भिड़े हुए हैं। जबकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी बीच बचाव कर स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। वहीं कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह का कहना है कि विवाद उल्टी दिशा से सोसाइटी में प्रवेश को लेकर हुआ था। प्रथम पक्ष से अर्जुन व अभिषेक व द्वितीय पक्ष से गौतम सिंह व सत्यम शुक्ला को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

**सोसाइटी में है गार्डों की कमी:** सोसाइटी के एओए अध्यक्ष राघवेंद्र का कहना कि सोसाइटी में जीएसआईएस एजेंसी के पास सुरक्षा का जिम्मा है। सोसाइटी में दो प्रवेश द्वार और दो निकास द्वार है। उल्टी दिशा में प्रवेश को लेकर विवाद हुआ था। सोसाइटी में किराये पर रहने वाले लोगों ने अपना ग्रुप बना रखा है। सोसाइटी में हाल ही में एओए का चुनाव हुआ था। इस कारण इस विवाद को ज्यादा तूल दिया रहा है। सिक्योरिटी से बात चल रही है। अभी मेंटेनेंस व एफएमएस एनबीसीसी के अधीन है।

एनबीसीसी ने हैंडओवर नहीं दिया है। पुरानी एओए से भी जरूरी दस्तावेज नहीं मिले है। नई सुरक्षा एजेंसी रखने को लेकर भी बात चल रही है। अभी सुरक्षा गार्ड कम है। कुल 80 गार्ड है। जबकि सोसाइटी में 56 टावर है। पूरे टावर में सुरक्षा गार्ड तैनात करने के लिए नहीं है। सोसाइटी में पूर्व में चोरी हो चुकी है। पूर्व में चोरी करते हुए कई लोगों को पकड़ा जा चुका है।

# नोएडा एयरपोर्ट के शुभारंभ से पहले यीडा ने बनाया तगड़ा प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण यीडा क्षेत्र में लाजिस्टिक व वेयर हाउसिंग की बढ़े अवसर का यमुना प्राधिकरण फायदा उठाएगा।

प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के नजदीक सेक्टर आठ एफ को लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब के तौर पर विकसित करने का फैसला किया है। सेक्टर में भूखंडों का आकार व आंतरिक विकास की रूपरेखा सलाहकार एजेंसी के सुझाव पर तैयार की जाएगी। ले आउट तैयार होने के बाद यीडा सेक्टर में लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग के लिए भूखंड योजना निकालेगा। यमुना प्राधिकरण ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक के सेक्टरों को मास्टर प्लान 2041 में मल्टी परपज उपयोग के लिए चिह्नित किया है। इस श्रेणी में मुख्य गतिविधि के तौर पर उद्योग को बढ़ावा देने की योजना है। एयरपोर्ट के नजदीक लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग की मांग लगातार हो रही है। 30 अक्टूबर को एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद यात्री सेवा के अलावा घरेलू कार्गो सेवा भी शुरू हो जाएगी। इसके बाद यीडा क्षेत्र में लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग की मांग और गति पकड़ेगी। इसे पूरा करने के लिए यीडा आठ एफ सेक्टर को लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग के हब के तौर पर विकसित करेगा। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह का कहना है कि सेक्टर का आंतरिक ले आउट प्लान तैयार करने से पहले लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग की जरूरतों को अध्ययन किया जाएगा। इसके लिए सलाहकार एजेंसी की सेवा ली जाएगी। एजेंसी उद्यमियों एवं देश में अन्य जगहों पर विकसित लाजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब का अध्ययन कर रिपोर्ट देगी, उसके आधार पर सेक्टर में भूखंडों का आकार तय किया जाएगा। अन्य ढांचागत सुविधाओं के लिए लेआउट प्लान में प्रविधान किया जाएगा। लेआउट प्लान तैयार होने के बाद आवंटन के लिए भूखंड योजना निकाली जाएगी।

**टप्पल में भी प्रस्तावित है मल्टी मॉडल लाजिस्टिक पार्क:** यीडा ने फेज दो में शामिल टप्पल अर्बन सेंटर में भी मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क प्रस्तावित किया है। इसके लिए अलीगढ़ जिला प्रशासन जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। टप्पल लाजिस्टिक पार्क भी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक है। एयरपोर्ट के इसकी सीधे सड़क कनेक्टिविटी होगी।

# नोएडा में ऐसे होगा 1500 मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण

**■ बैठक में तैयार हुआ मास्टर प्लान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वैज्ञानिक पद्धति से कचरा निस्तारण के लिए नोएडा प्राधिकरण पहला इंट्रीग्रेटेड सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाएगा। इसकी क्षमता 300 टीडीपी होगी। भविष्य में इसकी क्षमता बढ़ाकर 500 टीडीपी की जाएगी। प्लांट में कचरे से पानी, बिजली और कंपोस्ट बनाया जा सकेगा।वहीं, शुक्रवार को प्राधिकरण बोर्ड बैठक में चेयरमैन दीपक कुमार ने इसे अनुमोदित कर दिया। प्लांट का संचालन होने पर एक ही स्थान पर गीले और सूखे कूड़े का निस्तारण हो जाएगा। यह सेक्टर-145 में 19.5 एकड़ अथवा ग्रेटर नोएडा के अस्तौली में 16.66 एकड़ पर प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण केंद्र पर लगाया जाएगा। 30 एकड़ जमीन को प्राधिकरण ने 64 करोड़ रुपये देकर खरीदेगा।

बता दें कि नोएडा में 1200 मीट्रक टन कचरा निकल रहा है, लेकिन भविष्य में 1500 टीडीपी कचरा निकलेगा। प्राधिकरण ने एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड कुल 600 टीडीपी के निपटारे का अनुबंध किया है। प्लांट लगाने का 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा डिसेंट्रलाइजड इंटीग्रेटेड म्यूनिसिपल सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट 40 टीडीपी के छह यानी 240 टीडीपी लगाए जाएंगे।प्राधिकरण सीईओ डा. लोकेश एम ने बताया कि नोएडा में निकलने वाले वेस्ट से एक साथ तीन प्रोडक्ट तैयार होंगे। पहला बायोगैस से बिजली, दूसरा कंपोस्ट और तीसरा पानी। इस पानी का प्रयोग कार वाशिंग, कंस्ट्रक्शन और सिचाई के लिए किया जाएगा।

**गोवा में हो रहा प्रयोग:** गोवा में इसी टेक्नोलाजी का प्रयोग किया जा रहा है। प्लांट में कचरे से जैविक पदार्थों को अलग किया जाता है। उन्हें बायोगैस के रूप में परिवर्तित किया जाता है। जो विद्युत ऊर्जा उत्पादन में सहायक होता है। रेस्टोरेंट्स से निकलने वाले गीले कचरे को महत्वपूर्ण बायो-प्रोडक्ट्स मीथेन युक्त जैसे बायो-गैस में बदला जाता है। साथ ही सूखे कचरे से रिसाइकिल करने योग्य सामग्री मिलती है। प्लांट में 300 मीट्रिक टन कचरे का इसी तरह निपटारा किया जाएगा। इससे पानी भी निकलेगा।।इसके अलावा प्लांट प्रतिदिन 7-8 टन खाद भी उत्पन्न होगा। करता है। उन्होंने बताया कि गीले सूखे कचरे को इस टेक्नोलाजी से निपटारा करने से हमें लिचेड (एक प्रकार का गंदा पानी) मिलता है। इस पानी को शोधित कर प्रयोग में लाया जा सकता है।

प्राधिकरण इस पानी का प्रयोग करेगा। इसके लिए इंटीग्रेटेड सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के साथ ही एक एसटीपी भी बनाया जाएगा। यह लिचेड एसटीपी में शोधित होगा।एक आकलन के अनुसार, 100 टन कचरे से रोजाना करीब दो टन पानी बनाया जा सकता है। इसका प्रयोग कार वाशिंग, सिचाई और कंस्ट्रक्शन में हो सकता है। अस्तौली या सेक्टर-145 में लगने वाला प्लांट को पीपीपी माडल पर लगाया जाएगा। यानी कंपनी बिजली, कंपोस्ट और पानी को बेचकर प्लांट का खर्चा निकालेगी और संचालन करेगी। साथ ही अनुबंध के तहत प्राधिकरण को हैंडओवर करेगी। इसके लिए जल्द ही आरएफपी जारी की जाएगी।

# नवरात्रि में बढ़ गई रियल एस्टेट की रौनक

**■ नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 6,000 प्रॉपर्टी की हुई रजिस्ट्री**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नवरात्रि के दौरान रियल एस्टेट बाजार में नई रौनक देखने को मिली है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, दादरी और जेवर क्षेत्र में इन नौ दिनों में लगभग 6,000 संपत्तियों की रजिस्ट्री हुई। इनमें फ्लैट, प्लॉट, कोठियां, फैक्ट्रियां और ऑफिस स्पेस शामिल हैं।

इसी अवधि में नए आवासों की बुकिंग भी बढ़ी। सबसे ज्यादा रजिस्ट्री ग्रेटर नोएडा में दर्ज की गई। इस बढ़ते रुझान से डेवलपर्स और निवेशकों में उत्साह का माहौल है, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ा लाभ मिला है। नोएडा एयरपोर्ट के आसपास स्थित प्लॉट निवेशकों की पहली पसंद बने हुए हैं, और रजिस्ट्री के आंकड़े आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। रजिस्ट्री विभाग के अनुसार, नवरात्रि के दिनों में संपत्ति की रजिस्ट्री सामान्य दिनों के मुकाबले 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई। ग्रेटर नोएडा में सबसे ज्यादा रजिस्ट्री दर्ज की गई, जहां फ्लैट और रेडी-टू-मूव प्रॉपर्टी की मांग में खासा इजाफा देखा गया। नोएडा में ऊंची कीमतों के कारण ज्यादातर रजिस्ट्री पुराने प्रोजेक्ट्स और री-सेल प्रॉपर्टी की रही। वहीं, दादरी और जेवर में खरीदारों ने अधिकतर प्लॉट में निवेश करना पसंद किया।

**दादरी में प्रॉपर्टी की कीमत कम:** नोएडा में औसतन रोज 125, दादरी में 300, ग्रेटर नोएडा में 200 और जेवर में 100 संपत्तियों की रजिस्ट्री दर्ज की गई। नोएडा की तुलना में ग्रेटर नोएडा, ग्रेनो वेस्ट, दादरी और जेवर में संपत्तियों की कीमतें कम होने से इन क्षेत्रों में रजिस्ट्री की रफ्तार ज्यादा रही। नोएडा में जहां री-सेल मार्केट सक्रिय है, वहीं ऊंचे दामों के कारण नई संपत्तियों की रजिस्ट्री सीमित रही। जिन पुरानी परियोजनाओं के फ्लैट अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के अंतर्गत आते हैं, उनमें बिल्डरों द्वारा बकाया राशि जमा न करने से रजिस्ट्री की प्रक्रिया धीमी पड़ी है, जबकि जिन योजनाओं में भुगतान पूरा कर दिया गया है, वहां रजिस्ट्री की अनुमति दी जा रही है।

**दादरी और जेवर में प्लॉट ज्यादा खरीदे जा रहे:** रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न परियोजनाओं में फ्लैटों की बुकिंग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, दादरी और जेवर क्षेत्रों में लोगों ने प्लॉट खरीदने में अधिक रुचि दिखाई है, क्योंकि यहां ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स बहुत कम हैं या लगभग न के बराबर हैं। इसके साथ ही जेवर एयरपोर्ट के आसपास की जमीनों में निवेशकों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है, जिसके चलते इस इलाके में बुकिंग और रजिस्ट्री दोनों की संख्या में इजाफा हुआ है।

**धड़ाधड़ फ्लैट बुक कर रहे लोग:** गौड़ समूह के चेयरमैन मनोज गौड़ ने बताया कि नवरात्रि में लगभग 200 फ्लैटों की बुकिंग की गई, जबकि कई खरीदार धनतेरस और दिवाली के अवसर पर बुकिंग करने की योजना बना रहे हैं। इस अवधि में पुरानी बुकिंग से जुड़ी रजिस्ट्रियां भी पूरी की गईं। वहीं, निराला वर्ल्ड के सीएमडी सुरेश गर्ग के अनुसार उनकी परियोजनाएँ निराला एस्टेट, निराला ट्रायो और निराला गेटवे में करीब 100 नई बुकिंग दर्ज हुई हैं, और दिवाली तक बिक्री बढ़ाने के लिए नए लक्ष्य तय किए गए हैं।निंबस ग्रुप के सीईओ साहिल अग्रवाल ने बताया कि इस बार का त्योहारी सीजन रियल एस्टेट के लिए आशाजनक साबित हो रहा है। उनकी परियोजना 'निंबस दा पाम विलेज' में खरीदारों के लिए भुगतान के विविध ऑफर पेश किए गए हैं। मिगसन ग्रुप के एमडी यश मिगलानी के अनुसार, जीएसटी में कमी और कम ब्याज दरों ने ग्राहकों का भरोसा बढ़ाया है। वहीं, एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर संजय शर्मा ने कहा कि त्योहारी दौर में आवासीय और वाणिज्यिक दोनों तरह की परियोजनाओं पर सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है।

प्रांशी इंफ्रा एडवाइजर के प्रबंध निदेशक प्रताप सिंह अहलावत ने कहा कि नोएडा का रियल एस्टेट तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका श्रेय कई महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को जाता है। उन्होंने उल्लेख किया कि जेवर में निर्माणाधीन नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो 30 अक्टूबर 2025 को शुरू होने की संभावना है, क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ा बदलाव लाएगा। अहलावत ने बताया कि नवरात्र के दौरान दिखा सकारात्मक रुझान दिवाली तक और तेज होने की उम्मीद है, जिससे बुकिंग में और बढ़ोतरी संभव है।

## एक नजर

### ढाबे पर युवक को जमकर पीटा, अस्पताल में तोड़ा दम

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र के गौर सिटी-2 स्थित गोपाल जी ढाबा पर शुक्रवार देर रात खाना देने को लेकर हुआ विवाद एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ढाबा संचालक वरुण कौशिक के यहां काम करने वाले कर्मचारी नीटू (26) की कुछ ग्राहकों से कहासुनी हो गई थी। विवाद के दौरान हुई हाथापाई ग्राहकों ने मिलकर नीटू की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी टीम ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शांति व्यवस्था बनाए रखी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह का कहना है कि घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ढाबा संचालक और मृतक के अन्य साथियों से भी पूछताछ की जा रही है। जिससे घटना की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

### तीन लाख वाहनों के आरसी निलंबन की जांच के लिए परिवहन विभाग ने बनाई टीम

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सख्ती के बीच जनवरी से सितंबर तक ट्रैफिक पुलिस ने तीन लाख वाहनों के पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) और करीब चार हजार ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) निलंबित करने के लिए परिवहन विभाग को भेजे। लेकिन प्रक्रिया नियमों के अनुरूप न होने पर विभाग ने छटनी और जांच के लिए विशेष टीम गठित कर दी है। परिवहन विभाग के अनुसार भेजी गई सूची में कई ऐसे मामले भी शामिल हैं जिनमें न तो गंभीर उल्लंघन हुआ है और न ही कानूनी तौर पर निलंबन बनता है। इस कारण विभाग ने वास्तविक मामलों की पहचान शुरू की है। केवल उन्हीं मामलों में निलंबन होगा जो मोटर वाहन अधिनियम की शर्तें पूरी करते हों।

सूची में कई बाहरी जिलों और राज्यों के वाहन नंबर भी हैं। विभाग ऐसे मामलों को संबंधित आरटीओ को भेज रहा है। नोएडा में दिल्ली, हरियाणा, गाजियाबाद समेत अन्य जिलों के वाहन बड़ी संख्या में आते-जाते हैं, जिन पर भी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

ड्राइविंग लाइसेंस के मामलों में भी विभाग की टीम जांच कर रही है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा भेजी गई चार हजार डीएल की सूची में से वास्तविक उल्लंघन वाले मामलों पर ही कार्रवाई होगी।

**क्या कहता है नियम:** मोटर वाहन अधिनियम के तहत केवल गंभीर उल्लंघन जैसे शराब पीकर वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना या बार-बार नियम तोड़ने पर ही आरसी या डीएल निलंबन का प्रावधान है। अधिकांश मामलों में यह आधार स्पष्ट नहीं है, इसलिए विभाग ने वास्तविक मामलों पर ही निलंबन और बाकी की बहाली का निर्णय लेने की प्रक्रिया शुरू की है।

### 25 हजार ऑटो चालकों को जल्द मिलेगी बड़ी राहत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एक जिला एक परमिट व्यवस्था लागू होने से अभी दो कदम दूर है। गौतमबुद्ध नगर में यह व्यवस्था लागू होगी तो तो प्रदेश का पहला जिला होगा। दिल्ली की तर्ज पर यहां पर ऑटो के लिए एक परमिट होगा।

परिवहन आयुक्त से लिखे पत्र पर शासन की अनुमति का इंतजार है। एसटीए (स्टेट ट्रांसपोर्ट अथारिटी) की बैठक में इसका अंतिम निर्णय होगा। जिले में इस वक्त 25 हजार से अधिक ऑटो संचालित हैं। सभी आटो को परमिट रूट के हिसाब से जारी किया गया है। निर्धारित रूट से अलग इन आटो का संचालन नहीं हो सकता है। बता दें नोएडा के हर हिस्से में आटो की पहुंच करने की तैयारी की जा रही है। आटो चालकों की यूनियन ने एक जिला एक परमिट की व्यवस्था लागू करने की मांग पूर्व में की गई थी। इसके लिए सबसे पहले उपसंभागीय परिवहन अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी और परिवहन आयुक्त ने शासन को पत्र लिखा है। शासन स्तर से मंजूरी के बाद एसटीए की बैठक में इसकी फाइनल मंजूरी मिलेगी। मौजूदा समय में 16-16 किमी के रूट पर आटो को परमिट जारी किए गए हैं। सेक्टर-59 से किसी को सूरजपुर भी जाना होता है तो यात्री को दो बार आटो बदलना पड़ता है। यह व्यवस्था लागू होने के बाद चालक सीधा भी सूरजपुर तक जा पाएंगे। आटो की फिटनेस समेत मीटर व्यवस्था रखने पर जोर दिया जा रहा है। शहर में संचालित 70 फीसदी से अधिक आटो में मीटर नहीं लगा हुआ है। वाहनों का दवाब या जाम की स्थिति होने पर मनमानी रुपयों की वसूली की जाती है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर दो सुरक्षा गार्डों पर हमला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा कट पर दो सुरक्षा गार्डों पर हमला हुआ है। कार सवार कुछ लोगों ने बैरिकेड हटाने के विवाद में लोहे की रॉड से हमला कर दोनों चचेरे भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में 3 नामजद सहित 4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

करौली बांगर निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई सागर और चचेरे भाई गौरव यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा कट के पास सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करते हैं। शुक्रवार रात वे ड्यूटी पर थे, तभी रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मुरादगढ़ी गांव निवासी गब्बर, दीपक और केपी सहित कुछ अज्ञात लोग कार से गलत दिशा से आकर बैरिकेड हटाने लगे।

# प्राधिकरण टीम ने 50 किलो प्लास्टिक जब्त की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने एक बार फिर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ शनिवार से अभियान शुरू कर दिया। शनिवार को अलग-अलग जगह कार्रवाई कर 50 किलो प्लास्टिक जब्त की। शनिवार को जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह और गौरव बंसल के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। टीम ने सेक्टर-34 में एवरग्रीन मार्केट, ओम डेयरी और अमलतश बाजार में जांच की। यहां पर जांच के दौरान टीम ने अलग-अलग दुकानों से करीब 50 किलो प्लास्टिक जब्त की। वहीं पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए दुकानदारों को जागरूक किया। दुकानदारों को चेतावनी भी दी कि प्लास्टिक का प्रयोग करने पर जल्द जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी।

# मेले में 94 बच्चों के छूटे हाथ, पर पुलिस ने निभाया पूरा साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मां-बाप, दादा-दादी व जानकारों के साथ गौतमबुद्ध नगर में आयोजित हुए रामलीला, दशहरा व दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल व मेला देखने पहुंचे बच्चों के भीड़भाड़ में हाथ भी खूब छूटे, लेकिन गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस बच्चों के लिए खेवनहार बनी रही। रोते मिले बच्चों को दुलार किया।

बताया गया कि करीब दस दिनों में 94 बच्चों को उनके परिजनों से मिलवाया। बच्चों को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे भी खुशी से खिल गए। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस का आभार जताया।गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के तीनों जोन में वृहद स्तर पर रामलीला, दशहरा व दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन हुआ। नोएडा जोन में ही पांच जगह पर रामलीला और 99 जगह पर दुर्गा पूजा पंडाल व आठ जगह पर रावण दहन का आयोजन हुआ। इनमें सेक्टर 62, सेक्टर 21ए नोएडा स्टेडियम, सेक्टर 46, सेक्टर 105 स्थित महर्षि विवि के पास हुए आयोजन में खूब भीड़ पहुंची।इसी तरह गौर सिटी के अलावा ग्रेटर नोएडा और देहात क्षेत्र में हुई रामलीला में भी भीड़ टूटे नहीं टूटी। शुरूआत से मेला समिति व पुलिस के पास बच्चों मेले में छूट जने की शिकायते पहुंचीं। कई जगह पलिस को ही स्वजन से बिछड़े बच्चे रोते मिले। पुलिस एनाउसमेंट कराकर जानकारी साझा की।अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पूर्व में भी पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिए गए थे। मेले में पहुंचने वाले लोगों की शिकायतों पर ध्यान दिया जाए। बिछड़े बच्चों को मेला पुलिस चौकी पर लाकर घर जैसा माहौल उपलब्ध कराया जाए। तीनों जोन में पुलिस ने मेले में छूटे 94 बच्चों को स्वजन से मिलावाया। उनकी काउंसलिंग कराकर घर भेजा।

# ठगी में निदेशक समेत 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक एनआरआई डॉक्टर ने एक बिल्डर कंपनी पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बिल्डर के निदेशक समेत बारह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। नोएडा सेक्टर 36 निवासी डॉक्टर गुरप्रीत सिंह अमेरिका में रहते हैं। डॉक्टर गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित एक बिल्डर के कमर्शियल प्रोजेक्ट में तीन दुकानें खरीदी थी। इसके बाद बिल्डर ने यह प्रोजेक्ट दूसरे बिल्डर को हस्तांतरित कर दिया गया। दुकान बुक करते समय तय हुआ कि निवेशक को प्रति माह किराया दिया जाएगा।

पीड़ित डॉक्टर के मुताबिक बिल्डर ने दुकानों की रजिस्ट्री के बाद उन्हें करीब 36 महीने तक दुकानों का किराया नहीं दिया। जब इस संबंध में वह बिल्डर के प्रोजेक्ट पर बात करने पहुंचे तो बताया गया कि प्रोजेक्ट 2009 में पूरा होना था, लेकिन पूरा नहीं हो सका है। इसके बाद उन्हें बताया गया कि उनका जो मासिक किराया है, उसकी एवज में उन्हें एक दुकान आवंटित कर दी जाएगी। काफी दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें दुकान नहीं दी गई। इस बीच बिल्डर कंपनी ने पीड़ित का करीब 48 लाख रुपये हड़प लिया। पीड़ित ने परेशान होकर पुलिस से शिकायत की। इस मामले में बिल्डर पक्ष से 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# केबिल वायर कंपनी में लगी आग

## पांच दमकल की गाड़ियों ने 30 मिनट में बुझाई आग, शाट सर्किट वजह, मॉल जलकर राख




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-63 स्थित एक केबल वायर कंपनी में आग लग गई। आग से लाखों का तैयार मॉल और मशीनों को नुकसान हुआ है। हालांकि कोई जनहानि नहीं है। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। गार्ड ने इसकी जानकारी दमकल और स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर एक-एक करके पांच दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-63 में क्लो नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। 11 बजे के आसपास कंपनी के सेकेंड फ्लोर पर आग लगी। आग तेजी से फैली। इस फ्लोर पर केबल वायर असेंबलिंग का काम होता है। आग तेजी से फैली साथ ही काफी काला धुंआ भी हुआ। जिसे बाहर निकाला गया। आग लगते ही सभी लोग फैक्ट्री से बाहर आ चुके थे। पुलिस ने बताया कि आग को फैलने से रोका गया। आसपास की इमारतों को भी खाली कराया गया। साथ ही आग को दूसरे तल पर बुझा दिया गया। इस दौरान कोई जनहानि नहीं है। हालांकि लाखों का तैयार मॉल और मशीनरी को नुकसान हुआ है।

# वन सिटी वन ऑपरेटर परियोजना के खिलाफ करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जल विभाग में वन सिटी वन ऑपरेटर परियोजना को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लागू करने की तैयारी में है। योजना के लागू होने के बाद सेक्टरों में नलकूपों पर तैनात कर्मचारियों को अपनी नौकरी खतरे में नजर आ रही है। इसके विरोध में 13 अक्तूबर से नलकूप ऑपरेटर प्राधिकरण के गेट पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विकास प्रधान ने कहा कि वन सिटी वन ऑपरेटर परियोजना लागू हुई तो सभी नलकूप ऑपरेटर कर्मचारियों के साथ अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। इस मौके पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण नलकूप संचालक यूनियन के संरक्षक राजू भाटी व अध्यक्ष लोकेश भाटी समेत जितेंद्र भाटी, हरिदत्त नागर, मनोज प्रधान, विनोद शर्मा, सरजीत प्रधान, दिलशाद, श्रीकांत नागर, प्रमोद शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## कस्बे में समाजवादी पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के यस कृष्णा बैंक्वेट हाल में शनिवार को समाजवादी पार्टी का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सपा के तमाम वरिष्ठ और युवा नेता ने एकजुट होकर पार्टी संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव के आदर्शों को नमन किया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव,पूर्व जिला अध्यक्ष शुभलेस यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी,राम बहादुर यादव, किशन लाल यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख भद्रसेन गंगवार और मलखान सिंह यादव ने संयुक्त रूप से मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद सभी नेताओं ने बारी-बारी से अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक गजेंद्र यादव ने मुख्य अतिथियों का साल उड़ाकर व माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन सरजू यादव, सपा यूथ विग्रेट के राष्ट्रीय सचिव अशोक यादव, अनिल शर्मा, सुरेंद्र गंगवार, चांद मियां समेत क्षेत्र के तमाम सपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। अपने संबोधन में पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा गरीब, किसान, नौजवान और कमजोर वर्ग की आवाज को उठाया है।

# बरेली के हालात देखते हुए नहीं निकाला गया जुलूस-ए-गौसिया

■ **अहसन मियां की सदारत में गौस-ए-पाक की याद में सजी महफिल**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** ग्यारहवी शरीफ पर बड़े पीर शेख अब्दुल कादिर जिलानी बगदादी गौस-ए-पाक की याद में सैलानी रजा चौक से निकलने वाला जूलूस-ए-गौसिया इस साल नहीं निकाला गया। बरेली के हालात को मद्देनजर रखते हुए दरगाह से फैसला लिया गया था कि जुलूस नहीं निक. ाला जाएगा। गौरतलब है कि इस जुलूस में नए और पुराने शहर की लगभग 80 अंजुमने शिरकत करती हैं।

दरगाह के नासिर कुरैशी ने बताया कि सज्जादानशीन व बानी-ए-जुलूस मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत में सैलानी रजा चौक स्थित हाजी शरिक नूरी के घर पर महफिल सजाई गई। अंजुमन गौसो रजा (टीटीएस) के तत्वाधान में बाद नमाज-ए-फज्र कुरान ख्वानी निवास पर हुई। दिन में महफिल का आगाज तिलावत-ए-कुरान से मुफ्ती अजहर रजा ने किया। नात-ओ-मनकबत का नजराना जमन रजा, मौलाना मुनीर रजा ने पेश किया। कायद-ए-जुलूस मुफ्ती अहसन मियां के पहुंचने पर अंजुमन गौस-ओ-रजा (टीटीएस) के सदर हाजी शरिक नूरी ने फूलों से स्वागत कर दस्तारबंदी की। मुफ्ती जईम रजा ने गौस-ए-पाक की करामत बयान करते हुए कहा कि शेख अब्दुल कादिर बगदादी ने हमें बताया कि कितनी ही बड़ी मुश्किल आ जाए, लेकिन कभी सच और सब्र का दामन न छोड़ें। अपने मजहब पर सख्ती से कायम रहते हुए अल्लाह और उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलें। जुल्म इस्लाम का हिस्सा नहीं है, न ही हम किसी पर जुल्म करें और न खुद पर जुल्म सहें। निजामत (संचालन) करते करते हुए मौलाना अजहर रजा ने आला हजरत का ये शेर पढ़ा ष्ये दिल ये जिगर ये आँखे ये सिर जहाँ चाहो रखों कदम गौसे आजम।

फातिहा मौलाना बिलाल रजा, हाफिज फुरकान रजा ने पड़ी, तोशा शरीफ की फातिहा हुई। इसके बाद सभी को लंगर तकसीम किया गया। इस मौके पर राशिद अली खान, अंजुमन के उपाध्यक्ष परवेज नूरी, सचिव अजमल नूरी, शाहिद नूरी, औरंगजेब नूरी, वामिक रजा, नासिर कुरैशी, अफजाल उद्दीन, जमाल खघन, ताहिर अल्वी, मंजूर खान, मुजाहिद रजा, वसीम रजा, हाजी फैयाज, फिरोज खान, शोएब रजा आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

## छात्राओं को आत्मनिर्भर रहने को पुलिस ने किया जागरूक



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** सरकार द्वारा चलाया जा रहा महिला सुरक्षा केंद्र मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शनिवार को एसआई काजल कौशल ने अपनी टीम के साथ कुंवर ढाकन लाल इंटर कॉलेज सहोड़ा परिसर में सभी छात्राओं के साथ मीटिंग की। जिसमे छात्राओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को महिला सुरक्षा मिशन शक्ति की पूरी जानकारी दी। साथ ही समझाया कि यदि अकस्मात उनके साथ कोई अनहोनी होने की आशंका हो तो सरकार द्वारा जारी 1096 आदि सहित हेल्पलाइन नम्बर डायल करने को जागरूक किया। कहा कि यह नम्बर आपकी हेल्प के लिए हैं जिनसे आपको तुरंत सुरक्षा मिलेगी। इसी के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने को अनेको टिप्स भी दिए। इस अवसर पर एस सी काजल कौशल,कांस्टेबल प्रदीप कुमार तथा कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

## साहब हमारे गांव में हो रही वेश्यावृति को रुकवाएं, हो रहा है वातावरण खराब

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव के करीब एक दर्जन ग्रामीणों ने शनिवार को एसडीएम को एक शिकायती पत्र दिया, जिसे देखकर एसडीएम भी चौंक गए, और उन्होंने तत्काल ही पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए।

विजौरिया स्टेशन के निकट एक गांव में पिछले काफी दिनों से दबंग द्वारा वेश्यावृति का धंधा किया जा रहा है। जिससे ग्राम के लोगों के परिवार पर बुरा असर पड़ रहा है। गांव के लोगों ने इस धंधे को बन्द कराए जाने की को. शिश की, लेकिन दबंगई के आगे इसमें कामयाब नहीं हो सके। शनिवार को एसडीएम उदित पवार से मिले ग्रामीणों ने उन्हें ग्राम के दर्जनों लोगों के हस्ताक्षरयुक्त शिकायती पत्र सौंपा, और ग्राम में चल रहे इस वेश्यावृति के धंधे को तत्काल बंद करवाए जाने की मांग की।

इसमें ग्राम प्रधान तारावती, क्षेत्र पंचायत सदस्य बुद्धो देवी, होरी लाल, सचिन, भूपेंद्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, सोनू, अमन, कुंवर सेन, राकेश कुमार, यादराम गंगवार सहित कई लोग शामिल रहे। एसडीएम उदित पवार ने ग्रामीणों के इस शिकायती पत्र पर तत्काल ही पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए।

## आज भी नहीं हुई धान की खरीद एसएमआई ने कहा धान में है नमी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र की उप मंडी स्थल पर लगे धान क्रय केंद्र आज भी सूने पड़े रहे, दूसरे दिन भी कोई भी किसान धान लेकर क्रय केंद्र नहीं पहुंचा।

सरकार ने एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू करने के निर्देश दिए थे, प्रदेश सरकार के इन निर्देशों पर क्षेत्र की उप मंडी स्थल पर 16 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जबकि एक क्रय केंद्र भदपुरा ब्लॉक क्षेत्र के गांव परसरामपुर में बनाया गया है। अवकाश होने पर धान की खरीद 3 अक्टूबर से होने थी, लेकिन जहां पहले दिन ही कोई किसान धान लेकर नहीं पहुंचा तो आज दूसरे दिन भी एक भी किसान मंडी नहीं पहुंचा। धान क्रय केंद्र के प्रभारी एसएमआई अरविन्द कुमार राठी ने बताया कि धान में अभी नमी आ रही है, जिसके कारण किसान धान लेकर नहीं आ रहे हैं, उन्होंने किसानों से धान सुखाकर लाने की अपील की है।

# बुलडोजर की गड़गड़ाहट से गूंजा बरेली शहर

## मौलाना तौकीर के करीबी डा. नफीस के बारात घर पर गरजा बुलडोजर





शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली के जखीरा स्थित डॉ. नफीस के बारात घर रजा पैलेस पर बीडीए ने शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। यहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं फाइक एन्कलेव में फरहत के घर को सील कर दिया गया है। उधर, सैलानी में नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया है।

शहर में बवाल के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जिला प्रशासन ने उनकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। बीडीए ने शनिवार को आरोपी डॉ. नफीस के जखीरा स्थित बारात घर रजा पैलेस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। यहां कार्रवाई करने से पहले भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। उधर, फाइक एन्कलेव में मौलाना तौकीर रजा को शरण देने वाले फरहत के मकान को सील कर दिया गया है। नौमहला मस्जिद के पास चार दुकानें सील की गई हैं। वहीं सैलानी में अतिक्रमण पर नगर निगम का बुलडोजर चला है।

डॉ. नफीस और उसके बेटे को जेल भेजा जा चुका है। उसकी मार्केट को बवाल के बाद सील कर दिया गया था।

अब उसके बारात घर पर कार्रवाई हुई है। शनिवार दोपहर जखीरा स्थित बारात घर रजा पैलेस पर भारी पुलिस बल तैनात हो गया। मौके पर पहुंचे किला इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आला अधिकारियों के निर्देश पर फोर्स तैनात की गई है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी या सीलिंग की इसकी जानकारी नहीं है। कुछ देर बाद जिला प्रशासन और बीडीए के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

बीडीए की टीम ने तीन बुलडोजरों से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। सबसे पहले बुलडोजर से बारात घर का गेट तोड़ा गया। इसके बाद अन्य हिस्से पर कार्रवाई की गई। बाद में एक और बुलडोजर बुलाया गया। चार बुलडोजरों से पूरे बरात घर को जमींदोज कर दिया गया। इस कार्रवाई से खलबली मची रही।

रजा पैलेस पर पुलिस टीम के पहुंचते ही बारात घर के बाहर लगी नेम प्लेट ने सबको हैरत में डाल दिया। इसपर मुतावल्ली का नाम शोएब बेग और उसके पिता का नाम स्व. अथहर बेग लिखा था। दूसरी ओर पिता के नाम के नीचे पूर्व पीसीएस अधिकारी भी लिखा था।

## मौलाना को शरण देने वाले फरहत का मकान सील

बरेली के फाइक एन्कलेव में बीडीए की टीम ने शनिवार को आरोपी फरहत का तीन मंजिला मकान सील कर दिया। इसी मकान में 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा ने पनाह ली थी। बवाल के बाद उन्हें यहीं से गिरफ्तार किया गया था। घर में शरण देने पर फंसा फरहत और फरहान जेल में है। बीडीए के सक्षम अधिकारी ने एक अक्तूबर को नोटिस तामील कराते हुए तीन अक्तूबर से पहले फरहत का घर खाली कराने की अपेक्षा बारादरी पुलिस से की थी। शुक्रवार को वहां न तो पुलिस पहुंची और न ही बीडीए की टीम। शनिवार दोपहर करीब एक बजे बीडीए की टीम यहां पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की।

## नौमहला मस्जिद के पास चार दुकानें सील

बरेली विकास प्राधिकरण की टीम ने शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद नौमहला मस्जिद के बाहर अंजुमन की चार दुकानों को अवैध बताकर सील कर दिया। जिस वक्त दुकानें सील की गईं, उस वक्त दो दुकानकार आमिर और साहिन अपनी-अपनी दुकान में थे। दो दुकानें बंद थीं। टीम ने दुकानदारों को सामान निकालने तक का मौका नहीं दिया। दुकानदारों से दुकानों के अवैध होने के साक्ष्य मांगे गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि वह अंजुमन कमेटी से कहेंगे कि बीडीए में जाकर साक्ष्य प्रस्तुत करें और दुकान खुलवाएं।

## अतिक्रमण पर चला नगर निगम का बुलडोजर

सैलानी में नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बुलडोजर से दुकान और मकान के बाहर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। टीम का कहना है कि इस कार्रवाई का बवाल के मामले से लेना-देना नहीं है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस कार्रवाई से खलबली मची रही।

## हर्षोल्लास के साथ निकाला गया जुलूसे गौसिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर में हर्षोल्लास के साथ जुलूसे गौसिया निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग गौसे आजम जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे। उलेमा व शायर नात व मनकबत पढ़ते हुए चल रहे थे।

शुक्रवार की रात नैनीताल रोड लईक सेठ की मार्केट से जुलूस ए गौसिया निकाला गया। जुलूस में उलेमा व शायर बेहतरीन कलाम पेश करते हुए चल रहे थे। अकीदतमंद फैजान ए गौसे आजम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस ए गौसिया नैनीताल रोड से शुरू होकर पंजाबी कॉलोनी, होली चौराहा, शेखपुर होता हुआ वापस लईक सेठ की मार्केट पर पहुंचकर समाप्त हो गया।

जुलूस में मुख्य रूप से मौलाना मुख्तार अहमद कादरी, मौलाना इसराईल, हाफिज सरफराज, सूफी अबरार जफर, गुड्डू, मो. युसुफ, नसीम प्रिंस, अतीक रजा, तौफीक अहमद, सुब्हान, नदीम रजा सहित सैकड़ों की तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे। इस बार जुलूस की अनुमति दिलवाने के लिए नईम अहमद नेता की अहम भूमिका रही।

# कुंडरा कोठी चौकी इंचार्ज पर गाजियाबाद में दर्ज हुई दुष्कर्म की रिपोर्ट

■ **एसएसपी बोले रिपोर्ट के आधार पर होगी निलंबन की कार्रवाई**



शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** रिछा-जहानाबाद मार्ग किनारे स्थित कोतवाली नवाबगंज के कस्बा कुंडरा कोठी चौकी के प्रभारी जय सिंह निगम पर गाजियाबाद के लोनी थाने में एक युवती द्वारा दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज करने वाली युवती ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2019 में गाजियाबाद के साहिबाबाद थाने में उसने अपने पड़ोसी द्वारा झगड़े की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी विवेचना वहां पर तैनात दरोगा जयसिंह निगम को दी गई थी।

युवती ने आरोप लगाया है कि विवेचना के दौरान दरोगा ने उसके साथ अलग-अलग स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। वर्ष 2020 में दरोगा जयसिंह निगम का साहिबाबाद थाने से ट्रांसफर हो गया, और उसको लोनी थाना क्षेत्र की बंथला चौकी इंचार्ज बनाया गया था। युवती का आरोप है कि बंथला चौकी इंचार्ज बनाए जाने के बाद भी दरोगा ने दबाव बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती का आरोप है कि इस दौरान वह गर्भवती भी हो गई तो दरोगा ने दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया।

जब इसकी शिकायत युवती ने अधिकारियों से करने की बात कही तो दरोगा जय सिंह निगम ने 1 जुलाई 2024 को गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में उससे शादी की, और 2 जुलाई को शादी का पंजीकरण भी करा लिया। युवती का आरोप है कि दरोगा पहले से शादीशुदा था, जिसकी उसने बात छुपाई थी। अब दरोगा उसको अपने साथ रखने को तैयार नहीं है। जब युवती ने दरोगा से शादीशुदा होने की बात छिपाने का विरोध किया तो उसने उसे धमकाना शुरू कर दिया। युवती का यहां तक कहना है कि उसने 2024 में कमिश्नर कार्यालय में शिकायत की थी। तब दरोगा ने उसके भाई को झूठे केस में फंसा दिया था, और उसे भी केस में फंसाने की धमकी दी थी। तब युवती ने कोर्ट की शरण ली, अब कोर्ट के आदेश पर जिला गाजियाबाद के थाना लोनी में दरोगा जय सिंह निगम पर दुष्कर्म व धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज हुई है।

जय सिंह निगम वर्तमान में जनपद बरेली के कोतवाली नवाबगंज की कस्बा कुंडरा कोठी चौकी के प्रभारी पद पर तैनात है। वहीं इस मामले में बरेली वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि नवाबगंज कोतवाली क्षेत्र की कुंडरा कोठी चौकी पर तैनात दरोगा जय सिंह निगम पर लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिली है। वहां के अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी चौकी इंचार्ज इससे पहले रिछा चौकी इंचार्ज था। बरहाल यह घटना सामने आने के बाद पुलिस महकमे को सर्मसार कर दिया है।

## समाधान दिवस में फिर उठा गन्ना मूल्य भुगतान का मुद्दा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** संपूर्ण समाधान दिवस में 57 शिकायतें आईं, जिसमें से आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा शिकायतें पुलिस विभाग तथा राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह तथा एसडीएम इशिता किशोर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

नगर के मोहल्ला केशव पुरम, आदर्श कॉलोनी के निवासियों ने शिकायत करते हुए बताया कि केसर रेलवे क्रॉसिंग पर ई-रिक्शा वालों का जमघट लगा रहता है। स्कूल से आने-जाने वाली छात्राओं के साथ ई-रिक्शा स्टैंड पर मौजूद लोग आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार इसकी शिकायत पुलिस से की जा चुकी है, लेकिन अभी तक स्टैंड नहीं हटाया गया। राकेश गंगवार के नेतृत्व में किसानों ने गन्ना मूल्य भुगतान दिलाए जाने की मांग की। किसानों ने बताया कि केसर चीनी मिल पर किसानों का 166 करोड़ रुपये बकाया है, चीनी मिल भुगतान अदा नहीं कर रही है, जबकि नया पेराई सत्र शुरू होने वाला है। सभासद जलीस आजाद ने नैनीताल रोड पर केसर चीनी मिल द्वारा बनाया गया 280 दुकानों का शॉपिंग कंपलेक्स अवैध होने के बावजूद अभी तक नगर पालिका द्वारा कार्रवाई न किए जाने की बात रखी। चंद्रप्रकाश खंडूजा ने नैनीताल रोड पर उनके पैतृक जमीन में विवाद होने के बावजूद एक दबंग द्वारा जबरन मार्केट बनाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि यह जमीन नगर पालि. का क्षेत्र में दर्ज है, लेकिन इसके बावजूद जिला पंचायत से फर्जीवाड़ा कर नक्शा पास कर लिया गया है, जो कि अवैध है। एडीएम प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से इस तरह के निर्माण पर रोक लगाते हुए कार्रवाई के आदेश दिए।

## सरापा करामत हैं हुजूर गौस ए आजमः हाफिज इरशाद नूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** हर साल की तरह इस साल भी आज कस्बा सेंथल में हुजूर गौस ए आजम की यौम ए विलादत ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर कस्बे में जगह-जगह नियाज नजर का लंगर जारी रहा। कस्बे में कई जगह ग्यारवीं का मिलाद भी मनाया गया। इस मौके पर हाफिज इरशाद नूरी ने अपनी तकघ्रीर के जरिए गौस ए पाक की शान बयान करते हुए कहा कि हुजूर गौस ए आजम तमाम वलियों के सरदार हैं।

नूरी साहब ने बताया कि अल्लाह ताला ने हुजूर गौस ए आजम को इमामुल अंबियां के नक्शे कदम पर पैदा फरमाया। जिस तरह नबियों में सरापा मोजिजा हैं इमामुल अंबिया उसी तरह वलियों में गौस ए आजम भी सरापा करामत हैं। यूं तो गौस ए आजम की बेशुमार करामाते बयान की जाती हैं, उनमें सबसे बड़ी करामात ये है कि आपने माँ के पेट से लेकर अपनी चालीस साला जिंदगी पढ़ने और पढ़ाने में गुजार दी, और आपकी जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा लोगों की मदद करने में गुजरा। भूखों को खाना खिलाना पियासों को पानी पिलाना और भी तमाम तरह की मदद करना हुजूर गौस ए आजम की प्राथमिकता थी। आप निष्पक्ष मदद किया करते थे, चाहें उनमें आपका दुश्मन ही क्यों न हो, यही इस्लाम की तालीमात है। गौस ए पाक के मानने वालों को चाहिए कि इस्लामी तालीमात पर अमल करते हुए गौस पाक के नक्शे कदम पर चलने की आदत बनायें। इस मौके पर इमाम बाड़ा ए सलमानी पर अंजुमन आशिकाने रसूल के कार्यकर्ताओं ने भारी लंगर जारी किया और राह चल रहे लोगों को रोक-रोक कर खाना खिलाया, लंगर दोपहर से शाम तक चला।

## ग्यारहवीं शरीफ पर जगह-जगह लगे लंगर

शाह टाइम्स संवाददाता



**नवाबगंज।** नगर की मुस्लिम बस्ती में शनिवार से पीरो के पीर सैय्यदना शेख अब्दुल कादिर जीलानी पीराने पीर रोशन जमीर दस्तगीर गौसुल आजम के नाम से मंसूब ग्यारहवीं शरीफ पर आज कई जगह लंगर लगाए गए, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

शनिवार को नगर के साबरी शादी हाल में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर आदिल हुसैन उर्फ बफाती के पुत्र हाफिज मो. उबैर उर्फ सोनू द्वारा ग्यारहवीं शरीफ पर बड़े पैमाने पर लंगर का आयोजन किया गया।

12 बजे से 4 बजे तक चले इस लंगर में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर हाजी परवेज गुड्डू, तसव्वर हुसैन अंसारी, पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख यासीन अंसारी, पूर्व सभासद मो. हसन अंसारी, पेशे इमाम हाफिज नफीस अहमद, पेशे इमाम मौलाना शमशाद हुसैन, डॉक्टर जुबैर अंसारी, रफीक सिद्दीकी, अमजद इदरीसी, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सचिव जफरुद्दीन मंसूरी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर में शिरकत की। इसके साथ ही कस्बे की विजौरिया रोड स्थित फीरोज खां लाइट वालों के आवास पर भी लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर अधिकतर लोगों के घरों पर रोशनी के साथ ही न्याज नजर कर गौस ए पाक को इसाले सबाब किया गया।

इस अवसर पर उलेमाओं ने हजरत गौसे पाक से मोहब्बत करने और उनके बताए रास्तों पर चलने का आवाहन किया।

## हर्षोल्लास के साथ निकाली गई शोभायात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** विजयदशमी के बाद नगर में हर्षोल्लास के साथ राजगद्दी की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प बरसाकर जोरदार स्वागत किया गया। शोभा यात्रा को देखने के लिये मेन नैनीताल रोड सहित जगह-जगह लोगों की भीड़ जमा हो गई। शोभा यात्रा में भगवान राम और सीता के स्वरुप रथ पर सवार होकर चल रहे थे।

शनिवार की शाम मेला श्री रामलीला कमेटी की ओर से नगर में राजगद्दी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में एक रथ पर भगवान राम सीता, लक्ष्मण, हनुमान के स्वरुरूप सवार थे। साथ ही भगवान गणेश की प्रतिमा, रथों पर सवार गुरु विश्वामित्र व गुरु वशिष्ठ, श्रीराम के अनुजों के स्वरूप चल रहे थे। झूला झूलते राधा कृष्ण की झांकी, शनिदेव की झांकी चल रही थी। कलाकार बैंड बाजे की धुन पर धार्मिक धुनें बजाते चल रहे थे। शोभा यात्रा तहसील परिसर स्थित जनकपुरी पहुंची, जहाँ तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण तथा पवनसुत हनुमान के स्वरूपों का तिलक कर उनकी आरती उतारी। यहां से शोभा यात्रा पंजाबी कालोनी से होकर मोहल्ला शेखूपुर, होली चौराहा के रास्ते वापस मेला परिसर पहुंचकर समाप्त हो गई। शोभा यात्रा में मेला कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल साथ चल रहा था।

## फरियादियों की उमडी भीड़ निस्तारित मात्र 5 शिकायतें

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुर की अध्यक्षा मे किया गया। अपर दिवस के समक्ष फरियादियों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान कुल 42 शिकायत दर्ज की गई जिनमें से मात्र 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा सका।

तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उनके समक्ष फरियादियों की भीड़ रही । तहसील समाधान दिवस में कुल 42 शिकायतों को दर्ज की गई जिन में से 5 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। अपर जिलाधिकारी ने शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर उनका शीघ्रता से निस्तारण किए जाने के निर्देश देते हुआ कहा कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी दशा में सहन नहीं की जाएगी।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# अस्थायी अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत प्रशासन हुआ गंभीर, दुकानदारों मे मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** अस्थाई अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत प्रशासन गंभीर हो गया है।

नगर पंचायत प्रशासन की टीम ने नगर मे अस्थाई अतिक्रमण को हटवाकर पटरी को साफ कराया नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने नगर पंचायत कर्मियों को साथ लेकर नगर के काशीपुर मार्ग मैन चौराहा मैन मार्केट सब्जी मंडी मे अस्थाई अतिक्रमण हटाए। वहीं मोहल्ला भूवरा के बार्ड 11 मे कुछ लोगो ने तालाब की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा जमा लिया था तालाब की जमीन पर हुए अतिक्रमण को




ध्वस्त कर जेसीबी द्वारा साफ कर चेतावनी दी कि अगर अगली बार किसी भी व्यक्ती द्वारा तालाब की भूमी पर कब्जा करने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल मे लाई जायेगी।

इसके अलावा दुकानदारों को भी चेतावनी दी कि अगर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया तब उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। नगर पंचायत की इस कार्रवाई से नगर के दुकानदारों मे हड़कंप मचा रहा। इस दौरान नगर पंचायत के इओ सचिन कुमार, नरेश कुमार, सोमपाल बाल्मीकि, मुकेश बाल्मीकि नवल किशोर, राहुल कुमार, दिनेश बाल्मीकि, सचिन कुमार, सहित नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।



# सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मे दूसरे दिन हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** खेल कूद प्रती योगिता के दूसरे दिन सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मे बालक वर्ग के विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं मे स्वार जोन के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों ने प्रती भाग किया। जिनमें सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी, राजकीय इंटर राजकीय इंटर कॉलेज स्वार, राजकीय उ.मा.वि.रजानगर, चौधुरी जमना दास इंटर कॉलेज माटखेड़ा, उ.मा.वि. खेमपुर, आदि विधालय प्रमुख रूप से रहे 100 मीटर दौड़ सव जूनियर वर्ग मे कार्तिक प्रथम बंश दूसरे तथा शाहनूर तीसरे स्थान पर रहे दो सो मीटर मे जूनियर वर्ग के इकराम अली प्रथम मलिक फिरोज दूसरे स्थान पर रहे। आठ सौ मीटर सीनियर वर्ग दौड़ मे सर्वहितकारी इंटर कॉलेज



मसवासी के शिवम कुमार प्रथम स्थान पर रहे। तीन हजार मीटर दौड़ मे जूनियर वर्ग मे सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी के संदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन सत्र मे विधालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय प्रकाश ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलो मे प्रती भाग करना महत्वपूर्ण है जिससे छात्रों मे आपसी सहयोग की भावना नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रीय प्रेम की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर रजा नगर विधालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, खेमपुर विधालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर वेदपाल सिंह, उपस्थित रहे विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों का भी सहयोग रहा इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिशू पाल सिंह, देवेंद्र वर्मा, सूरज सिंह तुफैल अहमद, दिनेश सिंह, विपिन चौहान, धर्मपाल सिंह गणेश दत्त जोशी कुमार संभव करूणा चौहान, गुरपिन्दर कौर, निर्मल कौर, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को पुलिस ने गाजियाबाद बॉर्डर पर रोका

**■ सांसद ने बोले यूपी में अघोषित इमरजेंसी दिख रही है**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के 14 सदस्य डेलिगेशन के साथ बरेली जा रहे थे। बरेली जाते समय गाजियाबाद बॉर्डर पर सांसद इकरा हसन सांसद हरेंद्र मलिक के साथ पुलिस ने गाजियाबाद बॉर्डर पर रोक दिया।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने बताया कि बरेली में दिनांक 26 सितंबर 2025 को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोग समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे थे। तभी पुलिस ने निर्दोष लोगों के ऊपर बहरमी से लाठी चार्ज किया पुलिस द्वारा बर्बरता से किए गए लाठी




चार्ज में बहुत से लोग गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने 81 लोगों को जेल भेज दिया। चार बारात घरों को सीज कर दिया कई मकानों और दुकानों को बुलडोजर से ढहा दिया गया पुलिस द्वारा तीन लोगों का हाफ एनकाउंटर किया गया।

सांसद नदवी ने आगे कहा कि बरेली जिला प्रशासन ने जिस तरह कानून की धज्जियां उड़कर जिस तरह संविधान को कुचलकर बरेली शहर के लोगों के अधिकारों का हनन किया है लोगों की आवाज को दबाया और कुचला गया है।

जिस तरह लोगों के घर को तोड़ा गया यह सरासर संविधान के खिलाफ है मा. सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्यवाही को लेकर कई बार उत्तर प्रदेश सरकार की निंदा की है। अगर कोई भी व्यक्ति गलत काम करता है हमारा देश संविधान से चलता है और अदालतें खुली हुई है और अदालतों में मुकदमे चलते हैं और अदालतों लोगों को सजा और न्याय देती हैं परंतु उत्तर प्रदेश सरकार लोगों के अधिकारों को कुचल रही है। उत्तर प्रदेश सरकार अपना दायित्व भूल रही है सरकार का काम कानून व्यवस्था बनाना है लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार कानून की धज्जियां उड़ा रही है यह जानकारी मीडिया प्रभारी महबूब पाशा एडवोकेट ने दी।

# डीएम और एसपी की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान कुल 25 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। अधिकतर शिकायतें नगर पालिका, राजस्व, विद्युत एवं खंड विकास विभाग से संबंधित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थी को राशन कार्ड भी वितरित किए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से पहुँचाया



जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता से सुना तथा संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 23 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील टाण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 14 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# कंपोजिट विद्यालय सोहना की शिक्षिका ऋचा शर्मा ने शिक्षा को दिया नया आयाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कहते हैं, एक समर्पित शिक्षक पूरे समाज की दिशा बदल सकता है। कंपोजिट विद्यालय सोहना में नियुक्त शिक्षिका ऋचा शर्मा इसका जीवंत उदाहरण हैं। 29 सितम्बर 2018 को जब उन्होंने इस विद्यालय में कार्यभार संभाला, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कुछ ही वर्षों में यह विद्यालय आसपास के क्षेत्र में एक मिसाल बन जाएगा। ऋचा शर्मा की मेहनत और नवाचार का परिणाम है कि यहाँ के विद्यार्थी लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैंख्रचाहे वह राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति हो या आश्रम पद्धति विद्यालय प्रवेश परीक्षा। विद्यालय के बच्चों ने नेशनल अचीवमेंट टेस्ट, स्पेलख्रबी प्रतियोगिता, श्रुतलेख प्रतियोगिता जैसी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन



किया और डायट रामपुर द्वारा विद्यालय को सम्मानित भी किया गया। केवल पढ़ाई ही नहीं, खेलों और योग के क्षेत्र में भी विद्यालय का परचम लहराया। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्रों ने प्रतिभाग किया और लगातार तीन वर्षों तक योग प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर हुआ।

शाहाबाद ब्लॉक की प्रथम स्मार्ट क्लास की शुरुआत इसी विद्यालय से हुई। आज यहां की हर कक्षा स्मार्ट क्लास के रूप में संचालित है। सामुदायिक सहयोग से दो-दो बैटरी वाले इनवर्टर मिले और प्रधान द्वारा विद्यालय को स्मार्ट टीवी भी भेंट की गई। 2018 में मॉडल स्कूल का दर्जा मिलने के बाद से हर वर्ष भव्य वार्षिकोत्सव आयोजित होता है। बच्चों की चहुंमुखी प्रतिभा और व्यावसायिक कौशल विकास के लिए हर साल बाल मेले का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय और राजकीय पर्वों पर विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां पूरे गाँवख्रक्षेत्र में चर्चा का विषय बनती हैं। 2019 से अब तक विद्यालय में नामांकन लगातार बढ़ा है और आज यहाँ 300 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और वातावरण ने समाज का विश्वास जीत लिया है।

# मनकरा में हजरत महरूम शाह मियां के उर्स में जुटे अकीदतमंद

**■ ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां ने की चादरपोशी, जलसे के अलावा कव्वाली की महफिल भी सजी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हजरत दादा महरूम शाह मियां साहब रहमतुल्लाहअलैह के उर्स शरीफ में अकीदतमंदों ने चादरपोशी की। तकरीर और कव्वाली में लोगों ने शिरकत की और लंगर तकसीम किया गया।

चमरौआ ब्लॉक के ग्राम मनकरा में हजरत महरूम शाह मियां का मजार शरीफ है। हर साल की तरह इस बार भी उर्स की तकरीबात अकीदत और अहतेराम के साथ मुनअकिद की गई। ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां का मजार पर पहुंचने पर उर्स इंतेजामिया कमेटी द्वारा दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया गया। इसके बाद काशिफ खां ने ग्रामीणों के साथ मजार पर चादरपोशी की। मजार शरीफ पर मुनअकिद जलसे को उलेमा ने खिताब किया। मुकररिरों ने हजरत महरूम शाह मियां साहब रहमतुल्लाहअलैह की जिंदगी पर रौशनी डाली। मशहूर



कव्वालों ने मजार पर कव्वाली के जरिये नजराना-ए-अकीदत पेश किया।

कुल शरीफ की महफिल में सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। महफिल-ए-कुल शरीफ के बाद लंगर तकसीम किया गया।

मनकरा की मस्जिद के इमाम मौलवी अब्दुल कदीर और मजार के खादिम हजरत आले हसन मियां ने दुआ कराई। इस मौके पर शहजान खां, सलीम अल्वी, मुनीर अहमद, ताहिर अली, शाकिर मलिक, गुलाम नबी, गुड्डू अल्वी, युसूफ, बाबू खां, डॉ अब्दुल वारिस, हाजी नबी हुसैन, मोहम्मद नाजिम, इस्तेकार अली, उस्मान अल्वी, आकिल मलिक, मेहंदी हसन, नूर हसन, सल्लन, खलील आदि मौजूद रहे।

## मिलक में ट्रेन से गिरकर शाहजहांपुर के युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** ट्रेन से गिरकर एक शाहजहांपुर के युवक की मौत हो गई पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नया गांव स्थित रेलवे ट्रैक पोल स.1346/32 पर 25 वर्षीय युवक का शव लावारिस हालत में पड़ा था। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना पर मिलक पुलिस पहुंची पुलिस द्वारा काफी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान अभिषेक (25 वर्ष) पुत्र दिलीप सिंह निवासी मोहल्ला हुसैनपुर थाना सदर जनपद शाहजहांपुर मृतक के परिजनों ने बताया कि हमारा पूरा परिवार पानीपत में रहकर कार्य करते हैं। अभिषेक की शादी हो चुकी है शादी को लगभग दो वर्ष हुए हैं अभिषेक शाहजहांपुर से पानीपत को आ रहा था पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर परिजन जिला अस्पताल रामपुर पीएम हाउस रोते बिलखते पहुंच गए मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# धूमधाम से निकली श्री बालाजी महाराज की विशाल शोभायात्रा

**■ देर रात्रि में रंगोली मंडप में सजा बालाजी का भव्य दरबार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** नगर में श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभा यात्रा निकली शोभायात्रा का पुष्पों से स्वागत किया गया। हाईवे स्थित नगर की मंडी समिति से श्री बालाजी दरबार समिति के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य समिति के तत्वाधान में श्री बालाजी महाराज की 39 वीं विशाल शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा मंडी समिति से चलकर हाईवे पर पशु चिकित्सालय मोड पर पहुंची जहां पर शोभा यात्रा के महंत अभिषेक मिश्रा




व डॉ राकेश राय हिंदू युवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा नारियल फोड़कर शोभा यात्रा का उद्घाटन किया गया। शोभा यात्रा के आगे दो घुड़सवार चल रहे जिनके पीछे श्री बालाजी महाराज की भव्य झांकियां साथ में चल रही थी उन्हें देखकर लोग प्रसन्न दिखाई दिए जिसके साथ ही शोभा यात्रा नगर के श्री गुरु अमरदास स्टेशन रोड नवदिया मोड़ से होते हुए रंगोली मंडप पर पहुंच कर संपन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन जगह-जगह मुस्तैद रहा नगर में सड़क के किनारे पर लोगों ने अपनी अपनी विभिन्न प्रकार की दुकान सजाई गई। नगर तथा क्षेत्र के लोगों ने शोभा यात्रा का आनंद उठाया



शोभायात्रा में इस मौके पर मुख्य रूप से कृषि राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सरदार बलदेव सिंह औलख, जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला अध्यक्ष भाजपा हरीश कुमार गंगवार, शहर विधायक रामपुर आकाश सक्सेना, पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, आदेश शंखधार, प्रताप सक्सेना,सहित श्री बालाजी समिति के सभी पदाधिकारी तथा श्रद्धालु उपस्थित रहे। संचालन अशोक बजरंगी ने किया शोभा यात्रा की समाप्ति के बाद नगर के रंगोली मंडप में बालाजी का भव्य दरवार सजा जिस पर भक्त जन झूम उठे।

## सैफनी नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन और ईओ ने सभासदों के साथ की बोर्ड बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर पंचायत घर में शनिवार को नगर अध्यक्ष फैजान खां व अधिशासी अधिकारी दुर्गेश त्रिपाठी ने सभासदों के साथ की बोर्ड बैठक। जिसमें 9 सभासदों ने अपनी मांगों को लेकर रखा प्रस्ताव जिसमें उन्होंने वर्तमान ठेकेदारी वर्क आउटसोर्सिंग व्यवस्था को तत्काल निरस्त किया जाए और सभी भुगतान केवल सभासदों की अनुमति और कार्यवाही रजिस्टर में दर्ज होने बाद ही किए जाए।

सभी कार्यों का प्रमाणित विवरण व ऑडिट रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

वहीं अधिशासी अधिकारी व नगर अध्यक्ष ने प्रस्ताव को स्वीकार कर जल्द से जल्द मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया।

# टाण्डा में दुकानदारों को चिन्हित अतिक्रमण को खुद हटाने की एसडीएम ने दी अंतिम चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** टांडा, मुरादाबाद, बाजपुर मुख्य मार्ग पर लगभग ढाई माह पूर्व पीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग और नगरपालिका प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सरकारी आराजी से अतिक्रमण हटाने के लिए सीमांकन के बाद ग्राम बादली से मोहनपुरा तक दुकानों और मकानों पर रेड मार्किंग की गई थी। इसके बाद संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद लोगों ने कुछ लोगों ने खुद अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया।

कुछ लोग हाईकोर्ट के चरण में चले गए,जहां से उन्हें आंशिक रिलीफ प्राप्त हुआ। संबंधित विभाग द्वारा उन



लोगों के अभिलेखों का अवलोकन कर याचिका का निस्तारण कर दिया गया।

इसके बाद प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण कर अतिक्रमण का जायजा लिया और जिन लोगों ने चिन्हित संपत्ति से अतिक्रमण नहीं हटाया था, उन्हें तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में एकाएक तेजी आ गई। इसके बावजूद नगर के कुछ लोगों द्वारा अपनी दुकानों से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसकी शिकायत प्रशासन को लगातार मिल रही थी।

शिकायत के आधार पर शनिवार को एसडीएम राजकुमार भास्कर ने संबंधित व्यक्तियों को तहसील सभागार में बुलाया और उन्हें तत्काल चिन्हित अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए अन्यथा सरकारी स्तर पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। एसडीएम ने उन लोगों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी, जिन्होंने चिन्हित संपत्ति को काम करके अतिक्रमण हटाया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 14 शिकायतें प्राप्त हुई, तीन का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमें तीन शिकायतो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश के साथ सम्बंधित अधिकारियों को रेफर कर दिया गया।

शनिवार को तहसील सभागार में उप जिला अधिकारी राजकुमार भास्कर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान दढ़ियाल निवासी अजमत ने शिकायत दर्ज कराई उपनगर में सरकारी चक मार्ग पर कुछ लोग अवैध कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं,जिससे रास्ता तंग हो जाएगा और आवागमन में दिक्कत होगी।एसडीएम ने पुलिस और राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि मौके पर पहुंचकर चक मार्ग से अवैध कब्जा हटवाया जाए।

यहीं के सख्तर अली ने शिकायत की कि दढ़ियाल में नो एंट्री के समय खनन के वाहन उनके घरों और दुकानों के आगे खड़े कर दिए जाते हैं।राजस्व विभाग और पुलिस कर्मी खनन के वाहनों के चालकों से अवैध वसूली करते हैं।इन वाहनों के इस तरह



खड़े होने से दुर्घटना का अंदेशा बन रहता है।इस प्रकार विभिन्न विभाग से संबंधित कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया,जबकि शेष शिकायतो को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को रेफर कर दिया गया। एसडीएम ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार के लापरवाही ना बरती जाए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर, तहसीलदार निश्चय कुमार, प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा,नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित, अमित कुमार,डॉक्टर सतवीर सिंह,एसडीओ शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

# भव्य रूप से आयोजित होगा तिगरी मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध तिगरी गंगा मेले में सभी व्यवस्थाएं समय पूर्व पूरी कराने के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा संबधी योजना हेतु डीएम निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शनिवार को तिगरी स्थित धर्मशाला में बैठक ली।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंगूरी देवी धर्मशाला में आयोजित बैठक में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि इस बार भी गंगा मेला दिव्य और भव्य होगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से व्यवस्थाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी जोर शोर से आवश्यक तैयारी में लग जाएं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मेले को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। प्रत्येक घाट और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। यातायात, पार्किंग मेले की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी व्यवस्था बेहतर रहेंगी ताकि मेला शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न हो। डीएम-एसपी ने संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला स्थल और घाटों पर जाकर भ्रमण किया और व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने गत वर्ष के मेले के लेआउट को देखा और वर्तमान परिस्थिति के हिसाब से लेआउट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में प्रकाश, शौचालय, पेयजल, चेंजिंग रूम, घाट, स्वच्छता, सड़क, बैरिकेडिंग, मचान, गहरे स्थानों पर बल्लियाँ, नाव और गोताखोरों की व्यवस्था पूर्ण होनी चाहिए। सड़कों को गुणवत्तापरक बनाने के साथ उनकी चौड़ाई भी पर्याप्त रखी जाए। डीएम व एसपी ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूरी हो जानी चाहियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, उप जिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजलि कटारिया, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, लोक निर्माण विभाग, बाढ़खंड सिंचाई, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित मेले से संबंधित समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। बता दें कि गंगा पिछले कई दिनों से तेजी से कटान कर रही है। इससे अधिकारियों के साथ ही ग्रामीण भी काफी चिंतित हैं। तिगरी के प्रसिद्ध पंडित गंगाशरण शर्मा व अन्य ग्रामीणों से भी डीएम, एसपी ने सुझाव लिए।

**■ डीएम व एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक**



■ गजरौला। तिगरी गंगा मेले का प्रस्तावित लेआउट देखतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार।

## पांच किलो गांजे के साथ दो महिलाएं पकड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारकर दो महिलाओं को पांच किलो 600 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस व आबकारी विभाग को सूचना मिले की नगर के मौहल्ला दानिश मंदान में अवैध गांजे की तस्कारी की जा रही है। जिस पर टीम ने यहां की नादरा पत्नी शमशाद हुसैन के घर छापेमारी की। इसी की निशानदेही पर शहनाज पत्नी दिलशाद को भी हिरासत में लिया गया। दोनों के कब्जे से पांच किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रूपये बताई जा रही है। दोनों महिलाओं को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## ट्रक-बाइक भिड़ंत में वृद्धा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में रहरा मार्ग पर गाँव हथियाखेड़ा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्धा की उपचार का दौरान मौत हो गई। वृद्धा के शव को बिना करवाई के परिजन घर ले गये।

घटना रहरा हसनपुर मार्ग की है। ट्रक और हसनपुर की दिशा में जा रही बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। बाइक पर रहरा थाना क्षेत्र के गाँव पतेई खादर निवासी समीर और उनकी दादी अजीजन सवार थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सीधे पास के तालाब में जा गिरे। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को तालाब से बाहर निकाला और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गये। जहां 65 वर्षीय अजीजन की मौत हो गई। परिजनों के अस्पताल पहुंचने के बाद समीर की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस पूरे हादसे का लाइव सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। परिजन बिना कानूनी कार्यवाही मृतक वृद्धा के शव को घर ले गये। वृद्धा की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मचा हुआ है।

## जमीन बेचने के नाम पर बीस लाख ठगे

### जालसाजों ने बैंक कर्मी को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जमीन बेचने के नाम पर अधिवक्ता के बेटे बैंक कर्मी से बीस लाख रूपये ठग लिये गये। कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

शहर के मोहल्ला कुरैशी में अधिवक्ता स्व.तारा चंद्र का परिवार रहता है। उनका बेटा चंद्रभान सिंह वर्तमान में पुष्कर नगर कॉलोनी में रहता है। एफआईआर के मुताबिक कुछ समय पहले चंद्रभान सिंह की मुलाकात मुरादाबाद जिले के मझौला थाना क्षेत्र के गांव उत्तमपुर बहलोलपुर निवासी चरन सिंह से हुई थी। उसी दौरान चरन सिंह ने अपनी गांव स्थित एक जमीन बेचने का जिक्र किया था। चंद्रभान सिंह और चरन सिंह के बीच जमीन का सौदा 30 लाख रुपये बीघा के हिसाब से तय हो गया था। बातचीत पक्की होने पर चंद्रभान सिंह ने 12 जुलाई 2023 को 15 लाख रुपये चरन सिंह को दे दिए। वहीं, पांच लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से खाते में ट्रांसफर किए। आरोप है कि 20 लाख रुपये लेने के बाद चरन सिंह ने जमीन का बनाना करने के सवाल पर आनाकानी शुरू कर दी। चंद्रभान सिंह ने जब ज्यादा दबाव बनाया तो 15 जुलाई 2026 को चरन सिंह अपने साथी मोहम्मद अकरम व शीशपाल सिंह को लेकर घर आया। आरोप है कि तीनों ने धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी। रुपये वापस लौटाने से इनकार कर दिया। शोर मचाने पर लोगों को जमा होते देख आरोपी भाग निकले। मामले में चंद्रभान सिंह ने पुलिस से शिकायत की लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने कोर्ट की शरण ली। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर चरन सिंह, शीशपाल सिंह व मोहम्मद अकरम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

**■ कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा**

## धोखाधड़ी से एक लाख का लोन निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** थाना सैदनगली के सब्दलपुर शर्की के निवासी कैलाश ने अपने नाम पर धोखाधड़ी से एक लाख रुपए का लोन निकालने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में थाने में तहरीर दी है। कैलाश का आरोप है कि 2022 में गाँव के ही दो युवक उसे प्रथमा ग्रामीण बैंक सैदनगली ले गये। उन्होंने कहा कि बैंक में एक जमानती की आवश्यकता है। कैलाश का कहना है कि इन लोगों ने बैंक के फील्ड मैनेजर की मिलीभगत से पहले ही उसके नाम पर लोन फाइल तैयार कर ली थी।

## किशोर ने पांच साल की बालिका से किया बलात्कार

### आरोपी को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किशोर ने टॉफी देने के बहाने खंडहर में ले जाकर मजदूरी की मासूम बेटी से बलात्कार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिसे बाल सुधार गृह भेजा गया है।

यह मामला देहात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाला व्यक्ति दिल्ली में मजदूरी करता है। गांव में पत्नी व चार बच्चे हैं। सबसे छोटी बेटी पांच साल की है। गांव के ही रहने वाले व्यक्ति का मकान पीड़ित परिवार के घर से लगभग सौ मीटर दूरी पर बन रहा है। व्यक्ति का 13 साल का बेटा जोकि कक्षा नौ का छात्र है, शुक्रवार दोपहर बाद वहां आया हुआ था। उसी दौरान मजदूरी की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। आरोपित ने मासूम को टाफी दिलाने का झांसा दिया तथा पास ही स्थित खंडहर में ले जाकर दुष्कर्म किया। उसी दौरान मजदूर की पत्नी ने देखा कि घर के बाहर खेल रही उसकी बेटी नजर नहीं आ रही। उसने तलाश शुरू की तो खंडहर के पास बेटी रोती हुई मिली। बेटी की हालत देख कर मां के होश उड़ गए। रक्तस्राव के कारण उससे चला भी नहीं जा रहा था। मां उसे उठा कर घर लाई तथा स्वजन को भी बुला लिया। पूछताछ के दौरान मासूम ने सारा घटनाक्रम बताया। वहीं आरोपित फरार हो गया था। मासूम का उपचार निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार रात ही प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि बाल अपचारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया था। बाद में न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया है।



■ गजरौला। ब्रेक फेल होने के बाद दोनों पुलों के बीच में लटकी रोडवेज बस।

## ब्रेक फेल होने से गंगा पुल पर लटकी बस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दिल्ली जा रही रामपुर डिपो की एक रोडवेज बस ब्रेक फेल होने से अचानक अनियंत्रित होकर दोनों पुलों के बीच के हिस्से में लटक गई। गनीमत रही कि बस गंगा पुल से नीचे नहीं गिरी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस व स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बस के चालक, परिचालक व यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला। कुछ यात्रियों को मामूली रूप से चोट आई।

शनिवार को यह दुर्घटना गंगा पुल पर हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में हुई। शनिवार की शाम करीब पांच बजे रामपुर डिपो की एक बस दिल्ली जा रही थी। उसमें 16 यात्री सवार थे। चालक उधमसिंह नगर के थाना काशीपुर क्षेत्र के गांव खड़कपुर निवासी अनूप सिंह है। जब बस गंगा पुल पर पहुंची तो अचानक एक वाहन को बचाने के प्रयास में बस के ब्रेक फेल हो गए। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर गंगा पुल पर रैलिंग से टकरा गई और दोनों साइडों के पुल के मध्य झूल गई, हालांकि गनीमत रही कि बस गंगा पुल में नीचे नहीं गिरी, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। घटना का पता चलते ही गढ़मुक्तेश्वर पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बस में सवार यात्रियों, चालक व परिचालक को सकुशल बाहर निकाला। वहीं इस हादसे के कारण जाम लग गया, राहत कार्य पूरा हो जाने के बाद पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से कराई। ब्रजघाट चौकी के प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि घटना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में हुई थी। वहीं घटना से जुड़े वीडियो फोटो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए, क्योंकि घटना बिल्कुल किसी फिल्म की कहानी से कम नहीं थी। फिल्मी अंदाज में बस दोनों पुलों के मध्य में झूल गई थी।

**■ पुलिस व लोगों ने यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला**

## एक नजर

### शिविर में बच्चों के दांतों की जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** हैप्पी हार्ट्स एन इंटरनेशनल प्री स्कूल में आरोग्यम स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने स्वास्थ्य व दांतों की जांच की। कैम्प में गांव रामहट, मानकजूड़ी, तेलीपुरा आदि के लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करायी। जबकि चिकित्सकों ने हैंडपुठ माउथ के प्रति जागरूक किया। डा. पदम टंडन, डज्ञ. परूचि टंडन ने बच्चें के दामों की जांच की तथा उन्हें इसकी जानकारी दी। चिकिन पाक्स के दौरान बच्चों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिये गये। इस दौरान डा. इंदू कौरा, अजय टंडन, अंजलि टंडन, साकेत कोरा, साक्षी खन्ना, डा. सनी ओलख, जूही राज आदि मौजूद रहे।

### किसान को सांप ने डसा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पुआल के नीचे बैठे सांप ने किसान के पैर में डस लिया। किसान को उपचार के लिए रहरा से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली में किसान राम रहीस पुत्र गजराज खेत में धान निकलवाने के बाद पुआल को एकत्र करवा रहा था। पुआल के नीचे जहरीला सांप आकर बैठ गया था। जैसे ही राम रहीस ने पुआल उठाई सांप ने उसके पैर में डस लिया। सांप के डसते ही राम रहीस को चक्कर आ गये तथा वह पीछे को गिर गया। खेत पर मौजूद परिजनों ने राम रहीस की हालत को देखा तो उन्होंने अन्य मजदूरों के साथ मिलकर आनन फानन में उन्हें रहरा के सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा राम रहीस का उपचार किया गया तो उनकी हालत में सुधार है।

### समाधान दिवस में 31 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने शिकायतों को सुनते हुए उनका जल्द निस्तारण करने के संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। शनिवार को तहसील भवन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सीडीओ के समक्ष 31 शिकायत दर्ज की गई। राजस्व विभाग से 11, पुलिस 8, पूर्ति 2, विकास 3, चकबंदी 2 व अन्य विभागों से पांच शिकायते दर्ज की गई। तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि लंबित शिकायतों का जल्द समाधान किया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतो का निस्तारण करने में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद है।

### 11 से 31 तक चलेगा दस्तक अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को नगर पालिका सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर संवेदीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य दिमागी बुखार समेत अन्य वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना रहा। बैठक में ब्लॉक मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर (यूनिसेफ) शीबा परवीन ने बताया कि 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर सभासद आलम शेख, नौशाद मंसूरी, दुलीचंद गिहार, अंशुल दिवाकर, बाबू, सफाई प्रभारी विशाल शर्मा, लिपिक रामेंद्र सिंह समेत नगर पालिका के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में निपटी मात्र तीन शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 14 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें राजस्व विभाग की सात, पुलिस विभाग की चार, विद्युत विभाग की एक तथा विकास विभाग की दो शिकायतें शामिल थीं। हालांकि मौके पर केवल तीन शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। समाधान दिवस में तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, ईओ अवधेश वर्मा, बीपीएम मनोज सैनी, अभिषेक वर्मा समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

### पति समेत सात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** दहेज के लिए प्रताड़ित कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। शिकायत पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मालीखेड़ा में किसान सुंदरलाल का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी शिवानी की शादी 11 नवंबर 2024 को दिल्ली के पालम गांव निवासी वरुण के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले शिवानी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उस पर मायके से पांच लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बनाते थे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल वालों को व्यवहार नहीं बदला। 14 सितंबर 2025 को ससुराल वालों ने मारपीट कर शिवानी को घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में पिता के साथ रहती है। पीड़िता ने अब आरोपियों के खिलाफ डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में शिवानी के पति वरुण कुमार, ससुर अर्जुन, सास अमला के अलावा प्रीति, संजीव, राजेश व रिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## कोतवाली गेट पर दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कोतवाली के गेट पर लात घूंसे चलने के के साथ मारपीट हो गई। जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गई।

कोतवाली गेट के ठीक सामने शनिवार को पुराने विवाद को लेकर गांव तसीहा एवं करनपुर माफी के दो पक्ष आपस में भिड़ गये। कुछ देर में दोनों पक्षों के बीच लात घूंसे चलने के साथ ही मारपीट होने लगी। हैरानी की बात यह है कि यह घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई है। जहाँ दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर जमकर हाथापाई की गई। कोतवाली के सामने अचानक हुई मारपीट को देखकर आसपास के दुकानदारों और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और बड़ी मुश्किल से दोनों पक्षों मे बीच-बचाव कराया। झगड़ा शांत होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया और उन्हें कोतवाली ले गई। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि विवाद पुराने झगड़े को लेकर हुआ था। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था का उल्लंघन करने के आरोप में दोनों पक्षों के लोगों का चालान किया गया है।




## धर्मांतरण कानून समय की जरूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री पंचदशनाम आह्वान अखाड़ा क्षेत्र काशी से जुड़े संत नरोत्तम गिरि जी महाराज ने धनौरा मार्ग पर स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि धर्मांतरण विरोधी कानून यथावत कायम रखे जाने की जरूरत है, क्योंकि इस कानून के द्वारा ही दबाब, छल व लालच में आकर धर्मांतरण कराने वाले लोगों पर कार्रवाई संभव हो पा रही है। सनातन धर्म को कमजोर करने की साजिश में जुटी विदेशी मिशनरी और देश के कई राजनैतिक दलों द्वारा ऐसे लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है, ये बात सही है कि हमारा संविधान हमें धार्मिक रूप से स्वतंत्रता का अधिकार देता है मगर यदि कोई दूसरे धर्म का व्यक्ति लव जिहाद के नाम पर, या अन्य छल, दबाब आदि के द्वारा सनातन धर्म की लड़कियों, महिलाओं, पुरूषों का मतांतरण कराता है तो यह एक कानूनन अपराध है। कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए धर्मांतरण संबधी कानून समय की जरूरत है, इसलिए हमें न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है कि यह कानून यथावत रहेगा। उन्होंने कहा कि इस कानून को यथावत रखे जाने की मांग को लेकर वे साधु संतो के साथ मिलकर आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने सनातन लोगों से कहा कि वे अपने बच्चों को हिन्दु वैदिक संस्कार देने की कोशिश करें, उन्हें पाश्चात्य संस्कृति से दूर रखें। इस मौके पर प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमन्त सारस्वत, जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, जिला मंत्री विपिन शर्मा, जिला संयोजक कुशल चौधरी, जिला बल उपासना प्रमुख अखिलेश भाटी, जिला सह सुरक्षा प्रमुख रणवीर सिंह जाटव, योगेश चौधरी, पियूष चौधरी आदि मौजूद रहे।

**■ श्री पंचदशनाम अखाड़ा से जुड़े साधु संतों ने की प्रेस वार्ता**



## नशे का शौक पूरा करने को लूटा था बैग

### पुलिस ने 48 घंटे में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बैग लूट की घटना का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले में शहर के रहने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने नशे का शौक पूरा करने के लिए इस घटना को अंजाम दिया था।

बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव मुराहट निवासी जयपाल सिंह बीती दो अक्तूबर को दशहरे के दिन किसी काम से शहर में आए थे। मुरादाबादी गेट चौकी क्षेत्र में कैलसा मार्ग पर बाइक पर सवार दो युवकों ने जानबूझकर सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। संभलने का मौका दिए बिना दोनों युवक जयपाल सिंह से बैग लूटकर फरार हो गए थे। बैग में कुछ नकदी के अलावा जरूरी कागजात व अन्य सामान था। पीड़ित जयपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस तभी से आरोपियों की सुरागकशी में जुटी हुई थी। इसी कड़ी में घटनास्थल के आस-पास घरों व दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को चिन्हित कर लिया था। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में शहर के मोहल्ला कुरैशी निवासी नदीम व मोहल्ला नौबत खाना निवासी आसिफ को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने घटना अंजाम देना स्वीकार कर लिया। जिनकी निशानदेही पर बैग व नकदी बरामद हो गई है। आरोपी नशे के आदि हैं, शौक पूरा करने के लिए इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था, रिमांड मंजूर होने पर जहां से जेल भेजा गया।

# 77 साल का हिसाब चुकता किया ढाई दिन में जीता अहमदाबाद टेस्ट

## ● जडेजा-सिराज का कहर, भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से पीटा

**अहमदाबाद, वार्ता।** रवींद्र जडेजा (नाबाद 104 रन/ चार विकेट) और मोहम्मद सिराज (तीन विकेट) के जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में वेस्टइंडीज को 146 रनों के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और140 रनों से जीत लिया। जडेजा को उनके आलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

वेस्टइंडीज का एक और आसान समर्पण, जो दोनों पारियों में सिर्फ़ 89.2 ओवर ही खेल पाया - यह दर्शाता है कि टेस्ट क्रिकेट में वे कितने कमज़ोर हैं। भारत ने दिन की शुरुआत 286 रनों की बढ़त के साथ पारी घोषित करके की, और मोहम्मद सिराज को शुरुआती बढ़त बनाने में ज्यादा समय नहीं लगा, जिसमें नीतीश रेड्डी का एक शानदार कैच शामिल था, जिससे तेज नारायण चंद्रपॉल आउट हो गए। इसके बाद, रवींद्र जडेजा ने मोर्चा संभाला और अनिश्चित बल्लेबाज़ी क्रम को अपने घेरे में ले लिया और मेहमान टीम का स्कोर 46/5 कर दिया। अथानाज़े और ग्रीव्स के बीच थोड़ी देर की साझेदारी हुई, लेकिन वाशिंगटन सुंदर ने सिराज के एक ही ओवर में दो विकेट चटकाने से पहले ही पारी को तोड़ दिया। जडेजा और कुलदीप यादव ने पुछल्ले बल्लेबाज़ों को आउट करके एक व्यापक जीत दर्ज की और भारत को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। वेस्ट इंडीज ने भारत में पिछले पांचों टेस्ट हारे हैं जिनमें से चार में उसे पारी की हार और एक में 10 विकेट से पराजय मिली है। इनमें से कोई भी टेस्ट तीन दिन से ज्यादा नहीं जा पाया है। भारत की विडीज के खिलाफ यह आठवीं पारी से जीत है। भारत ने कल के स्कोर पांच विकेट पर 448 के स्कोर पर आज पारी घोषित कर 286 की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज को आठवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (आठ) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसे बाद 11वें ओवर में जडेजा ने जॉन कैंपबेल (14) को अपना शिकार बना लिया। ब्रैंडन किग (पांच) और कप्तान शाई होप (एक) को भी जडेजा ने अपना शिकार बनाया। जमने का प्रयास कर रहे ऐलेक (38) को वॉशिगटन सुंदर ने अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। जस्टिन ग्रीव्स (25), जोमेल (शून्य) को सिराज ने आउट किया। 42वें ओवर में जडेजा ने जोहान लेन (14) को आउटकर विंडीज को नौवां झटका दिया। 46वें ओवर की पहली गेंद पर कुलदीप ने जेडन (22) को आउटकर 146 रन के स्कोर पर विंडीज की दूसरी पारी का अंत कर दिया।

# मैंने अपनी बैटिंग पर कड़ी मेहनत की: जडेजा




**● मैच में शतक बनाने और दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले रवींद्र जडेजा ने मैच के बाद कहा कि हां मैं अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत की वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी और 140 रन की शानदार जीत में अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने रवींद्र जडेजा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत की। मैच में शतक बनाने और दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले जडेजा ने मैच के बाद कहा कि हां, मैं अपनी बल्लेबाज़ी पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। हमें दो महीने का ब्रेक मिला था, कोई टेस्ट क्रिकेट या वनडे मैच नहीं था। मैं अपनी फ़िटिनेस पर काम कर रहा था और मैं बैंगलोर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गया, वहां अपने कौशल और फिटनेस पर काम किया। उन्होंने कहा कि 'कुछ साल पहले मैं आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करता था, लेकिन अब मुझे छठे नंबर पर जगह मिल गई है। मेरे पास खुद को तैयार करने का समय है और मैं अपनी पारी को गति दे सकता हूं। मुझे जल्दबाज़ी करने की जरूरत नहीं है, मुझे बेवजह जल्दबाज़ी करने की जरूरत नहीं है। मैं मैदान पर जा सकता हूं, अपना समय ले सकता हूं और अपनी पारी को गति दे सकता हूं। मुझे लाल मिट्टी की पिचों पर खेलना हमेशा पसंद है। यह मज़ेदार होता है क्योंकि एक स्पिनर के तौर पर आपको ज्यादा टर्न और बाउंस मिलता है। इसलिए, एक स्पिनर के तौर पर आप हमेशा यही चाहते हैं। जडेजा ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इसका आनंद ले रहा था और जैसे ही मुझे पता चला कि हम लाल मिट्टी पर खेल रहे हैं, मुझे लगा कि यह बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए ठीक रहेगा। अगर विकेट सपाट है, तो आप रन बना सकते हैं। अगर गेंद टर्न ले रही है, तो आप लाल मिट्टी पर गेंदबाजी का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'ज़ाहिर है मैं कोच, कप्तान, प्रबंधन और चयनकर्ताओं का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा क्योंकि एक उप-कप्तान होने के नाते आप हमेशा टीम के एक खास सदस्य के रूप में मौजूद रहते हैं और यह सम्मान मुझे हमेशा खुशी देता है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### चोटिल फ्लोरा डेवोनशायर महिला विश्व कप से बाहर

**गुवाहाटी, वार्ता।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर हाथ की चोट के कारण भारत और श्रीलंका में चल रहे महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हन्ना रोवे को टीम में शामिल किया गया है। डेवोनशायर को प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें ठीक होने में दो से तीन हफ्ते लगने की उम्मीद है। वाली रोवे इससे पहले दो एकदिवसीय विश्व कप खेल चुकी हैं और 60 एकदिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी फ्लोरा के लिए दुखी हैं।

# यह हमारे लिए एक परफेक्ट मैच था: गिल



**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने वेस्ट इंडीज से पहला टेस्ट शनिवार को पारी और 140 रन से जीतने के बाद इसे परफेक्ट जीत करार दिया। गिल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि लगातार छह टॉस हार चुका हूं लेकिन जब तक हम मैच जीत रहे हैं तब तक यह अधिक मायने नहीं रखता। यह हमारे लिए एक परफ़ेक्ट मुक़ाबला था, तीन शतकवीर थे और हमने फ़ील्ड में भी अच्छा प्रदर्शन किया और मैं प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। हमें (गिल और जायसवाल) अच्छा स्टार्ट मिला था लेकिन हम इसे भुना नहीं पाए। हमारे पास काफ़ी स्पिन विकल्प हैं और यह विकल्प न होने से बेहतर स्थिति है। मैंने काफ़ी कुछ सीखा है और बीते वर्षों में जिस तरह से हम कठिन परिस्थितियों से उबरे हैं वह सुखद था। वेस्टइंडीज के कप्तान रॉस्टन चेज ने हार के बाद कहा कि टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने के बाद 160 के स्कोर पर सिमट जाना निराशा. जनक था और फिर उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाज़ी की। हमारी ओर से यह एक ऐसा प्रदर्शन था

## गिल बने नए वनडे कप्तान, रोहित-कोहली टीम में



**मुंबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित शुभमन गिल की अगुवाई वाले वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं। श्रेयस अय्यर को भारतीय वनडे टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित और कोहली चैंपियंस ट्रॉफ़ी फ़ाइनल के बाद पहली बार भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आएंगे। हार्दिक पांड्या स्ट्रेन इंजरी के चलते वनडे और टी-20 टीम से बाहर हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह को वनडे टीम से आराम दिया गया है, हालांकि बुमराह टी-20 टीम में शामिल हैं। मोहम्मद सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। रवींद्र जडेजा वनडे टीम में शामिल नहीं हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि तीन अलग-अलग प्रारूपों में कप्तान होना रणनीतिक तौर पर व्यवहा. रिक नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप अभी दो वर्ष दूर है लेकिन इस बीच भारत कितने वनडे खेलेगा यह स्पष्ट नहीं है इसलिए नए कप्तान के पास पर्याप्त समय होना चाहिए। आगरकर ने कहा कि सिर्फ़ चयनकर्ताओं के लिए ही नहीं कोच के लिए तीन अलग-अलग लोगों के साथ काम करना आसान नहीं रहता। जडेजा के वनडे टीम में शामिल नहीं होने पर आगरकर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अधिक वनडे नहीं खेलने थे इसलिए वहां की परिस्थितियों के लिहाज से टीम में अधिक स्पिनरों की जरूरत नहीं थी। बुमराह और हार्दिक को लेकर आगरकर ने कहा कि उनके वर्कलोड को देखते हुए उन्हें वनडे टीम से आराम दिया गया है। हार्दिक इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फ़िट नहीं थे। एक हफ्ते में वह सीओई में जुड़ेंगे और रिकवरी शुरू करेंगे तब हमें उनको लेकर स्पष्टता मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया में भारत को तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी जो कि 19 अक्तूबर से शुरू होगा और 25 अक्तूबर को वनडे सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। वहीं पांच मैचों की टी-20 सीरीज का आग़ाज 29 अक्तूबर को होगा और आठ नवंबर को सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की वनडे टीम गिल (कप्तान), जायसवाल, रोहित, विराट, अय्यर (उपकप्तान), अक्षर, के एल राहुल, नीतीश वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप, हर्षित, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप, प्रसिद्ध, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)

भारत की टी-20 टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुम. राह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू आदि।

### वरिष्ठ फुटबॉल प्रशासक एन के भाटिया का निधन

**नई दिल्ली, वार्ता।** फुटबॉल दिल्ली (डीएसए) के पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व सचिव एन-के- भाटिया का निधन हो गया है। भाटिया के निधन से डीएसए ने अपने सबसे ईमानदार और जुझारू सेवक को खो दिया है। अर्थात उनके जाने से फुटबाल और मीडिया के बीच का पुल ढह गया है। दिल्ली में फुटबॉल के क्षेत्र में उनका योगदान सचमुच अतुलनीय था। 1970 के दशक से फुटबॉल में सक्रिय, भाटिया ने फुटबॉल एसोसिएशन के मानद सचिव व कोषाध्यक्ष सहित अनेक पदों पर कार्य किया और एआईएफएफ की स्थायी समितियों में विभिन्न पदों पर रहे। उनके नेतृत्व में, दिल्ली ने कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं की सफलता पूर्वक मेजबानी की। नरेन्द्र भाटिया, जिन्हें उनके दोस्त 'स्वीटी' नाम से बुलाते थे सचमुच बेहद स्वीट इंसान थे, जिन्हें गुस्सा कभी आता ही नहीं था।

# 'हैंडशेक विवाद' के बीच भारतीय महिला टीम की नजरें पाकिस्तान पर 12वीं जीत पर




**● कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी सीधे बात जोड़ते हुए कहा कि ड्रेसिंगरूम सिर्फ प्रदर्शन की बात करता है प्रोटोकॉल की नहीं**

**कोलंबो, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कभी भी सिर्फ़ एक मैच नहीं होता, और जब महिला विश्व कप कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच मुकाबला होगा, तो दांव रनों और विकेटों से कहीं आगे जाने का वादा करता है। रिकॉर्ड के लिए, भारतीय महिला टीम ने इस प्रतिद्वंद्विता पर एक सुगठित ऑर्केस्ट्रा की तरह कब्ज़ा जमाया है - ग्यारह मैच, ग्यारह जीत, और आखिरी मैच 2022 विश्व कप में 107 रनों से करारी हार।

दीप्ति शर्मा की ऑलराउंड कला और अमनजोत कौर के साहसिक अर्धशतक की बदौलत, अपने पहले मैच में मेजबान श्रीलंका को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 59 रनों से हराने के बाद, लय फिर से उनके साथ है। फिर भी, भारत- पाकिस्तान के मामले में हमेशा की तरह, इसका निहितार्थ क्रिकेट जितना ही दिलचस्प है। पुरुष टीम को परेशान करने वाला हाथ मिलाने का विवाद अब महिला टीम पर भी हावी हो गया है। इस बारे में पूछे जाने पर, दीप्ति शर्मा ने एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज़ की तरह शांत भाव से इस सवाल का जवाब दिया कि जब मौका आएगा तब देखेंगे। कप्तान ने अपनी सीधी बात जोड़ते हुए कहा कि ड्रेसिग रूम सिर्फ़ प्रदर्शन की बात करता है, प्रोटोकॉल की नहीं। हालांकि, बीसीसीआई ने संकेत दिया है कि हाथ न मिलाने का यह रुख महिला खिलाड़ियों पर भी लागू हो सकता है। और इसलिए, गेंद फेंके जाने से पहले ही अटकलों का बाज़ार गर्म हो जाता है। मैदान पर, भारत एक पूरी टीम नजर आती है। इस साल 936 रन बनाकर अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना एक बार फिर आकर्षण का केंद्र होंगी। प्रवाह की तलाश में हरमनप्रीत कौर कोलंबो की रात को रोशन करने की क्षमता रखती हैं, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देओल मध्य क्रम को मजबूती प्रदान करती हैं। दीप्ति और स्नेह राणा की अगुवाई में गें. दबाज़ी, जिसमें युवा क्रांति गौड़ अपना जाल बुनने के लिए तैयार हैं, कप्तान कौर को मजबूती और कुशलता प्रदान करती है। दूसरी ओर, पाक बड़े मंच पर अप्रत्याशित मेहमान बना हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ 129 रनों पर सिमटने से उनकी पुरानी कमज़ोरियां उजागर हो गईं। सिदरा का शानदार प्रदर्शन (इस साल 518 रन) और मुनीबा की निरंत. रता ही उम्मीद जगाती है। अगर पा को भारत के दबदबे को चुनौती देनी है, तो सना, अपने आक्रामक ऑलराउंड खेल और बाएं हाथ की स्पिनर नशरा को क्षमता से कहीं ज्यादा प्रदर्शन करना होगा।

# मनीष-वैष्णवी ने एकल खिताब जीते

**● पुरुष एकल फाइनल में मनीष ने दबाव में अपनी निरंतरता का परिचय देते हुए मुकाबले में सुरेश को 6-4-, 6-2 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार और महाराष्ट्र की वैष्णवी अदकर ने शनिवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीत लिए। पुरुष एकल फाइनल में, मनीष सुरेशकुमार ने दबाव में अपनी निरंतरता और संयम का परिचय देते हुए दो घंटे तक चले मुकाबले में कीर्तिवासन सुरेश को 6-4, 6-2 से हराया।

दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक शुरुआत की और शुरुआती सर्विस ब्रेक के बाद स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मनीष ने कीर्तिवासन की सर्विस ब्रेक कर 2-1 की बढ़त बना ली और स्कोर 3-1 कर दिया। कीर्तिवासन ने जोरदार वापसी की और अपनी सर्विस ब्रेक करते हुए 4-3 से बढ़त बना ली। हालांकि, मनीष ने इसके बाद अपने खेल में सुधार किया और अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस फिर से ब्रेक कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी इसी लय को बरकरार रखते हुए, तमिलनाडु की खिलाड़ी ने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और दमदार रिटर्न के साथ लंबी रैलियां खेलते हुए अपनी लय बरकरार रखी।

उन्होंने 6-2 से सेट जीतकर मैच और पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, वैष्णवी ने महिला एकल फाइनल की शुरुआत शानदार अंदाज में की और आकांक्षा निट्योर की सर्विस जल्दी ही तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली। हालांकि आकांक्षा ने कुछ देर के लिए वापसी की, लेकिन वैष्णवी ने तुरंत नियंत्रण हासिल कर लिया और सटीक शॉट लगाकर पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी वैष्णवी ने अपनी लय बरकरार रखी। दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआत में अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन वैष्णवी ने आकांक्षा की सर्विस दो बार तोड़कर 5-1 से बढ़त बना ली। आकांक्षा ने एक ब्रेक वापस ले लिया, लेकिन वैष्णवी ने अपनी पकड़ बनाए रखी और आत्मविश्वास से सर्विस करते हुए 6-1, 6-2 के अंतिम स्कोर के साथ सेट और खिताब अपने नाम कर लिया। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा समर्थित और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित, फेनेस्टा ओपन भारत की सबसे बड़ी घरेलू टेनिस चैंपियनशिप बनी हुई है, जो देश की शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करती है। अंडर-18 वर्ग में, हर्षिनी एन ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले कड़े मुकाबले वाले बालिका एकल फाइनल में स्निग्धा कांता को 6-1, 2-6, 6-4 से हराया।

# कियारा ने चौथी बार लंबी कूद में जीता स्वर्ण, भारत की निमिशा को चौथा स्थान

**नई दिल्ली, वार्ता।** कियारा रोड्रिग्ज को शनिवार को यहां इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अच्छा प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत की निमिशा चौथे स्थान पर रहीं। आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी प्रतियोगिता में कियारा रोड्रिग्ज ने अपने पहले प्रयास में 6.29 मीटर और दूसरे प्रयास में कोई अंक नहीं हासिल करने के बाद चार छलांगें पार कर लीं। उन्होंने डेनमार्क की ब्योर्क नोएरेमार्क को अपने पांचवें प्रयास में 5.84 मीटर की छलांग लगाते हुए रजत पदक हासिल करते हुए देखा। उन्होंने भारत की निमिशा सुरेश चक्कुंगलप रम्बिल को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने तीसरे प्रयास में 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया था। डेनमार्क की खिलाड़ी की बारी थी हंगरी की पेट्रा लुटेरन को लंबी छलांग लगाते देखने की, जो 6.00 मीटर के निशान से सिर्फ़ 2 सेमी कम थी और दूसरे स्थान पर पहुंच गई। निमिषा को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के दो मौके मिले, लेकिन वह फ़ाउल और 5.45 मीटर के प्रयास में हार गईं। दुर्भाग्य से, भारतीय खिलाड़ी पोडियम से बाहर हो गईं क्योंकि वह अपने आखिरी दो प्रयासों में बेहतर छलांग नहीं लगा पाईं। निमिषा, (महिला डिस्कस थ्रो एफ64) और सात पुरुषों - दिलीप महादु (400 मीटर टी47), हैनी (डिस्कस थ्रो एफ37) आदि।

# विश्वास और जीत का 16 साल का सफर भारत में शुरू और भारत में ही हुआ समाप्त: मार्कस रेहम और स्टेफी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में जब मार्कस रेम ने 8-43 मीटर की लंबी छलांग लगाई, तो उन्होंने न सिर्फ अपना लगातार आठवां विश्व खिताब जीता, बल्कि पैरा खेल इतिहास की सबसे यादगार साझेदारियों में से एक का समापन भी किया। इस स्वर्ण पदक के पीछे एक गहरी और सशक्त कहानी थी एथलीट और कोच के बीच का 16 साल पुराना रिश्ता, जो भारत में शुरू हुआ और संयोग से भारत में ही समाप्त हुआ।

सोलह साल पहले, एक दुबला-पतला जर्मन लड़का और उनकी नई कोच पहली बार बैंगलोर के एक खचाखच भरे स्टेडियम में साथ उतरे थे। किशोरावस्था का वह खिलाड़ी अनुभवहीन था, लेकिन जुनून से भरा हुआ। 14 साल की उम्र में वेकबोर्डिंग दुर्घटना में अपना दायां पैर खोने के बाद वह खुद को फिर से खोज रहा था। दूसरी ओर, स्टेफी नेरियस पहले से ही विश्व चैम्पियन थीं। एक ऐसी भाला फेंक खिलाड़ी, जिसने दबाव का भार झेला था और जीत का स्वाद चखा था। रेस के बाद भावनाओं के ओतप्रोत रेम याद करते हैं कि वह प्रतियोगिता भारत में ही हमारी शुरुआत थी। वह हमारी पहली विदेशी प्रतियोगिता थी। मैं घबराया हुआ था, खुद को लेकर असमंजस में था। लेकिन स्टेफी ने मुझे विश्वास दिलाया। वहीं से यह शानदार सफर शुरू हुआ। और अब जब यह भारत में खत्म हो रहा है, तो लगता है मानो जीवन ने यह कहानी खुद लिखी हो। जैसे ही जर्मनी का राष्ट्रगान बजा और उनके गले में पदक डाला गया, रेम ने एक बार फिर अपने हेडबैंड को छुआ। यह छोटा सा इशारा था, लेकिन उनके लिए इसका गहरा अर्थ था। वह कहते हैं, ष्स्टेफी अब अपने वीकेंड और परिवार के साथ समय बिताने की हकदार हैं। मैं जो कुछ भी हूं, उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है। रेम के लिए खेल हमेशा पहचान का माध्यम थे। वह याद करते हैं, ष्मैं वही बच्चा था जो तेज दौड़ता था, दूर तक कूदता था, लेकिन हादसे के बाद, एक दिन में ही मैंने सब खो दिया। मानो अपनी पहचान खो दी हो। नेरियस समझती थीं। उनका नजरिया सिर्फ तकनीक या फिटनेस तक सीमित नहीं था। यह उस किशोर की आत्मा को फिर से जगाने के बारे में था, जिसे लगता था कि उसके सपने खत्म हो चुके हैं। प्रशिक्षण सत्रों में उतनी ही बातचीत होती जितनी ड्रिल्स। वह हमेशा उसे याद दिलातीं कि जिस इंसान को वह फिर से पाना चाहता है, वह कहीं गया नहीं है बस उसे दोबारा खो. जने की जरूरत है। नेरियस ने अपने शिष्य के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा कि मैंने रेम और इसने मुझे अलग पहचान दिलाई। मेरा काम सिर्फ इसे रास्ता दिखाना था और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा करने में सफल रही। उनकी उपलब्धियों का रिकॉर्ड केवल कहानी का एक हिस्सा है। जब रेम ने शुरुआत की थी, तो कृत्रिम पैर वाले खिलाड़ियों का लंबी कूद विश्व रिकॉर्ड 7 मीटर से भी कम था। नेरियस की कोचिग में उन्होंने हर दीवार तोड़ दी। पहले 7 मीटर, फिर 7.50, फिर 8 मीटर का जादुई आंकड़ा, और आखिरकार 2023 में 8.72 मीटर की चौंकाने वाली छलांग जो सक्षम खिलाड़ियों को भी चुनौती देती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया और सीरीज भी जीती

**यूजीलैंड, वार्ता।** शॉन ऐबट (तीन विकेट), जॉश हेजलवुड और जेवियर बार्टलेट (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श (नाबाद 103) के विस्फोटक प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 12 गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड (आठ) का विकेट गंवा दिया। उन्होंने जेकब डफी ने आउट किया। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे मिचेल मार्श को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया को कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। हालांकि इस दौरान मिचेल मार्श एक छोर थामे विस्फोटक बल्लेबाजी करते रहे। मैथ्यू शॉर्ट (सात), टिम डेविड (तीन), एलेक्स कैरी (एक) और मार्कस स्टॉयनिस (दो) को जिमी नीशम ने आउट किया। जेवियर बार्टलेट (एक) सातवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें जेकब डफी ने आउट किया। मिचेल मार्श (नाबाद 103) की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 18 ओवर में सात विकेट पर 160 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। मिचेल मार्श ने 56 गेंदे खेलते हुए अपनी पारी में आठ चौके और सात छक्के लगाये।

# ट्रम्प चौथी बार फंडिंग बिल पास कराने में फेल

## अमेरिका में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी, डेमोक्रेट्स समर्थन देने को राजी नहीं हो रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए। इस वजह से देश में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। वोटिंग के बाद विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसद हाल छोड़कर चले गए।

दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं। रपब्लिनक नेता जान थ्यून का आरोप है कि डेमोक्रेट्स ने कट्टर समर्थकों के दबाव में आकर सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन काम कर रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट नेता चक शूमर कह चुके हैं कि ट्रम्प अमेरिका के हेल्थ केयर प्रोग्राम को सिक्योर करने से इन्कार कर रहे हैं और शटडाउन के लिए जिम्मेदार हैं। सरकार का खुला रहना पूरी तरह डेमोक्रेट्स के हाथ में था। फंडिंग बिल पास होता तो शटडाउन टल सकता था।



■ अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था ■ एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा

वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है।

## ट्रम्प बांग्लादेश में एंट्री के लिए बेताब

■ अमेरिकी राष्ट्रपति का सेंट मार्टिन द्वीप पर रिसार्ट बनाने का प्लान विदेशियों के लिए स्पेशल जोन होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब बांग्लादेश में एंट्री की तैयारी में हैं। ट्रम्प ने बांग्लादेश के पूर्वी सेंट मार्टिन द्वीप में रिसार्ट (रिवेरा) निर्माण का प्लान बनाया है। यहां पर विदेशियों के लिए स्पेशल जोन बनेगा। सूत्रों के अनुसार हाल में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने न्यूयॉर्क में ट्रम्प के साथ मुलाकात की थी। इसमें सेंट मार्टिन द्वीप के बारे में चर्चा हुई थी। यूनुस ने ट्रम्प के एशिया क्षेत्र के विशेष सलाहकार सर्गियो गोर से भी मुलाकात की थी। इसमें भी सेंट मार्टिन के बारे में बातचीत हुई और इस द्वीप को अमेरिका को रिसार्ट के रूप में विकसित करने के पहलुओं को अंतिम रूप दिया गया। द्वीप को लीज पर देगी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार बताया जाता है कि सेंट मार्टिन द्वीप को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पहले लीज पर देगी। ये लीज 99 साल की होने वाली है। इस संबंध में बांग्लादेश और अमेरिकी सरकार के बीच घोषित और अघोषित करार हुए हैं।



उत्तर प्रदेश। वाराणसी में बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से गुजरते लोग।

## अमेरिका में भारतीय छात्र की हत्या, गैस स्टेशन पर अज्ञात हमलावर ने गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डलास में 27 साल के भारतीय छात्र चंद्रशेखर पोल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हैदराबाद के रहने वाले चंद्रशेखर शुक्रवार रात एक गैस स्टेशन पर काम कर रहे थे, तभी एक अज्ञात हमलावर ने उन पर गोली चला दी। चंद्रशेखर 2023 में हैदराबाद से पढ़ने के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने वहां डेंटल सर्जरी में बैचलर डिग्री पूरी की थी और छह महीने पहले मास्टर्स की पढ़ाई खत्म की थी। वे गैस स्टेशन पर पार्ट टाइम काम कर रहे थे। चंद्रशेखर के परिवार ने उनका शव भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। शनिवार को ठै विधायक सुदेश रेड्डी और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने हैदराबाद में उनके परिवार से मुलाकात की। राव ने ऑनलाइन पोस्ट में कहा: चंद्रशेखर के माता-पिता का दर्द देखकर मेरा दिल दहला गया। उन्होंने सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने फ्रेज़ियर को किया अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को माल्टा की वैनेसा फ्रेज़ियर को बच्चों और सशस्त्र संघर्ष के लिये अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया। संरा की ओर से विज्ञप्ति के मुताबिक फ्रेज़ियर ने अर्जेंटीना की वर्जीनिया गाम्बा की जगह लेंगी। गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित सेवा और प्रतिबद्धता के लिए गाम्बा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो की मौत

**नीस।** फ्रांस के नीस में मादक पदार्थ से जुड़े तस्करों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोग मारे गए हैं और पांच अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार रात नीस के लेस मौलिस नेबरहुड में हुई है। आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग ने एक्स पर एक बयान में कहा कि नीस के मौलिग जिले में शुक्रवार शाम गोलीबारी हुई। इसमें दो लोगों की मौत और पांच लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत नाजुक है। पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी मौके पर हैं और उन्होंने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया है।

### रूस: ज्वालामुखी में 9.2 किलोमीटर ऊंची राख के गुबार उठे

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर क्रोनोट्स्की ज्वालामुखी में शनिवार को समुद्र तल से 9.2 किलोमीटर की ऊंचाई तक राख के गुबार उठते हुए दिखाई दिए। कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि राख का उत्सर्जन स्थानीय समयानुसार सुबह 11:50 बजे हुआ, जिससे ज्वालामुखी के दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में लगभग 85 किलोमीटर तक राख का गुबार फैल गया।

### चीन में मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने टाइफून मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। चीन में तूफानों के वर्गीकरण के चार-स्तरीय सिस्टम में दूसरा सबसे बड़ा स्तर ऑरेंज अलर्ट है। यह इस साल चीन में आने वाला 21वां तूफान है और देश के दक्षिणी तट की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह पांच बजे 18 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 117.7 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया यह तूफान 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है।

## नेपाल के राजनीतिक उथल-पुथल से उत्तराखंड के एक अफसर की बेचैनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता की उथल-पुथल में भारत के कुछ आला अफसरान के पैसे डूबने की चर्चा काठमांडू में जोरो पर है।

■ भ्रष्टाचार के जरिये कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था ■ जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ

बताया जाता है कि भ्रष्टाचार के जरिए कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था। जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ है। इस तरह की चर्चा में कई अफसरों के नाम सामने आ रहे हैं जिसमें उत्तराखंड के एक बड़े अफसर और उनकी डाक्टर पत्नी का नाम भी चर्चा में है। इस अफसर पर खेती पानी महकमे में रहते गंभीर आरोप लग चुके हैं। इस तरह कई महकमों में उच्च पदों से होते हुए यह अफसर इन दिनों सेहत से जुड़े महकमे के आला अफसर हैं। इनकी पत्नी कहने को डाक्टर हैं लेकिन वे डाक्टरी छोड़ एनजीओ चलाती हैं। अफसर महोदय का हाल यह है कि वे जिस विभाग में रहते हैं वहां सरकारी धन के लूट खसोट का रास्ता तलाश ही लेते हैं। दरअसल यही उनके सरकारी धन की लूट का माध्यम है। इस अफसर की मदद तथाकथित मीडिया से जुड़े कुछ गोदी पत्रकार भी करते हैं। सेहत महकमे के यह उच्च पदाधिकारी अपनी पत्नी के एनजीओ के मार्फत अवैध धन का हेर फेर करते हैं। नेपाल के टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में भी इनके काले धन के निवेश की चर्चा है।

बताते हैं कि नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल से तमाम भारतीय निवेशकों के पैसे डूबने की आशंका है, ऐसे में वे काठमांडू में अपने संपर्कों के जरिए लगातार इस धन को बचाने व वापसी की जुगत लगा रहे हैं। उत्तराखंड की यह तो मोहतरमा भी खासा परेशान हैं। उत्तराखंड के इमानदार मुख्यमंत्री के रहते यह सब चल रहा है। सत्ता के इर्द-गिर्द रहकर ऐसे अफसर एक इमानदार छवि वाले मुख्यमंत्री को फजीहत उत्तराखंड से लेकर नेपाल तक करा रहे हैं।

## पीओके में झुकी पाकिस्तान सरकार

### प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी, समझौते पर किए हस्ताक्षर

**मुजफ्फराबाद।** पीओके में प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार को झुका दिया है। पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मान ली हैं और समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।



■ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे

इसके साथ ही पीओके में बीते कई दिनों से चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन बंद हो गए। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे, जिनमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और सैंकड़ों घायल हुए। शनिवार को पाकिस्तान की संघीय सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच विरोध प्रदर्शनों को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की कई मांगें मान ली हैं। पीओके में बिगड़ते हालात को देखते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को मुजफ्फराबाद भेजा। पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने लगातार दो दिनों तक गहन चर्चा की, जो बीती रात को समाप्त हुई। संसदीय कार्य मंत्री तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। उन्होंने लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएसी) के साथ अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। प्रदर्शनकारी अपने घरों को लौट गए हैं। सभी सड़कें फिर से खोल दी गई हैं। यह शांति की जीत है। विरोध प्रदर्शन समाप्त करने के लिए 25 बिंदुओं वाले एक समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें पाकिस्तान सरकार हिंसा में मारे गए लोगों के लिए मुआवजा देगी, हिंसा की घटनाओं के लिए आतंकवाद के मामले दर्ज किए जाएंगे, जिनमें प्रदर्शनकारी मारे गए। शरीफ सरकार ने पीओके के मुजफ्फराबाद और पुंछ संभागों के लिए दो अतिरिक्त इंटरमीडिएट और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्थापित करने पर भी सहमति व्यक्त की। स्थानीय सरकार मरीजों के मुफ्त इलाज के लिए 15 दिनों के भीतर स्वास्थ्य कार्ड के लिए धनराशि जारी करेगी और संघीय सरकार द्वारा पीओके के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध तरीके से एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।

## अमेरिका बलूचिस्तान के पसनी में पोर्ट बनाए: पाक

### पोर्ट से खनिजों तक पहुंच आसान होगी, प्रस्तावित पोर्ट चीन के ग्वादर पोर्ट से सिर्फ 112KM दूर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया है। पाकिस्तान चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं। प्रस्ताव में साफ कहा गया है कि यह बंदरगाह सिर्फ व्यापार और खनिजों के लिए है। अमेरिका को यहां सैन्य बेस बनाने की इजाजत नहीं होगी। पासनी, ग्वादर पोर्ट (चीन का बंदरगाह) से सिर्फ 112 किमी दूर है। यह बंदरगाह अमेरिका को पाकिस्तान के महत्वपूर्ण खनिजों जैसे तांबा और एंटीमनी तक आसान पहुंच देगा। इस प्रस्ताव के तहत एक नई रेल लाइन भी बनेगी जो इस बंदरगाह को पश्चिमी प्रांतों से जोड़ेगी। इसकी लागत करीब 1.2 अरब डालर (11 हजार करोड़ रुपये) हो सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग, व्हाइट हाउस या पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह प्रस्ताव पाकिस्तान के लिए आर्थिक फायदा ला सकता है, लेकिन रीजन में चीन, ईरान और अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ सकता है। यह प्रस्ताव सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, आसिम मुनीर और ट्रम्प की बैठक के बाद दिया गया है। व्हाइट हाउस में हुई इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प से पाकिस्तान के एग्रीकल्चर, तकनीक, माइनिंग और एनर्जी प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करने की अपील की थी। मुलाकात के दौरान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से पाकिस्तान के रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा एक ब्रीफकेस भी दिखाया था। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नामिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितम्बर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था।



## जापान में साने तकाइची पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी

### देश में रानी के शासन के खिलाफ, चीन विरोधी है तकाइची

**टोक्यो।** जापान को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को नया अध्यक्ष चुना है। जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है।

ऐसे में लगभग तय है कि वह अगली प्रधानमंत्री बनेंगी। ताकाइची पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। शिंजो जापान में सबसे लंबे समय तक पीएम रहे थे। उन्हें चीन विरोधी नेता माना जाता है। ताकाइची देश में पुरुष राजा के शासन की समर्थक हैं, साथ ही रानी के पद संभालने और शासन करने के खिलाफ हैं। इन्होंने 2004 में साथी सांसद ताकू यामामोटो से शादी की। जुलाई 2017 में राजनीतिक मतभेदों के चलते अलग हो गए। इसके बाद 2021 में फिर साथ आ गए। अध्यक्ष घोषित होने के बाद ताकाइची का तालियां बजाकर स्वागत किया गया। ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे को हराकर चुनाव जीता। कोइजुमी अभी देश के कृषि मंत्री हैं। ताकाइची को पीएम बनाने के लिए जल्द ही संसद में वोटिंग होगी। ताकाइची पीएम शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी। जुलाई में हुए ऊपरी सदन के चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी में इशिबा का विरोध बढ़ गया था। एलडीपी ने ताकाइची को ऐसे समय में चुना है जब देश में लोग महंगाई से नाराज हैं और विपक्षी पार्टियों का समर्थन करने लगे हैं। पार्टी को उम्मीद है कि वे जनता का समर्थन हासिल करेंगी और सत्ता में बनी रहेंगी। चुनाव के पहले फेज में किसी नेता को पूर्ण बहुमत नहीं मिला।



■ एक ही सांसद से दो बार शादी की

## ईरान ने दी छह कैदियों को फांसी

■ इजरायल के लिए हमले का आरोप

**तेहरान।** ईरान ने शनिवार को छह कैदियों को मौत की सजा दी। इन पर आरोप था कि उन्होंने देश के तेल-समृद्ध दक्षिण- पश्चिमी क्षेत्र में इजरायल के लिए हमले किए।

ये कैदी इस साल के बढ़ते हुए फांसी के मामलों में शामिल हैं, जिसे दशकों में सबसे अधिक माना जा रहा है। ये फांसी जून में 12 दिनों तक चले ईरान-इजरायल युद्ध के बाद दी गई हैं, जिसमें तेहरान ने अपने दुश्मनों को देश में और बाहर निशाना बनाने की चेतावनी दी थी। हालांकि, मानवाधिकार कार्यकर्ता चेतावनी देते हैं कि ईरान अक्सर अपने मृत्युदंड के मामलों में खासकर इजरायल से जुड़े मामलों में, जबरन लिए गए बयान और बंद कमरे में सुनवाई का सहारा लेता है। ईरान ने कहा कि इन लोगों ने पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बलों की हत्या की और ईरान के अशांत खुजस्तान प्रांत के खोर्रमशहर के आसपास के ठिकानों को निशाना बनाकर बम विस्फोटों की योजना बनाई। उनके नाम तुरंत पहचाने नहीं जा सके और ईरानी सरकारी टेलीविजन ने हमलों के बारे में बात करते हुए एक व्यक्ति का फुटेज प्रसारित किया, जिसमें कहा गया कि यह पहली बार है जब विवरण सार्वजनिक किए जा रहे हैं। खुजस्तान की अरब आबादी लंबे समय से ईरान की केंद्र सरकार द्वारा भेदभाव की शिकायत करती रही है, और विद्रोही समूहों ने निम्न-स्तरीय विद्रोह के तहत वहां तेल पाइपलाइनों पर हमले किए हैं।

## हमास गाजा पर कब्जा छोड़ेगा, बंधक रिहा होंगे

### ट्रम्प की धमकी के बाद सीजफायर पर राजी, कल विरोध के बाद आज पाक भी सपोर्ट में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया है। हमास ने ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फार्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है। साथ ही गाजा का प्रशासन छोड़ने को भी तैयार है।

हमास ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की इस हफ्ते पेश की गई 20 पाइंट की पीस डील के कुछ हिस्सों पर बातचीत जरूरी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया है। हमास के ऐलान के बाद ट्रम्प ने इजरायल को तुरंत गाजा में हमले बंद करने को कहा है। वहीं, इजरायल ने कहा कि वह ट्रम्प के गाजा प्लान पर काम करने के लिए तैयार है। दूसरी तरफ पाकिस्तान भी कल इस सीजफायर प्लान का विरोध करने के बाद आज इसके के सपोर्ट में आ गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान की तारीफ की है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह प्लान गाजा में चल रहे युद्ध को रोकने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शहबाज शरीफ ने लिखा: हम अब गाजा में युद्धविराम के बहुत करीब हैं। हमास के बयान ने शांति का एक रास्ता खोला है, जिसे हमें बंद नहीं होने देना चाहिए। पाकिस्तान फलस्तीन में शांति लाने के लिए काम करेगा। पाकिस्तानी पीएम का बयान इसलिए अहम है क्योंकि कल ही पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्रस्ताव का खारिज कर दिया था। डार ने संसद में कहा था ट्रम्प का प्लान, हमारे प्रस्ताव के जैसा नहीं हैं। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं, जो हमारे मसौदे में थे। मेरे पास इसका रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर रहा कि इजरायल ट्रम्प के प्लान के पहले चरण को लागू करने के लिए तैयार है।



■ हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया

## गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान

**रोम।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान किया है। मेलोनी ने ट्रंप की योजना पर हमास की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि गाजा संघर्ष के समाधान में प्राथमिकता संघर्षविराम और उसके बाद बंधकों की रिहाई होनी चाहिए। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं गाजा के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही हूं और पश्चिम एशिया में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों का फिर से समर्थन करती हूं। अब सभी की प्राथमिकता एक ऐसे संघर्षविराम पर पहुंचने की होनी चाहिए जिससे सभी बंधकों की रिहाई तत्काल संभव हो सके।



# रश्मिका और विजय की सगाई का दावा

## दोनों के परिवारों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई रस्म, फरवरी में हो सकती है शादी

**मुंबई।** एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है, ऐसा दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर न तो एक्ट्रेस और न ही एक्टर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है और न ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है। दावा किया गया है कि यह सगाई दोनों परिवारों और कलाकारों के केवल करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। विजय और रश्मिका लंबे समय से एक-दूसरे के करीब हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया और न ही सार्वजनिक रूप से इसके बारे में बात की। कपल के करीबी सूत्रों के अनुसार, वे अगले साल फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा हो सकती है। रश्मिका मंदाना ने 2016 में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, जो बाक्स आफिस पर हिट रही। इसके बाद उन्होंने अंजनी पुत्रा और चमक जैसी फिल्मों में भी काम किया। 2018 में उन्होंने तेलुगु फिल्म चालो से तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जो हिट रही। उसी साल आई गीता गो. विंदम ने उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने देवदास, यजमाना, डियर कामरेड, भीष्म, सरिले नीकेव्वरु, पुष्पा द राइज और पुष्पा 2 द रूल जैसी फिल्मों में भी एक्टिंग की।

वहीं, बॉलीवुड में रश्मिका मंदाना ने एनिमल और छावा जैसी फिल्मों में काम किया है और वह सलमान खान की सिकंदर में भी नजर आई हैं। रश्मिका की अपकमिंग फिल्मों में थामा और काकटेल 2 शामिल हैं। वहीं, विजय देवरकोंडा ने 2011 में रवि बाबू द्वारा निर्देशित रोमांटिक कामेडी फिल्म नुव्विला से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने लाइफ इज ब्यूटीफुल (2012) और एवड़े सुब्रमण्यम (2015) जैसी फिल्मों में छोटे रोल प्ले किए। लीड रोल के तौर पर उनकी पहली फिल्म श्पेली चूपुलुश 2016 में आई, जो हिट रही। इसके बाद उन्होंने 2017 में द्वारका और फिर अर्जुन रेड्डी में एक्टिंग की। जिससे उन्हें खास पहचान मिली।

# आलोचनाओं ने मुझे और ज्यादा प्रेरित किया: भूमि



**सिंगापुर।** भूमि पेडनेकर का कहना है कि आलोचनाओं ने उन्हें और ज्यादा प्रेरित किया है। मिल्केन इंस्टीट्यूट के 12वें एशिया समिट में दुनियाभर के बड़े लीडरों के बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी निजी कहानी, हिम्मत और जम्मिेदारी की बात से सबको प्रभावित किया। भूमि पेडनेकर ने बताया कि जब वह अभिनेत्री बनने का सपना देखती थी, तो उन्हें परदे पर अपनी तरह की महिलाएं नही दिखती थी। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से पता था कि मैं एक कलाकार बनना चाहती हूं, लेकिन बड़े होते हुए मुझे परदे पर अपने जैसी लड़कियां नही दिखी। जब भी मैंने लोगों को अपने सपने के बारे में बताया, तो वे मुझ पर हंसे। उन आलोचनाओं ने मुझे और जडादा प्रेरित किया और मैंने सोचा, मैं उन्हें दिखाउंगी। भूमि ने कहा कि उनकी पहली फिल्म दम लगा के हईशा ने उन्हें सिनेमा की असली ताकत दिखाई।

# युजवेंद्र चहल संग शादी पर धन्या का रिएक्शन

## बोलीं-शादी का कोई प्लान नहीं था, प्यार मिला तो कर ली थी



**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स-वाइफ और कोरियोग्राफर धन्या वर्मा इन दिनों रियलिटी शो राइज एंड फाल में नजर आ रही हैं। शो में वह अक्सर पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने चहल से अपनी शादी और तलाक को लेकर बात की।

इस दौरान वह इमोशनल भी हो गईं। दरअसल, शो का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धन्या वर्मा और अर्जुन बिजलानी आपस में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान अर्जुन धन्या से पूछते हैं क्या आपकी लव मैरिज थी? इस पर धन्या जवाब देती हैं, लव-अरेंज थी। शुरुआत अरेंज से हुई थी। वो बिना डेट किए शादी करना चाहते थे। मेरा कोई प्लान नहीं था शादी का। अर्जुन ने फिर पूछा, तो फिर आपने शादी क्यों की? धन्या ने जवाब देती हैं, मुझे प्यार दिया गया, जिससे मुझे लगा कि शादी कर लेती हूं। अगस्त में हमारा रोका हुआ था और दिसंबर में हमने शादी कर ली। इस दौरान मैं उनके साथ ट्रैवल भी करती थी। हम साथ रहते थे। तभी मैं थोड़े-थोड़े बदलाव देख रही थी। इस बातचीत के दौरान धन्या इमोशनल हो जाती हैं और उनकी आंखों से आंसू निकल आते हैं। अर्जुन बिजलानी उन्हें दिलासा देते हैं और उनके आंसू पोछते हैं। यह पहली बार नहीं था जब धन्या ने चहल के बारे में कुछ कहा हो। इससे पहले भी धन्या चहल पर गंभीर आरोप लगा चुकी हैं। उन्होंने दावा किया था कि शादी के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्होंने अपने एक्स पति को धोखा देते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया था। दरअसल, शो के एक सेगमेंट में वह डाइनिंग टेबल पर नाश्ते के दौरान एक्ट्रेस कुब्रा सैत से अपनी शादी को लेकर बात करती दिखीं। वीडियो में कुब्रा धन्या वर्मा से पूछती नजर आ रही हैं कि उन्हें पहली बार कब एहसास हुआ कि उनकी शादी युजवेंद्र चहल के साथ नहीं टिक पाएगी। इस पर धन्या ने जवाब दिया, पहले ही साल में शादी के दूसरे महीने में ही उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया था। वहीं, दोनों की बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बता दें कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धन्या वर्मा से शादी की दिसंबर 2020 में हुई। वहीं, जून 2022 में दोनों अलग हो गए।

# इंडियाज गाट टैलेंट में जज बनेंगे नवजोत सिंह सिद्धू

**मुंबई।** सोनी टीवी और सोनी लिव पर आज से इंडियाज गाट टैलेंट का नया सीजन शुरू हो रहा है। इस बार नवजोत सिंह सिद्धू, मलाइका अरोड़ा और शान जज की भूमिका में नजर आएंगे। संवाददाता से बातचीत में नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने जीवन, अनुभवों और इस शो में प्रतिभाओं को देखने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की। क्रिकेट में मेरा बल्ला बोला, कामेंट्री में मेरी आवाज ने लोगों तक पहुंच बनाई और राजनीति में मेरी वाणी ने असर डाला। लेकिन इंडियाज गाट टैलेंट के मंच पर दर्शक मुझे मेरे असली स्वरूप में देख पाएंगे। पहली बार ऐसा हुआ कि मैं मंच पर भावुक हो गया। यह मेरे लिए एक नया और बेहद गहरा अनुभव था। मंच हमेशा से मेरे लिए खास रहा है, लेकिन यह मंच मुझे सिर्फ दर्शकों से ही नहीं, बल्कि प्रतिभागियों की भावनाओं से भी जोड़ता है। यह आत्म-अनुशासन, त्वरित निर्णय और प्रेजेंस आफ माइंड का संगम है। आपके वन-लाइनर्स, शायरियां और संवाद इतने सहज और प्रभावशाली कैसे बनते हैं? यह भीतर की ऊर्जा और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। मैं मानता हूं कि मन में अपार शक्ति होती है। जरूरत सिर्फ उसे पहचान. ने और सही दिशा में मोड़ने की होती है। कई बार एक ही पंक्ति में विचार, भावना और संदेश तीनों समा जाते हैं। यही है कम शब्दों में गहरी बात कहने की कला। शो की थीम दुनिया का सबसे बड़ा रोग- क्या कहेंगे लोग? इस पर आपकी राय क्या है? सबसे बड़ा रोग है दूसरों की राय और डर के जाल में फंस जाना। लोग हमेशा सोचते रहते हैं कि क्या कहेंगे। यही रोग हमें अपने असली स्वभाव और प्रतिभा से दूर करता है। इस शो में यही दिखाया गया है कि डर और चिंता से मुक्त होकर ही कोई अपना असली रूप दिखा सकता है। अजब हैं, गजब हैं थीम के बारे में आपका क्या कहना है? यह शो की प्रतिभाएं जो सामान्य सोच से अलग हैं, उन्हें दर्शाने का तरीका है। इन प्रतिभाओं को देखकर यही लगता है कि दुनिया में अद्भुत शक्ति हर किसी के भीतर है, बस उसे पहचानने वाली नजर चाहिए। आपके जीवन और अनुभवों ने इस शो पर कैसे असर डाला? मैंने अपने खान-पान, अनुशासन और ध्यान से अपने मन को नियंत्रित किया। अब दर्शक मुझे मंच पर एक शांत, केंद्रित और प्रेरित स्वरूप में देखेंगे। स्वामी विवे. कानंद ने मुझे सिखाया कि असली शक्ति भीतर होती है। किताबों में नहीं, अनुभव में है। मन को समझना और उसे नियंत्रित करना ही असली कला है।

# निखिल ने खोला बंदर के टाइटल के पीछे का राज

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता निखिल द्विवेदी ने ने अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बंदर के अनोखे टाइटल के पीछे का राज बताया है। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर/मंकी इन ए केज का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा पैदा हो गई थी। ऐसे में निर्माता निखिल ने बताया है कि यह नाम फिल्म की तैयारी के दौरान अपने आप सामने आया था और वे इसे लगभग बदलने वाले थे। निखिल ने बताया कि मैंने बंदर नाम सजेस्ट किया था, और फिर खुद भी मैने इसके बारे में दो बार सोचा था। लेकिन तब तक अनुराग और बाकी सभी को यह नाम इतना पसंद आने लगा कि उन्होंने कहा, यही नाम रहेगा।

निखिल ने नायक की परेशानियों की बात करते हुए बताया है कि बंदर 'मनकी) का उदाहरण अपने आप सामने आया है। निखिल ने कहा, जब मैं किरदार का सघ्र देख रहा था, तो मैंने देखा कि उसको हर कोई मदारी की तरह इधर से उधर नचा रहा था। कई बार अनुराग ने अनजाने में कहा कि सिस्टम उसे एक बंदर की तरह नचा रहा है। और एक दिन उन्होंने यूं ही इसका घ्रिक किया, तो मैंने कहा, हम टाइटल बंदर क्यों नही रख देते?

# रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद वापस मिला पासपोर्ट

## एक्ट्रेस ने फोटो शेयर कर लिखा दूसरे चैप्टर के लिए तैयार हूं



**मुंबई।** एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद उनका पासपोर्ट वापस मिल गया है। यह पासपोर्ट उन्हें तब मिला जब हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया। यह मामला दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़ा था। जिनके साथ रिया रिलेशनशिप में थीं। रिया ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एयरपोर्ट पर अपना पासपोर्ट पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं।

उन्होंने लिखा, पिछले 5 सालों में धैर्य ही मेरा पासपोर्ट था। अनगिनत लड़ाइयां। अंतहीन उम्मीद। आज फिर मेरा पासपोर्ट मेरे हाथ में है। अब अपने चैप्टर 2 के लिए तैयार हूं। सत्यमेव जयते। सुशांत की मौत के बाद रिया को हिरासत में लिया गया था। सितम्बर 2020 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उन्हें ड्रग केस में गिरफ्तार किया। पासपोर्ट जमा करने के बाद उन्हें जमानत मिली थी।

30 सितम्बर को बॉम्बे हाईकोर्ट ने एनसीबी को एक्ट्रेस का पासपोर्ट लौटाने का निर्देश दिया था। वकील अयाज खान के जरिए दायर अपनी एप्लिकेशन में, रिया ने दलील दी थी कि पासपोर्ट जमा होने के कारण रिया को प्रोजेक्ट्स में देरी हुई और कई प्रोजेक्ट्स मिस हुए हैं। मामले में रिया के वकील ने कहा था कि एक्ट्रेस ने जमानत की सभी शर्तों का पालन किया और कभी भी कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन नहीं किया।

रिया की ओर से मामले में कहा गया था कि उनके प्रोफेशन के चलते शूटिंग, आडिशन और मीटिंग के लिए उन्हें अक्सर विदेश जाना पड़ता है। रिया ने सोनाली केबलश और जलेबी जैसी फिल्मों में काम किया है। वह टीवी शो एमटीवी रोडीज में भी नजर आई थीं। वहीं, एनसीबी ने एडवोकेट एस के हलवासिया के माध्यम से याचिका का विरोध किया था और तर्क दिया कि सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें विशेष सुविधा नहीं मिलनी चाहिए तथा चेतावनी दी थी कि उनके फरार होने का खतरा हो सकता है।

हालांकि, जस्टिस नीला गोखले ने कहा था कि मामले में अन्य आरोपियों को भी इसी तरह की छूट दी गई थी और उन्होंने कहा कि रिया चक्रवर्ती ने ट्रायल में सहयोग किया था। हर विदेश यात्रा के बाद वापस लौटीं और कभी भी जमानत की शर्तों का उल्लंघन नहीं किया। 7 अक्टूबर, 2020 को बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद रिया चक्रवर्ती को मुंबई की भायखला जेल से रिहा कर दिया गया था।

कोर्ट ने कहा था कि मुकदमे के समापन तक उनकी उपलब्धता पर संदेह करने का कोई कारण नहींह है। उनकी याचिका को स्वीकार करते हुए पीठ ने निर्देश दिया था कि रिया को सभी सुनवाई डेट पर उपस्थित रहना होगा, जब तक कि निचली अदालत द्वारा उन्हें छूट न दी जाए। साथ ही विदेश यात्रा से पहले उन्हें प्रासीक्यूशन एजेंसी को कम से कम चार दिन पहले अपनी पूरी ट्रैवल डिटेल, होटल और फ्लाइट डिटेल उपलब्ध करानी होगी। अपना संपर्क नंबर शेयर करना होगा, अपना फोन चालू रखना होगा और वापस लौटने पर अधिकारियों को सूचित करना होगा।

